@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शुक्रवार, 20 सितंबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 315 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## मेधावी छात्राओं को स्कूटर, अग्निवीरों को सरकारी नौकरी

नई दिल्ली, 19 सितंबर। हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की उम्मीद में भाजपा ने गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। इसमें महिलाओं के लिए 2,100 रुपये मासिक सहायता, दो लाख सरकारी नौकरियां, ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए स्कूटर और अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरी की गारंटी का वादा किया गया है। हरियाणा में 90 सीटों वाली विधानसभा के लिए 5 अक्तूबर को मतदान होगा और 8 अक्तूबर को वोटों की गिनती होगी। केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एमएल खट्टर, राव इंद्रजीत सिंह, कृष्ण पाल गुर्जर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडोली और पार्टी की चुनाव घोषणापत्र समिति के प्रमुख ओपी धनखड़ की मौजूदगी में संकल्प पत्र जारी किया। अल्पकालिक सैन्य भर्ती योजना अग्निपथ को लेकर विपक्ष की आलोचना का सामना कर रहे नड्डा ने कहा कि हरियाणा से आने वाले हर अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी दी जाएगी। घोषणापत्र के 20 मुख्य बिंदुओं में से, भाजपा ने लाडो लक्ष्मी योजना के तहत सभी महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह और अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाली छात्राओं को स्कूटर देने का वादा किया। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के दो लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। घोषणापत्र में कहा गया है कि वे सभी युवा जो कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट पास करते हैं, लेकिन एक साल के भीतर नौकरी नहीं पा पाते हैं, उन्हें अगले दो साल तक सक्षम युवा योजना के तहत 100 घंटे काम के बदले 9,000 रुपये प्रति माह मिलेंगे। राज्य सरकार के कार्यालयों में मासिक धर्म स्वास्थ्य नीति लागू की जाएगी, जिसके तहत महिला कर्मचारियों को महीने में अपनी पसंद के दिन छुट्टी दी जाएगी। भाजपा के घोषणापत्र में कहा गया है कि देश के किसी भी सरकारी मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में ओबीसी और एससी समुदायों से संबंधित हरियाणा के छात्रों को पूरी छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**सिम्मी कौर बब्बर**

कोलकाता, 19 सितंबर। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या के बाद शुरू हुई जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक आक्रोशित जूनियर डॉक्टर शनिवार से काम पर लौटेंगे। जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल खत्म करने की घोषणा के बाद से गतिरोध खत्म हो जाएगा। हालांकि, इसके बावजूद ह्क्ष सेवाएं बंद रहेंगी। डॉक्टरों ने कहा है कि आपातकालीन सेवाएं बहाल होंगी। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने जूनियर डॉक्टरों की 15 में से 10 मांगों को मान लिया है। बता दें कि है कि बुधवार को नबन्ना में मुख्य सचिव से चर्चा के बाद जूनियर डॉक्टरों ने पंद्रह मांगों के संबंध में उन्हें ई-मेल किया था। उस ईमेल का जवाब शनिवार शाम को आया। स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम ने ईमेल करके राज्य प्रशासन की तरफ से 10 मांगों को पूरा करने पर सहमति दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर से जूनियर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य भवन से सीजीओ कॉम्प्लेक्स तक मार्च करने की योजना बनाई है। इसके बाद जूनियर डॉक्टर धरना वापस ले सकते हैं और शनिवार को काम में वापस लौट सकते हैं। 9 अगस्त को जूनियर डॉक्टर के शव की बरामदगी के बाद से वे हड़ताल पर थे। पिछले 11 दिनों से वे सॉल्ट लेक में स्वास्थ्य भवन के सामने उनका धरने पर बैठे थे। फिलहाल, उन्होंने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है, लेकिन जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि वे आंदोलन जारी रखेंगे। डॉक्टरों ने कहा, शुक्रवार से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर भी




शुरू होगा। हालांकि डॉक्टरों ने कहा, धरना मंच उठने के बावजूद पूरे राज्य में आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, आंशिक जीत के लिए हम शनिवार से काम में शामिल हो रहे हैं। हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। आंशिक रूप से हड़ताल वापस लेकर हम अपनी अच्छी इच्छा दिखाना चाहते हैं। लेकिन यह लड़ाई जारी रहेगी। स्वास्थ्य सचिव के इस्तीफे पर मुख्यमंत्री ने समय मांगा है। हम निगरानी रख रहे हैं। कोलकाता के लालबाजार स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ 8-9 अगस्त की दरमियानी रात दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। मृतका मेडिकल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन विभाग की स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा और प्रशिक्षु डॉक्टर थीं। सुबह मेडिकल कॉलेज में चौथी मंजिल पर बने सेमिनार हॉल में डॉक्टर का अर्धनग्न अवस्था में शव मिला। शव के पास उसका मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया गया। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। मामले में पुलिस ने गिरफ्तार संजय रॉय पूछताछ शुरू की। इसमें सामने आया कि वह वारदात से पहले अपने स्वयंसेवक दोस्त के साथ रेड लाइट एरिया कालीघाट और सोवा बाजार गया था। इसके बाद दोनों आरजी कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती जो नागरिक स्वयंसेवक के परिचित एक मरीज को देखने गए। आरोपी ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज से निकलने के बाद वह फिर से रेड लाइट एरिया सोवा बाजार गया। इसके बाद उसने आरजी कर मेडिकल कॉलेज पहुंचकर जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की। देशभर में डॉक्टरों ने हड़ताल शुरू कर दी। स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित रहीं।

## जेपी नड्डा के जवाब से भड़की कांग्रेस

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी नेताओं और मंत्रियों के विवादास्पद बयानों के बाद शुरू हुआ सियासी बवाल बढ़ता जा रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे की चिठ्ठी पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया था। अब नड्डा के खत पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसा है। कांग्रेस महासचिव (कम्युनिकेशन इंचार्ज) जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि देश ने एक ऐसे प्रधानमंत्री (नेहरू) को भी देखा है, जिन्होंने 17 वर्षों तक उन्हें भेजे गए सभी आधिकारिक और व्यक्तिगत पत्रों का जवाब दिया। जयराम रमेश ने पीएम मोदी को निशाने पर लेते हुए कहा कि, जब पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री को कोविड-19 पर पत्र लिखते हैं, तब स्वास्थ्य मंत्री को उन्हें अपने नाम से भेजने के लिए एक अपमानजनक जवाब थमा दिया जाता है। अब कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने मोदी जी के सहयोगियों द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दी जा रही गंभीर धमकियों




को लेकर नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री को पत्र लिखा, तो भाजपा अध्यक्ष को निरर्थक जवाब भेजने का काम दे दिया गया। जयराम रमेश ने कहा कि देश ने एक ऐसे प्रधानमंत्री को भी देखा है, जिन्होंने 17 वर्षों तक उन्हें भेजे गए सभी आधिकारिक और व्यक्तिगत पत्रों का जवाब दिया, जैसा कि उनके चुनिंदा कार्यों के 100 से अधिक वॉल्यूम प्रमाणित करते हैं। रमेश ने तंज कसते हुए कहा, मुझे लगता है कि स्वघोषित परमात्मा के अवतार कुछ अलग ही होते हैं। आपको बता दें कि, बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरूवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राजनीति का असफल उत्पादबताया था। जेपी नड्डा ने लिखा था, मल्लिकार्जुन खरगे जी, आपने राजनीतिक मजबूरी वश जनता द्वारा बार-बार नकारे गए अपने फेल्ड प्रोडक्ट को एक बार फिर से पॉलिश कर बाजार में उतारने के प्रयास में जो पत्र देश के प्रधानमंत्री मोदी को लिखा है, उस पत्र को पढ़ कर मुझे लगा कि आपके द्वारा कही गई बातें यथार्थ और सत्य से कोसों दूर हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पत्र में आप राहुल गांधी सहित अपने नेताओं की करतूतों को या तो भूल गए हैं या उसे जानबूझ कर नजरअंदाज किया है, इसलिए मुझे लगा कि उन बातों को विस्तार से आपके संज्ञान में लाना जरूरी है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं के बयानों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने लिखा कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि अनुशासन और शिष्टाचार के माध्यम से ऐसे नेताओं पर लगाम लगाएं। ऐसे बयानों के लिए सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भारत की राजनीति को पतन की ओर जाने से रोका जा सके।

## दूसरे राज्यों के नेता यहां गिद्ध की तरह मंडराएंगे: हेमंत सोरेन

रांची, 19 सितंबर। झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। चुनाव से पहले भाजपा राज्य में शुक्रवार से परिवर्तन यात्राएं शुरू कर रही है। भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दूसरे राज्यों के नेता यहां गिद्ध की तरह मंडराते और सांप्रदायिक तनाव फैलाते नजर आएंगे। एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता ने कहा कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, और मध्य प्रदेश के नेता इस राज्य के प्रत्येक गांव में नजर आएंगे और वे धर्म और जाति के नाम पर सांप्रदायिक दंगा फैलाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, झारखंड में गिद्धों का झुंड आ रहा है, इससे सतर्क रहें। वे पूरे राज्य में घूमेंगे। आप गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के नेताओं को यहां देखेंगे, जो धर्म और जाति के नाम पर दंगा फैलाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव अमीर और गरीब के बीच की लड़ाई है। सीएम सोरेन ने कहा, एक तरफ पूंजीपतियों का एक समूह है और दूसरी तरफ आदिवासी, गरीब, दलित और पिछड़े लोग हैं। बता दें कि भाजपा ने झारखंड में परिवर्तन यात्रा लॉन्च की। इसका उद्देश्य झामुमो सरकार की विफलताओं को उजागर करना और राज्य की सत्ता से इनकी सरकार को बाहर करना है। ये यात्राएं 20 सितंबर से तीन अक्टूबर तक 24 जिलों के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में 5,400 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी।

# कांग्रेस हो या पाकिस्तान, दोनों के इरादे और एजेंडा एक: अमित शाह

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। भाजपा ने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद कांग्रेस-नेशनल कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय तक सभी ने कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को आड़े हाथ लिया। अमित शाह ने कहा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस-एनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया है। इस बयान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों, या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करना हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं और कांग्रेस का हाथ हमेशा देशविरोधी शक्तियों के साथ रहा है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल 370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद। वहीं, भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पाकिस्तान आतंकवाद



को पनाह देने वाला देश है। वह कश्मीर पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के रुख का समर्थन करता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल करने के लिए एक ही ओर हैं। ऐसा कैसे है कि पन्नू से लेकर पाकिस्तान तक, राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस हमेशा भारत के हितों के विरोधी लोगों के पक्ष में दिखाई देती है? पाकिस्तान के एक टीवी कार्यक्रम में वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ शामिल हुए। इस दौरान एंकर ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल किया और कहा कि जम्मू कश्मीर चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। जम्मू कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए जब लागू किया गया था तो उस वक्त केंद्र में कांग्रेस क पंडित नेहरू और जम्मू कश्मीर में शेख अब्दुल्ला सत्ता में थे। अब एक बार फिर दोनों साथ आए हैं और दोनों ने कश्मीर में आर्टिकल 370 और 35ए लागू करने का वादा किया है। इसे लेकर ख्वाजा आसिफ की प्रतिक्रिया मांगी गई। जिस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो बहुत अच्छा होगा और हम आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों के रुख के साथ हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल करने की उम्मीद जताई।

# हरियाणा विधानसभाओं में करेंगे प्रचार, रोड शो से ठोकेंगे ताल केजरीवाल

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार से हरियाणा के चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। इसकी शुरुआत यमुना नगर की जगधारी विधानसभा से होगी। पहले फेज में अगले कुछ दिनों तक 11 जिलों की 13 विधानसभाओं में केजरीवाल का चुनावी अभियान चलेगा। इसकी पूरी कार्ययोजना तैयार है। जगाधरी के बाद डबवाली, रानिया, भिवानी, मेहम, पूंडरी, कलायत, रेवाड़ी, दादरी, असंध, बल्लभगढ़ और बादरा में रोड शो व नुक्कड़ सभाओं के जरिए आप के हक में वोट मांगते नजर आएंगे। आप रणनीतिकारों का मानना है कि चुनाव प्रचार के दिन कम होने से फिलहाल रोड शो कारगर तरीका हो सकता है। इससे केजरीवाल ज्यादा से ज्यादा लोगों तक संपर्क कर सकेंगे। इस बीच छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं भी होंगी। इसमें आम लोगों सीधे तौर पर केजरीवाल से रूबरू हो सकेंगे। पार्टी मान रही है कि इसके सहारे लोगों को आप के हक में लाया जा सकता है। इसमें खासतौर से चर्चा पंजाब और दिल्ली में आप सरकार के कामों के साथ हरियाणा की



भाजपा सरकार की नाकामियों पर होगी। राज्यसभा सांसद व आप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक ने कहा कि भाजपा इस बार पूर्ण रूप से हरियाणा से साफ होने वाली है। पिछले 10 साल से भाजपा की सरकार हरियाणा में चल रही है। भाजपा को खुद ही अपने मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं था, इस वजह से उन्होंने मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर नायब सिंह सैनी को नया मुख्यमंत्री बनाया। पाठक ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के साथ भाजपा ने अन्याय किया, उनका अपमान किया है। पहले जनता ने 5 साल एक पार्टी को मौका दिया, फिर 10 साल दूसरी पार्टी मौका दिया और अभी 10 सालों से तीसरी पार्टी की सरकार है। सारी पार्टियों को हरियाणा की जनता ने मौका दिया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या इन सभी पार्टियों ने अपनी जिम्मेदारियों का सही तरह से निर्वहन किया। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा की जनता के सामने पहली बार केजरीवाल आप को लेकर उतरे हैं। हरियाणा ने पंजाब और दिल्ली सरकार के कामों को करीब से देखा है।

## अदालत ने प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

बंगलूरू, 19 सितंबर। कर्नाटक हाई कोर्ट ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस एम नागाप्रसन्ना की एकल-न्यायाधीश पीठ ने पहले मामले में रेवन्ना के आवेदन पर और शिकायतों से संबंधित दो अग्रिम जमानत पर दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान अदालत ने वकीलों से पीड़िताओं के नाम का जिक्र करने से मना किया। रेवन्ना की ओर से वरिष्ठ वकील प्रभुलिंग के नवदगी पेश हुए। वकील नवदगी ने कहा कि आरोप मुख्य रूप से रेवन्ना के पिता पर लगे हैं। इसके साथ उन्होंने यह भी बताया कि पीड़िता ने परिवार के लिए चार वर्षों तक काम किया। उन्होंने चार वर्षों तक मामला दर्ज दर्ज न करने पर चिंता जताई। वकील नवदगी ने कहा कि महिला ने दावा किया कि जब उसके पति ने उसे एक वीडियो के बारे में बताया, तब उसे आवाज उठाने की हिम्मत मिली। उसने पहले आईपीसी की धारा 376 के तहत दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया। उन्होंने आगे कहा, फॉरेंसिक रिपोर्ट ने भी वीडियो को रेवन्ना से नहीं जोड़ा। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि रेवन्ना के फोन पर कोई आपत्तिजनक वीडियो पाया गया था। अदालत ने फॉरेंसिक रिपोर्टों के निष्कर्षों पर सवाल उठाया। विशेष लोक अभियोजक प्रोफेसर रविवर्मा कुमार ने बताया कि याचिकाकर्ता की धमकियों और पीड़ितों को चुप कराने के प्रयासों के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी उचित थी। बता दें कि प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। उन पर कई महिलाओं से यौन शोषण का आरोप है। प्रज्ज्वल हासन लोकसभा सीट के सांसद थे।

# भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की ईडी की याचिका की जाए खारिज: मेहुल चोकसी

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के अकोट शहर में बुधवार को गणेश प्रतिमा जुलूस पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी और अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना शाम चार बजे नंदीपेठ इलाके में हुई, जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को अतिरिक्त बल प्रयोग करना पड़ा। उपमंडलीय पुलिस अधिकारी अनमोल मित्तल ने कहा कि पुलिस ने कथित तौर पर पथराव करने के आरोप में 68 लोगों को हिरासत में लिया है। मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। घायल लोगों को ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस द्वारा सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि अब स्थिति नियंत्रण में है। ठाणे जिले के उल्हासनगर शहर में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान व्यक्तियों के एक समूह ने कथित तौर पर एक दुकानदार पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात व्यक्तियों के एक समूह पर गुलाल फेंके जाने पर बहस छिड़ गई, जो हिंसा में बदल गई। एक दुकानदार और अन्य पर दूसरे समूह के सदस्यों ने हमला कर दिया और एक पत्थर भी फेंका। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिल लाइन पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच चल रही है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने बुधवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव सुधार के बारे में इतनी चिंतित है, तो उसे महाराष्ट्र में स्थानीय नगर निकायों के लिए जल्द से जल्द चुनाव कराना चाहिए। बृहन्मुंबई नगर




निगम (बीएमसी) सहित राज्य में कई नगर निकायों के चुनाव लंबित हैं। राज ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगर चुनावों को इतना महत्व दिया जा रहा है, तो पहले नागरिक निकाय चुनाव कराएं। उन्होंने कहा कि अक्तूबर तक कई नागरिक निकाय चार साल से अधिक समय तक प्रशासकों के अधीन चलेंगे। कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक उच्च स्तरीय पैनल द्वारा एक साथ चुनाव की सिफारिश को मंजूरी दे दी है, लेकिन उसे राज्यों के विचारों पर भी विचार करना चाहिए। रायगढ़ जिला परिषद के प्राथमिक शिक्षा विभाग में चार शिक्षकों का वेतन जारी करने के लिए 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में एक समन्वयक को गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने इसकी जानकारी दी। आरोपी नवेल के जटाडे में एक प्राइमरी स्कूल में डिप्टी टीचर भी था। उसने जिला परिषद स्कूल के शिक्षकों के जून और जुलाई के वेतन को जारी करने के लिए 40000 रुपये की मांग की थी। एक शिक्षक ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में इसकी शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया, लेकिन आरोपी इससे बच निकलने में कामयाब रहा। बुधवार को एक बार फिर जाल बिछाया गया और इस बार आरोपी 40000 रुपये लेते हुए पकड़ा गया। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ठाणे में उपवन झील में गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। कुछ लोग वहां सुबह की सैर कर रहे थे, तभी उनका ध्यान शव पर गया। उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी पाकर स्थानीय अग्निशमन कर्मी और क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला। मृतक की उम्र 40 से 45 के बीच बताई जा रही है।

## पिछली सरकार में तिरुपति के लड्डुओं में इस्तेमाल होती थी जानवरों की चर्बी: मुख्यमंत्री नायडू

अमरावती, 19 सितंबर। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस द्वारा संचालित पिछली सरकार के दौरान तिरुपति बालाजी के लड्डू बनाने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, नायडू के इस बयान का वाईएसआर कांग्रेस ने खंडन किया है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पार्टी ने नायडू के इस आरोप को दुर्भावनापूर्ण बताया है। एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करने के दौरान बुधवार को सीएम नायडू ने कहा कि जगन रेड्डी सरकार के कार्यकाल में तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर द्वारा लड्डू बनाने के लिए जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया था। मंदिर का प्रबंधन तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा किया जाता है। सीएम नायडू ने कहा, पिछले पांच वर्षों में वाईएसआर कांग्रेस के नेताओं ने तिरुमाला की पवित्रता को धूमिल किया है। उन्होंने अन्नदानम (मुफ्त भोजन) की गुणवत्ता से समझौता किया। यहां तक कि घी के बजाय जानवरों की चर्बी का उपयोग करके पवित्र तिरुमाला लड्डू को भी दूषित कर दिया। हालांकि, हम अब शुद्ध घी का उपयोग कर रहे हैं। हम टीटीडी की पवित्रता की रक्षा करने का प्रयास कर रहे हैं। वाईएसआर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने सीएम नायडू के दावे का खंडन किया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम नायडू तिरुमाला मंदिर की पवित्रता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सुब्बा रेड्डी ने एक्स पर लिखा, चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला की पवित्रता और करोड़ों हिंदुओं की आस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। तिरुमाला प्रसाद के बारे में उनकी टिप्पणियां बेहद दुर्भावनापूर्ण हैं। कोई भी व्यक्ति ऐसे शब्द नहीं बोलेगा या ऐसे आरोप नहीं लगाएगा। सुब्बा रेड्डी ने सीएम नायडू पर राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी स्तर तक गिरने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने परिवार के साथ प्रसाद के संबंध में शपथ लेने के लिए कहा। रेड्डी ने आगे कहा, यह फिर से साबित हो गया है कि चंद्रबाबू नायडू राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। भक्तों के विश्वास को मजबूत करने के लिए, मैं अपने परिवार के साथ तिरुमाला प्रसाद के संबंध में भगवान के सामने शपथ लेने के लिए तैयार हूं।

# इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के छक्के छुड़ाए, पहले पेजर विस्फोट, अब वॉकी-टॉकी निशाने पर, लगी आग, 14 की मौत

**एजेंसी**

**बेरूत।** इजराइल की नई आक्रामक नीति से आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह सकते में है। आतंकवादी समूह पेजर विस्फोट से उबर भी नहीं पाया कि उसके वॉकी-टॉकी (हैंडहेल्ड रेडियो रिसीवर) में हुए विस्फोट से 14 लोगों की जान चली गई और कम से कम 450 लोग घायल हो गए। कुछ संचार माध्यमों की खबर में कहा गया है कि सीरिया में भी कुछ जगह पेजर धमाके हुए हैं। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी एनएनए ने वॉकी-टॉकी विस्फोट की पुष्टि करते हुए मृतकों की संख्या नौ और घायलों की संख्या 300 बताई है। लेबनान के समाचार पत्र एल' ओरिएंट टुडे की खबर के अनुसार, इससे पहले मंगलवार को हुए पेजर विस्फोट में 12 लोग मारे गए और लगभग 2,800 लोग घायल हो गए। बुधवार शाम करीब पांच बजे हिजबुल्लाह के वॉकी-टॉकी को निशाना बनाया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सात बजे जारी बयान में वॉकी-टॉकी में हुए धमाकों में 14 लोगों की मौत हो गई और करीब 450 लोग घायल हो गए। इन विस्फोटों से नबातियेह प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में 60 घरों और दुकानों, 15 कारों और दर्जनों मोटरसाइकिलों में आग लग गई।

बेरूत टुडे की खबर के अनुसार, हजारों वॉकी-टॉकी कई स्थानों पर घरों और कारों में फट गए। इजराइल के तकनीक आधारित इन हमलों से देश सकते में है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने शाम को लेबनान में वॉकी-टॉकी विस्फोटों की पुष्टि की। बेरूत टुडे ने अपनी खबर में इजराइली सेना के रेडियो के हवाले से इजराइल के रक्षामंत्री योआव गैलेंट के बयान का जिक्र किया है। बयान में कहा गया है



कि इजराइल का ध्यान अब उत्तर की तरफ केंद्रित है। देश युद्ध के नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

**अंतिम संस्कार के समय फटा वॉकी-टॉकी**

बेरूत टुडे के अनुसार, वॉकी-टॉकी में विस्फोट शाम 5:00 बजे शुरू हुए। इनके फटने से बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिह और दक्षिण लेबनान के 20 से अधिक शहरों के कई अपार्टमेंट और वाहनों में आग लग गई। दहिह में तो पेजर विस्फोटों में मारे गए व्यक्तियों के अंतिम संस्कार के दौरान ऐसा ही एक विस्फोट हुआ।

सभी वॉकी-टॉकी हिजबुल्लाह के अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, जितने भी वॉकी-टॉकी में विस्फोट हुआ, वह सभी हिजबुल्लाह सदस्यों के पास थे। हिजबुल्लाह ने बदला लेने की कसम खाई है। मगर, इजराइल ने अभी तक पेजर हमलों में शामिल होने की पुष्टि या खंडन नहीं किया है। लेबनान और अमेरिका के अधिकारियों ने जरूर कहा है कि पेजर विस्फोटों के लिए इजराइल जिम्मेदार है।

**इजराइल ने कहा- हिज्बुल्लाह को हर बार चुकानी होगी अधिक कीमत**

आईडीएफ के एक्स हैंडल और वेबसाइट में सेना प्रमुख जनरल हर्जी हलेवी के इरादों का जिक्र किया गया है। हलेवी ने कल उत्तरी कमान के दौरे में रक्षात्मक और आक्रामक योजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कमांडरों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इजराइल के पास अभी भी कई तरह की तकनीकी क्षमता मौजूद है। उन्हें अब तक सक्रिय नहीं किया गया है। युद्ध के हर चरण में हिजबुल्लाह को अधिक कीमत चुकानी होगी। इजराइल गाजा में हमास के खात्मे और बंधकों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनरल हर्जी की यह टिप्पणी इसलिए भी अहम है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उत्तरी सीमा क्षेत्रों से निकाले गए हजारों निवासियों को उनके घरों में वापस भेजने की शपथ ली है। रक्षामंत्री योव गैलेंट ने रमत-डेविड वायु सेना बेस के दौरे के दौरान शिन बेट, मोसाद और इजराइल रक्षा बलों के तालमेल की प्रशंसा की है।

## पाकिस्तान में चिकनगुनिया, डेंगू बुखार के मामले बढ़े

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चिकनगुनिया और डेंगू बुखार के मामलों में इस सप्ताह काफी वृद्धि हुयी है जिससे कि स्वास्थ सुविधाओं पर असर पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने आशंका जतायी है कि बढ़ती ठंड के साथ ये बीमारियां और बढ़ेगीं। रिपोर्ट के मुताबिक विशेषज्ञों ने मच्छरों के प्रजनन स्थल और अन्य रोग पैदा करने वाले कीड़ों को कम करने के लिए वेक्टर प्रबंधन विधियों के महत्व को रेखांकित किया है। चेसापिक एनर्जी कॉरपोरेशन (सीएचके) में आपातकालीन विभाग के प्रभारी डॉ. इमरान सरवर जी शेख ने कहा, हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में चिकनगुनिया और डेंगू बुखार के रोज लगभग 50 रोगी आते हैं। 'डॉन' ने डॉ. शेख के हवाले से बताया कि चिकनगुनिया के मामले पहले सरकारी और निजी दोनों क्लीनिकों में दर्ज किए गए थे। हाल के हफ्तों में इसकी संख्या में वृद्धि हुयी है।डॉ.शेख ने कहा, प्रतिदिन लगभग 12 मलेरिया और बड़ी संख्या में वायरल बुखार के मामले भी सामने आ रहे हैं।

## चीन लगाएगा नौ अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने ताइवान को हथियार बेचने के कारण नौ अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। चीन विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने मंगलवार को कहा कि विदेश विभाग ने ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय (टीईसीआरओ) को 22.80 करोड़ डॉलर मूल्य की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चीन ने सिएरा नेवादा कॉर्पोरेशन, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, एस3 एयरोडिफेंस, टीसीओएम, टेक्सटऑर, प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप, एसीटी1 फेडरल, एक्सोवेरा सहित नौ अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का फैसला किया है।

## बाइडेन विश्व नेताओं के साथ करेंगे बैठक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर वार्ता करने के लिये 23-25 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर विश्व नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने कहा, 23-25 सितंबर को श्री बाइडेन संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिये संरा मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर जायेंगे। वह मंगलवार को महासभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा,



राष्ट्रपति अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरों से निपटने, वैश्विक समृद्धि को आगे बढ़ाने तथा मानवाधिकारों की रक्षा में सहयोग पर चर्चा करने के लिए विश्व नेताओं से मुलाकात भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि यूएनजीए का 79वां सत्र 10 सितंबर को शुरू हुआ। वार्षिक बहस 24-28 सितंबर और 30 सितंबर को होगी।

## ईरान के राष्ट्रपति यूएनजीए सत्र में भाग लेंगे

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेंगे और वह न्यूयॉर्क के लिए रवाना होंगे। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। इरना ने कहा कि श्री पेजेशकियन का भाषण 24 सितंबर को निर्धारित है। वह अपने भाषण के दौरान ईरानी लोगों के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालेंगे। एजेंसी ने कहा कि राष्ट्रपति के न्यूयॉर्क में अपने प्रवास के दौरान अमेरिका में रहने वाले ईरानी नागरिकों, मीडिया और थिंक टैंक के निदेशकों अन्य देशों के उच्च पदस्थ अधिकारियों और धार्मिक नेताओं से मिलने की



उम्मीद है। श्री पेजेशकियन ने सोमवार को तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यूएनजीए 79 में उनकी भागीदारी का उद्देश्य ईरानियों के अधिकारों, दृष्टिकोण और विश्वासों की रक्षा करना होगा।

## नेपाल के सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने वाली सभी विदेशी फिल्मों पर बैन

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने हिन्दी साहित सभी विदेशी भाषाओं की ऐसी फिल्मों के प्रदर्शन पर आगे से रोक लगाने को कहा है, जिसमें नेपाल की धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने वाले दृश्य या संवाद हो। इस संबंध में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले में यह भी कहा गया है कि नेपाल की धर्म, संस्कृति, रीति रिवाज, पूजा पद्धति आदि विषय को समेट कर बनाई जाने वाली हिन्दी या अन्य विदेशी भाषा की फिल्मों के छायांकन से पहले ही अनुमति नहीं ली जाती है तो ऐसी फिल्मों को नेपाल में चलने पर रोक लगाने का पूरा अधिकार नेपाली सेंसर बोर्ड के पास है। नेपाल में फिल्मों के प्रदर्शन को लेकर आए फैसले के पूर्ण पाठ में भारत में बनी प्रभास की आदिपुरुष फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। उस फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर दिखाने और




नेपाल की बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की भी बात सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कही गई है। नेपाल में आदिपुरुष फिल्म के प्रदर्शन के दौरान उसका काफी विरोध हुआ था और इसके प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिट दायर की गई थी। फिल्म के रिलीज के समय भी कई दिनों तक नेपाल में इस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता अनिता सापकोटा की तरफ से दायर रिट पर फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश प्रकाश ढुंगाना और मनोज शर्मा की संयुक्त बेंच ने कहा है कि सिर्फ धार्मिक आस्था पर आघात पहुंचाने वाली फिल्मों पर ही रोक नहीं लगाया जाना चाहिए बल्कि नेपाल के किसी भी पड़ोसी देश या अन्य मित्र देश के खिलाफ बनाई जाने वाली फिल्मों के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई जानी चाहिए। अपने फैसले में न्यायाधीश ढुंगाना और न्यायाधीश शर्मा ने लिखा है कि नेपाल के पड़ोसी देश या अन्य मित्र राष्ट्र के साथ हमारे संबंध पर ही असर डालने वाली कोई भी फिल्म का प्रदर्शन ना हो, इसकी जिम्मेदारी नेपाल सेंसर बोर्ड की है।

## बांग्लादेश में गिरफ्तार सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस माणिक पर चलेगा छह लोगों की हत्या का मुकदमा

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में 23 अगस्त की रात देश से भागने की कोशिश में दबोचे गए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस एएचएम शम्सुद्दीन चौधरी माणिक पर हत्या के छह अलग-अलग केस में मुकदमा चलेगा। माणिक शीर्ष अदालत के अपीलीय प्रभाग से सेवानिवृत्त हैं।

ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट जकी अल फराबी की अदालत में आज उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से उन्हें हत्या के छह अलग-अलग आरोपों में गिरफ्तार करने की अनुमति मांगी।

अदालत की मंजूरी के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले मंगलवार को उन्हें सिलहट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजन कांति दास की अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने रिटायर्ड जस्टि माणिक को सिलहट के कनाईघाट पुलिस स्टेशन में अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के प्रयास के मामले में जमानत दे दी। अभियोजन पक्ष का कहना है कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने 23 अगस्त की रात माणिक को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह कनाईघाट उपजिला की डोना सीमा के रास्ते भारत भाग रहा था। अगले दिन सिलहट मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट आलमगीर हुसैन ने माणिक को आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 54 के तहत जेल भेजने का आदेश दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रिटायर्ड जस्टिस माणिक को अदबोर में कपड़ा मजदूर रूबेल, लालबाग में कॉलेज छात्र खालिद हसन सैफुल्लाह, बड्डा में सुमन सिकदर, हफीजुल सिकदर, तौफीकुल इस्लाम भुइयां और सोहाग मिया की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया। माणिक ने अदालत से कहा कि वह निर्दोष हैं और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे, मनगढ़ंत और फर्जी हैं।

## नेपाल का संविधान दिवस: सरकारी पक्ष समारोह की तैयारी में, मधेशी दल की काला दिन मानने की घोषणा


**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल में नए संविधान के जारी होने के 9 वर्षों बाद भी पूरे देश में इसे अब तक नहीं मनाया जाता है। 19 सितंबर को सरकार ने राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है तो वहीं मधेशी दलों का विरोध आज तक बरकरार है। संविधान दिवस के दिन को काले दिन के रूप में मनाने की घोषणा की है। सन् 2015 के 19 सितंबर को विद्रोह और विरोध के बीच देश का संविधान जारी किया गया था। एक तरफ नेपाल के आधे हिस्से में संविधान में अपने अधिकार और पहचान को सुनिश्चित करने की मांग करते हुए विरोध किया जा रहा था। पूरे मधेश में विद्रोह का माहौल था। 6 महीने से लगातार चल रहे आंदोलन को दबाने के लिए तत्कालीन सरकार के निर्देश पर सुरक्षा बल सड़कों पर गोलियां चला रहे थे और मधेशी आंदोलनकारी गोलियां खाकर अपनी जान दे रहे थे। इस आंदोलन के दौरान करीब 100 से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी लेकिन तीन प्रमुख दलों




ने सहमति कर संविधान जारी कर दिया। इस समय से लेकर आज 9 वर्षों बाद भी मधेशी दल संविधान दिवस के दिन को काला दिन के रूप में मनाते आ रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार ने इसे राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मानने का फैसला किया है। खुद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने वीडियो संदेश जारी करते हुए संविधान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मानने की अपील की है। उन्होंने आम लोगों से अपने अपने घरों में राष्ट्रीय झंडा फहराने का आग्रह करते हुए शाम को दीपावली मनाने की भी अपील की है। सरकार की तरफ से सेना परेड मैदान में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम होता है जिसमें प्रधानमंत्री देश के नाम संबोधन देते हैं। सेना के द्वारा विशेष प्रदर्शन किया जाता है। इसके ठीक विपरीत मधेश केंद्रित दलों के द्वारा संविधान दिवस के दिन को काला दिन के रूप में मनाया जाता है। सत्ता में रहे जनता समाजवादी पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, जनमत पार्टी ने कल होने वाले सरकारी समारोह में सम्मिलित नहीं होने का फैसला किया है। ओली सरकार में मंत्री रहे प्रदीप यादव ने कहा कि चूंकि अब तक मधेशी जनता की मांग के मुताबिक उनको पूरा अधिकार नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी अंगों में सम्नुपातिक और समावेशी ढंग से स्थान नहीं मिलने तक हमारा विरोध जारी रहेगा। इसी तरह जनमत पार्टी के अध्यक्ष डॉ सीके राउत ने कहा कि चूंकि हमारी प्रदेश में सरकार है लेकिन हम संविधान दिवस नहीं मना रहे हैं। राउत ने बताया कि मधेशी जनता के लिए अभी उत्सव मनाने का समय नहीं आया है इसलिए हम काला दिन के रूप में मना रहे हैं।

## रूस पर ड्रोन हमले को वायु रक्षा बल ने किया विफल



**मास्को।** रूस टोरोपेट्स शहर में एक बड़े ड्रोन हमले को वायु रक्षा बलों ने विफल कर दिया। स्थानीय अधिकारियों ने हमले में प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को आंशिक तौर पर निकालने का निर्णय लिया है। यह जानकारी क्षेत्रीय सरकार ने दी। इससे पहलेक्षेत्रीय सरकार ने कहा था कि वायु रक्षा बलों द्वारा ड्रोन को ध्वस्त करने के बाद टोरोपेट्स शहर में आग लग गई। सरकार ने टेलीग्राम पर कहा, टोरोपेट्स, ट्वेर क्षेत्र में ड्रोन का मलबा गिरने वाले स्थान पर आग लग गयी और उसे बुझाने की प्रक्रिया चल रही है। वायु रक्षा बल शहर के ऊपर आसमान में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले को विफल करना जारी रखे हुए हैं। इसके अलावा उन क्षेत्रों से लोगों को आंशिक रूप से निकालने का निर्णय लिया गया जहां वायु रक्षा बल और अग्निशमन अधिकारी काम कर रहे हैं।

## इटली में तूफ़ान बोरिस से एक दमकलकर्मी की मौत

**एजेंसी**

**रोम।** इटली में तूफान बोरिस के कारण एक दमकलकर्मी की मौत हो गयी एवं तीन विमान यात्री लापता हो गये है। अधिकारियों बताया कि दक्षिणी इटली में एक दमकलकर्मी का शव मिला। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी जिस वाहन को चला रहा था वह मंगलवार को अचानक आई बाढ़ में बह गया।

इस बीच समाचार रिपोर्टों के अनुसार उत्तर-मध्य इटली के मोडेना से फ्रांस जा रहा एक छोटा निजी विमान एपेनिन पर्वतों पर घने कोहरे में खो गया। अधिकारी ज़मीन पर और हेलीकॉप्टर के ज़रिए विमान और उसके तीन यात्रियों की तलाश कर रहे हैं हालाँकि दृश्यता की कमी के कारण अभियान मुश्किल हो रहा है। तूफ़ान बोरिस से अब तक कम से कम 21 लोगों की मौत हो गयी है और मध्य यूरोप में आंधी, बर्फ़ीले तूफ़ान और बाढ़ के बीच हज़ारों लोगों को निकालने के लिए मजबूर किया है। बोरिस अब एड्रियाटिक सागर की ओर बढ़ रहा है। यह गुरुवार को मध्य इटली से टकराएगा। पूर्वी इटली का



अधिकांश भाग मुख्य रूप से एमिलिया रोमाग्ना और ले मार्चे के मध्य क्षेत्र उम्ब्रिया, लाज़ियो और अब्रूज़ो के कुछ हिस्से भी मौसम अलर्ट के तहत थे। मौसम विज्ञान निगरानी साइट इल मेटियो ने कहा कि मौसम का नवीनतम दौर शुक्रवार तक ही रहेगा जबकि सप्ताहांत में देश के अधिकांश हिस्सों में मौसम हल्का रहेगा। हालांकि जबकि देश के उत्तरी और मध्य भाग अधिक तूफानों और संभावित बाढ़ के लिए तैयार हैं दक्षिण का अधिकांश भाग जून में शुरू हुए सूखे की चपेट में है।

## नाइजीरिया में सेना ने सौ से अधिक आतंकवादियों को निष्प्रभावी किया

**एजेंसी**

**नियामी।** नाइजीरिया की सेना और वायुसेना के बीच समन्वय कारण रविवार को नियाकटिरे में टिल्लाबेरी क्षेत्र (पश्चिम) में मकालोंडी के कम्यून के पास 100 से अधिक आतंकवादियों को निष्प्रभावी कर दिया गया और दुश्मन के महत्वपूर्ण उपकरण नष्ट कर दिए गए। सेना ने एक समाचार बुलेटिन में यह जानकारी दी। बुलेटिन के अनुसार नियाकटिरे में तैनात नाइजीरियाई रक्षा और सुरक्षा बलों (एफडीएस) की एक इकाई को रविवार दोपहर एक आतंकवादी हमले में निशाना बनाया गया। सेना ने कहा, ÷सैकड़ों की संख्या में आए आतंकवादियों के झुंड ने हमला किया लेकिन उन्हें भयंकर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। हमारे सैनिकों ने उल्लेखनीय साहस दिखाते हुए बहादुरी से अपनी स्थिति बनाए रखी और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया। बुलेटिन में कहा गया कि हमले की तीव्रता के जवाब में टोरोडी से और मकालोंडी से एक-एक



विशेष बलों की इकाइयों को तुरंत सुदृढ़ीकरण के रूप में तैनात किया गया। साथ ही लक्षित हमलों को अंजाम देने के लिए वायुसेना की मदद ली गई जिससे हमलावरों को उनके अंतिम गढ़ तक नष्ट कर दिया गया। इस दौरान पांच सैनिकों की मौत हो गयी और 27 अन्य घायल हो गए। एफडीएस ने सैनिकों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। घायलों में से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल के लिए नियामी ले जाया गया है। देश के सर्वोच्च अधिकारियों ने राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा में नाइजीरियाई सशस्त्र बलों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की है।

## अगले सप्ताह मोदी से मुलाकात होगी- ट्रम्प

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार



डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह अगले सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

श्री ट्रम्प ने मिशिगन के फ्लिंट में टाउन हॉल मीटिंग में बोलते हुए ÷वे (मोदी) अगले सप्ताह मुझसे मिलने आ रहे हैं और वे शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वे एक शानदार इंसान हैं। उन्होंने व्यापार और टैरिफ के बारे में चर्चा करते हुए अमेरिकी आयात पर भारी कर लगाने के लिए भारत को बड़ा दुर्व्यवहार करने वाला भी कहा।

उन्होंने आगे कहा ये लोग सबसे चतुर लोग हैंज्आप जानते हैं वे अपने खेल के शीर्ष पर हैं और वे इसका इस्तेमाल हमारे खिलाफ करते हैं। लेकिन भारत बहुत सख्त है। ब्राजील बहुत सख्त हैज्चीन सबसे सख्त है लेकिन हम टैरिफ के साथ चीन का ख्याल रख रहे थे।

श्री ट्रम्प ने कहा कि उनके नेतृत्व में अमेरिका पारस्परिक व्यापार का पालन करेगा और दूसरे देश द्वारा लगाए जा रहे समान टैरिफ लगाएगा।

**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office: 5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address : qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## अमेरिका-पाकिस्तान के बीच आर्थिक, आतंकवाद के मुद्दों पर चर्चा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अमेरिका के बीच आतंकवाद से निपटने, आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग को मजबूत करने पर नए सिरे से चर्चा हुई है।इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के कार्यवाहक राजनीतिक मामलों के अवर सचिव जॉन बास ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के साथ सोमवार को बैठक की और आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। बैठक में आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ का मुकाबला करने और क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे भी शामिल थे।

'डॉन' के अनुसार, श्री बैस के साथ प्रधान उप सहायक सचिव एलिजाबेथ होर्स्ट भी हैं। पाकिस्तान ने अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में अमेरिका के साथ आगे सहयोग पर बल दिया है। पाकिस्तान आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए सहयोग प्राप्त करने के लिए उत्सुक है, विशेष रूप से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा फैलाया जा रहा आतंकवाद से। हालांकि, यह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) वित्तपोषण के लिए अमेरिका पर बहुत ज्यादा निर्भर है। पाकिस्तान ने हाल ही में सात अरब डॉलर की विस्तारित निधि सुविधा की मंजूरी में देरी के कारण अमेरिका से फिर से संपर्क किया है, जो महीनों से लंबित है। पिछले सप्ताह, आईएमएफ ने अंततः 25 सितंबर को बोर्ड की बैठक के एजेंडे में पाकिस्तान को शामिल कर लिया। एक अन्य विचाराधीन विषय पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका में अफगान शरणार्थियों का प्रवास है। अमेरिका आमतौर पर इस मुद्दे पर पाकिस्तान की भागीदारी से असंतुष्ट है, जो 2021 में अफगानिस्तान पर तालिबान के शासन के साथ शुरू हुआ था। अमेरिकी दूतावास ने हालांकि एक बयान में कहा कि श्री बास ने अमेरिका में पुनर्वास के लिए अफगानों की सहायता करने के लिए पाकिस्तान के निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पाकिस्तान के आसन्न प्रवास के दौरान 2025-26 में सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में उसके साथ मिलकर काम करने की अमेरिका की इच्छा पर प्रकाश डाला।विदेश कार्यालय के अनुसार श्री डार के साथ अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों और मौजूदा सहयोगात्मक पहलों पर चर्चा शामिल था।बातचीत के दौरान श्री बास ने पाकिस्तान और अमेरिका के बीच रचनात्मक और फलदायक बातचीत के महत्व पर बल दिया।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भी भाजपा का जुमला : आप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आप ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का 'जुमला' बताया और दावा किया कि यह व्यावहारिक विचार नहीं है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोविंद पैनल की सिफारिश के अनुसार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाले पैनल ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने पीटीआई-वीडियो से कहा कि वे इसका विरोध करते हैं। पाठक ने कहा अगर कोई सरकार ढाई साल के भीतर गिर जाती है, तो क्या भाजपा उस राज्य पर एलजी या राज्यपाल के जरिए शासन करना चाहती है? यह भाजपा का उसी तरह का जुमला है, जैसे वे किसानों से सलाह किए बिना कृषि कानून लेकर आए थे। वे विशेषज्ञों से सलाह किए बिना नोटबंदी लेकर आए थे। उन्होंने कहा, 'उन्होंने कोविड-19 के दौरान लोगों से डॉक्टरों की अनुमति के बिना थाली बजाने को कहा था। यह एक जुमला है, जिसका हश्र भी उनके बाकी विचारों की तरह ही होगा।

# मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दर्शाने वाली राजधानी में लगी फोटो प्रदर्शनी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन के मौके पर राजधानी में 17 से 30 सितंबर तक 'अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी' लगायी गयी है जिसमें श्री मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को परिलक्षित करने वाले छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी में श्री मोदी के बचपन से लेकर युवावस्था तक , राजनीति में प्रवेश से लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रचारक तक, मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने के साथ-साथ विदेश यात्रा, विदेशी नेताओं से मुलाकात, विदेश में उनका स्वागत और सम्मान सहित, देश में उनकी लागू नीतियों, योजनाओं और विभिन्न कार्यक्रमों की करीब 1,300 उनकी अनूठी फोटो प्रस्तुत की गयी है। प्रदर्शनी में फोटो कैप्शन 11 भाषाओं में आयोजित किये गये हैं। प्रदर्शनी के आयोजक उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं उच्चतम न्यायालय बार एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ आदीश सी. अग्रवाल हैं। प्रदर्शनी को राज्यपाल, मंत्री, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, सांसद, वकील, शिक्षक और विद्यार्थी देखने आ रहे हैं। यहां आने वाले विद्यार्थियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जायेगा।

# गिग श्रमिकों के लिए समिति गठित करने के निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम और रोजगार और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों को पंजीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में इस बढ़ते कार्यबल की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि इन श्रमिकों को आवश्यक सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच प्राप्त हो। डॉ. मांडविया ने गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के लिए एक समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय को एक समर्पित समिति बनाने का निर्देश दिया ताकि सभी हितधारकों के विचार प्राप्त किए जा सकें। यह समिति प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगी और इन श्रमिकों के लिए एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की दिशा में काम करेगी। केंद्रीय मंत्री ने अगले तीन महीनों के भीतर ई-श्रम पोर्टल पर श्रमिकों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न सरकारी पहलों के तहत अधिक लाभ देने के लिए श्रमिकों का पंजीकरण महत्वपूर्ण है। एग्रीगेटर्स से इस पंजीकरण अभियान में सहायता करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि सभी योग्य श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत हों।

# सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करेंगे केजरीवाल : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद श्री अरविंद केजरीवाल ने सभी सरकारी सुविधाओं का त्याग करने का फैसला किया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस फैसले से दिल्ली की जनता बहुत दुखी और गुस्से में हैं कि एक ईमानदार मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। केजरीवाल ने दिल्ली की जनता के लिए अनेकों काम किए। दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत क्या थी?

AAM AADMI PARTY

# एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण के लिए आईसीएमआर को प्रतिष्ठित यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** गैर संचारी रोग (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) को प्रतिष्ठित यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दी। नड्डा ने ट्वीट करके खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आईसीएमआर को एनसीडी की रोकथाम और नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य और व्यापक एनसीडी-संबंधित एसडीजी पर बहुक्षेत्रीय कार्रवाई को आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित 2024 के यूएन इंटर-एजेंसी टास्क फोर्स पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार सहायक प्रौद्योगिकी में आईसीएमआर के अभिनव कार्य को उजागर करती है, जो सुलभ, किफायती और टिकाऊ समाधान तैयार करती है। यह पूरे देश में एनसीडी और मानसिक स्वास्थ्य



चुनौतियों वाले व्यक्तियों के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। सहायक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी के लिए राष्ट्रीय केंद्र स्थापित करने से लेकर टिकाऊ सहायक उत्पादों को बढ़ावा देने और दुनिया का सबसे बड़ा एटी सर्वेक्षण आयोजित करने तक आईसीएमआर की पहल एक स्थायी प्रभाव डाल रही है। हम इस महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अभाविप ने निकाली 'छात्र गर्जना रैली'

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 18 सितंबर 2024 को दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी और दक्षिणी परिसर में एक विशाल 'छात्र गर्जना रैली' का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। यह रैली दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों की कई ज्वलंत समस्याओं को उठाने के लिए एक मंच के रूप में काम आई। सैकड़ों छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन से कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई और प्रभावी उपाय करने की मांग करने के लिए एकजुट हुए, जो छात्रों के शैक्षणिक जीवन को गहराई से प्रभावित करते हैं।

रैली के माध्यम से ABVP ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को संबोधित करने का लक्ष्य रखा, जिसमें एक कोर्स-एक फीस, केंद्रीकृत छात्रावास आवंटन फॉर्म, एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, विश्वविद्यालय स्तर पर प्लेसमेंट सेल, छात्रों के लिए रियायती मेट्रो पास, कॉलेजों में लड़कियों के लिए एनसीसी, सभी कॉलेजों में मनोवैज्ञानिक और स्त्री रोग विशेषज्ञ और कई अन्य शामिल हैं। ABVP के विरोध प्रदर्शन के आह्वान को ष्ठ के छात्र समुदाय से भारी प्रतिक्रिया मिली, जो उनके सामने आने वाली समस्याओं की गंभीरता और ABVP के नेतृत्व में उनके विश्वास को उजागर करता है।

एबीवीपी दिल्ली के राज्य सचिव हर्ष अत्री ने कहा, छात्र गर्जना रैली दिल्ली विश्वविद्यालय के हर कॉलेज में छात्रों की आवाज को बुलंद करती है। अपनी प्रतिष्ठित प्रतिष्ठा के बावजूद, दिल्ली विश्वविद्यालय बुनियादी ढांचे की कमी, फीस असमानताओं और महिला सुरक्षा चिंताओं से जूझ रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन को दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों के समग्र विकास के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। एबीवीपी की राष्ट्रीय सचिव शिवांगी खारवाल ने कहा, एबीवीपी के नेतृत्व वाली डीयूएसयू ने छात्रों के मुद्दों के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया है और हम पिछले कुछ वर्षों में उनमें से कई को हल करने में सफल रहे हैं। एबीवीपी का मानना ??है कि डीयू प्रशासन को शिक्षा के वैश्विक मानकों के साथ तालमेल रखने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की जरूरत है और हम अपनी मांगों को तब तक आगे बढ़ाते रहेंगे जब तक हम डीयू को महिलाओं के लिए एक सुरक्षित परिसर बनाने और छात्र समुदाय को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक मुद्दों को हल करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लेते।

# कैबिनेट : चंद्रयान-4, शुक्र मिशन और अंतरिक्ष केन्द्र को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इनमें चन्द्रमा और शुक्र से जुड़े मिशन और भारत के अंतरिक्ष में स्थायी स्टेशन से जुड़े अभियान शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इन्हें मंजूरी प्रदान की ।

कैबिनेट में आज मंजूर किए गए मिशनों के तहत भारत चंद्रयान-4 नामक चन्द्र मिशन लांच करेगा। इसका उद्देश्य चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने के बाद पृथ्वी पर वापस आने के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करना है। साथ ही इसके माध्यम से चंद्रमा से नमूने एकत्र कर और पृथ्वी पर उनका विश्लेषण करना भी है। इसके अलावा भारत शुक्र ग्रह पर मिशन भेजेगा। इसका नाम वीनस ऑर्बिटर मिशन (वीओएम) है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक अन्वेषण करना, शुक्र ग्रह के वायुमंडल, भूविज्ञान को बेहतर ढंग से समझना तथा इसके घने वायुमंडल की जांच करके बड़ी मात्रा में वैज्ञानिक आंकड़े जुटाना है।




इसके अलावा गगनयान के बाद के मिशनों और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के निर्माण को मंजूरी दी गई है। बीएएस की स्थापना 2028 में अपने पहले मॉड्यूल के प्रक्षेपण के साथ की जाएगी। इसके साथ ही नए पुन- प्रयोज्य कम लागत वाले अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास किया जाएगा। यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और संचालन तथा 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय चालक दल के उतरने की क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पहले से स्वीकृत कार्यक्रम में 11,170 करोड़ रुपये की शुद्ध अतिरिक्त फंडिंग के साथ, संशोधित दायरे के साथ गगनयान कार्यक्रम के लिए कुल फंडिंग को बढ़ाकर 20,193 करोड़ रुपये कर दिया गया है 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' (वीओएम) के लिए स्वीकृत कुल धनराशि 1236 करोड़ रुपये है, जिसमें से 824.00 करोड़ रुपये अंतरिक्ष यान पर खर्च किए जाएंगे। लागत में अंतरिक्ष यान का विकास और कार्यान्वयन शामिल है, जिसमें इसके विशिष्ट पेलोड और प्रौद्योगिकी तत्व, नेविगेशन और नेटवर्क के लिए वैश्विक ग्राउंड स्टेशन समर्थन लागत के साथ-साथ लॉन्च वाहन की लागत भी शामिल है।

प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन 'चंद्रयान-4' के लिए कुल 2104.06 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। लागत में अंतरिक्ष यान का विकास और कार्यान्वयन, एलवीएम3 के दो लॉन्च वाहन मिशन, बाहरी डीप स्पेस नेटवर्क सहायता और डिज़ाइन सत्यापन के लिए विशेष परीक्षण आयोजित करना शामिल है, जो अंततः चंद्रमा की सतह पर उतरने और एकत्रित चंद्र नमूने के साथ पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी के मिशन की ओर ले जाएगा।

# मंत्रिमंडल ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' को दी मंजूरी, 5 करोड़ परिवारों को मिलेगा फायदा

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मंत्रिमंडल ने देशभर में जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 79,156 करोड़ रुपये के बजट के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य 63,000 आदिवासी बहुल गांवों के पांच करोड़ आदिवासी परिवारों को सभी सरकारी लाभ प्रदान करना है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार इस अभियान के तहत 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉक को शामिल किया जायेगा। बयान के अनुसार अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) की सफलता के आधार पर आदिवासी क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं के माध्यम से ''सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतर'' को दूर करना है प्रत्येक मंत्रालय या विभाग अगले पांच वर्षों में अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के तहत उन्हें आवंटित धन का उपयोग करके समयबद्ध तरीके से अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओं को लागू करने के लिए जिम्मेदार होगा।

# करोल बाग हादसे के मृतकों के परिजनों को मिलेगी 10 लाख की सहायता राशि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने क़रोल बाग हादसे में जान गँवाने वाले मृतकों के परिजन को दस लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी ने क़रोल बाग में इमारत हादसे के घायलों से राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जाकर मुलाक़ात की और दिल्ली सरकार की ओर से हर ज़रूरी मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि क़रोल बाग़ में इमारत के गिरने से उसमे रहने वाले कई



लोग दब गए। इस इमारत के मलबे से 15 लोगों को बचाया किया गया जिनका इलाज राम मनोहर लोहिया अस्पताल और कुछ लोगों का इलाज लेडी हार्डिंग अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुःखद है कि इस हादसे में चार लोगों की मृत्यु भी हो गई है। दिल्ली सरकार की ओर से मृतकों और घायलों के परिवारों को और पूरी सहायता दी जायेगी। दिल्ली सरकार की ओर से मृतकों के परिजन को 10 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया जाएगा और घायलों को नियमानुसार सहायता राशि दी जायेगी। सुश्री आतिशी ने कहा कि इमारत के मालिक पर क़ानूनी कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि, इसे लेकर लगातार महापौर शैली ओबरॉय से संपर्क में हूँ।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में तीन दिवसीय नदी उत्सव शुरू से

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** पांचवां तीन दिवसीय 'नदी उत्सव' राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में आज शाम शुरू हो रहा है। राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन (एनएमसीएम) और जनपद सम्पदा प्रभाग के तत्वावधान में आयोजित इस उत्सव में चर्चा के अलावा नदियों की कहानी पर फिल्म स्क्रीनिंग होगी। नाव निर्माण को लेकर अनूठी चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस उत्सव का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत करेंगे। नदी उत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आईजीएनसीए के जनपद संपदा डिवीजन के प्रमुख प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में उत्तराखंड के हर्सिल की पूर्व सरपंच बसंत नेगी और परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के



प्रमुख और आध्यात्मिक गुरु स्वामी चिदानन्द सरस्वती उपस्थित रहेंगे। 'नदी उत्सव' में तीन तरह की प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। पहली कंगसाबती नदी और उसकी संस्कृति पर चित्र प्रदर्शनी होगी। दूसरी नाव के निर्माण से जुड़ी फोटो प्रदर्शनी और तीसरी दिल्ली के स्कूली बच्चों की पेंटिंग्स होंगी। तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। हिमाचली लोक गीतों की खास प्रस्तुति विक्रम भंद्रल देंगे। उल्लेखनीय है कि नदी उत्सव की परिकल्पना डॉ सच्चिदानंद जोशी की है। पहला 'नदी उत्सव' 2018 में हुआ था। इसका उद्घाटन गोदावरी नदी के तट पर स्थित महाराष्ट्र के नासिक शहर में किया गया। दूसरा 'नदी उत्सव' कृष्णा नदी के तट पर स्थित आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा शहर में और तीसरा 'नदी उत्सव ' गंगा नदी के तट पर स्थित बिहार के मुंगेर शहर में आयोजित किया गया था। चौथा 'नदी उत्सव' दिल्ली में आयोजित किया गया।

# कर्नाटक में गणपति यात्रा पर हमले की एनआईए से जांच की मांग की केंद्रीय मंत्री ने

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शोभा करन्दलाजे ने कर्नाटक में नागमंगला में गणपति यात्रा पर हमले की घटना में




प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स फ्रंट ऑफ़ इंडिया (पीएफआई) के एजेन्टों का हाथ होने का आरोप लगाते हुए घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराए जाने की मांग की है। उन्होंने स्थानीय लोगों के हवाले से कहा है कि हमले में शामिल लोग दूसरे राज्य के थे और यह घटना कर्नाटक सरकार की विफलता को दर्शाती है।

# वेद भौतिक और आध्यात्मिक ज्ञान की निधि व अखिल ब्रह्माण्ड के मूल हैं : डॉ. मोहन राव भागवत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि वेद भौतिक और आध्यात्मिक ज्ञान की निधि व अखिल ब्रह्माण्ड के मूल हैं। वे सारी दुनिया को जोडने का काम करते हैं। अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में श्रीपाद दामोदर सातवलेकर कृत वेदों के हिंदी भाष्य के तृतीय संस्करण का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि वेद और भारत दोनों एक ही हैं। वे सनातन धर्म का आधार है। वेदों में ज्ञान, विज्ञान, गणित, धर्म, चिकित्सा और संगीत की भी प्रचुरता है। उन्होंने कहा कि वेदों के मंत्रों में अंक गणित, घन और घनमूल के सिद्धांतों का भी स्पष्ट उल्लेख हैं। वेदों में समस्त विश्व के कल्याण की बात निहित हैं। वेद विश्व की समस्त मानवता को एकाकार होने का मार्ग दिखाते है। सनातन संस्कृति में जीवन जीने के लिए स्पर्धा नहीं करनी पड़ती, यह हमें वेदों ने ही सिखाया है।

डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि सत्यम् ज्ञानम् अनन्तम ब्रह्म'। हमारे ऋषियों ने इसी दृष्टि से विश्व कल्याण के लिए वेदों की रचना की



थीं। हमारे यहां जब पुत्र का पेट भर जाता है तो माता तृप्त हो जाती है। यह बात विज्ञान चाहे ना माने किंतु यह भौतिक वाद से परे का आनंद है। ज्ञान की समस्त प्रणालियों में वेदों का आधार देखने को मिलता है। वेदों के अध्ययन से समस्त मानवता प्रकाशित होती रहेगी।

कार्यक्रम में महामंडलेश्वर पू स्वामी बालकानन्द गिरी जी महाराज ने कहा कि अक्रांताओं ने वेद ग्रंथों को और सनातन गुरुकुलों को नष्ट करने का प्रयास किया मगर हमारे ऋषियो की स्मृतियों में रचे- बसे वेदों को वह नष्ट नहीं कर पाए। इसीलिए भारतीय संस्कृति में वेद चिर स्थायी हैं और रहेंगे।

चारों वेदों के 10 खंडों में हुए हिंदी भाष्य का लोकार्पण सरसंघचालक जी के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। विहिप के संरक्षक व केन्द्रीय प्रबंध समिति के सदस्य दिनेश चंद्र जी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना में बताया कि स्वाध्याय मंडल पारडी, गुजरात तथा दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेद अध्ययन केंद्र द्वारा श्रीपाद दामोदर सातवलेकर द्वारा भाष्यकृत इन चारों वेदों के 8 हजार पृष्ठों के प्रकाशन में 10 वर्षों की अथक मेहनत लगी है। इस पुण्य कार्य में लगे विद्वानों व उनके सहयोगियों को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में देश के अनेक साधु संत, संघ, विश्व हिंदू परिषद के साथ अनेक धार्मिक, सामाजिक व संस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारियों सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग व मातृ शक्ति उपस्थित थीं।

# राहुल पर भाजपा नेताओं की टिप्पणी के विरुद्ध कांग्रेस ने खोला मोर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस तथा उसके घटक संगठनों ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के बयान के खिलाफ सुबह से लामबद्ध है और पार्टी नेता संवाददाता सम्मेलन करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। युवा कांग्रेस तथा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ़ इंडिया (एनएसयूआई) ने इसके विरुद्ध मार्च किया और चारों भाजपा नेताओं का पुतला फूंका। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने श्री गांधी के खिलाफ टिप्पणी करने वाले चार नेताओं के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज की है और इन नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने भाजपा से अपने नेताओं को नैतिकता की सीमा में रहने का आग्रह किया है।

**Name Change**

I, Kamlesh Kumar S/o Chiraunji R/o VPO Harpalpur, Hardoi, Uttar Pradesh-241402, Have Changed My Name To Kamal Gautam For All Future Purpose

**Name Change**

I, Poonam W/O Ram Lalit R/o Rzf 222/5, Raj Nagar2. Palam Colony, New Delhi 11077 have changed my name to Poonam Sharma.

**Name Change**

I, Mukesh Kumar S/o- Ram Kumar R/o 860D gali no 5 Ashok Vihar Gurgaon Haryana 122001 have changed my name from Mukesh Kumar to Mukesh Kaushik for all future purposes.

**Name Change**

I, RADHA Mudgal W/O Suresh Parashar R/O D-31 Unit no-B-2, F/F F/R Budh Vihar Colony Tajpur Extension, Badarpur Delhi-110044, have changed the name of my minor Daughter Kashish aged 10 years and she shall hereafter be known as Gauri Parashar .

**Name Change**

I, Ritcha Malhotra W/o Vikram Malhotra R/o KCA0100805,8th floor, Tower Klassic,Jaypee wish Town, Sector -134, Noida, Gautam budh Nagar Uttar Pradesh -201301 have changed my name from Ritcha Malhotra to Ritcha Mehta for all future purposes

**Name Change**

I, BHAGWATI PRADHAN W/O NO.-13625584Y L/HAV NABIN PRADHAN R/o VPO-SADAM, TEH-MELLI, DIST-NAMCHI (SIKKIM)-737128, have changed my name from BHAGWATI PRADHAN to BHAGWATI CHETTRI for all future purposes.

**Name Change**

I, B RAMATHIMMULU Father of No. 16115564X Rank- NK Name- BUDDA YAGANTI Residing at DOOR No-4/13, VILL-KALACHATLA, PO & MANDAL-PEAPALLY, TEHSIL-DHONE, DISTT-KURNOOL, ANDHRA PRADESH-518221 have changed my name from B RAMATHIMMULU to M BUDDA RAMATHIMAIAH for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 25/02/1957 instead of my correct date of birth as 01/01/1949 vide Affidavit dated 19/09/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**

I, SHIV SHAMBHU CHAUDHARY S/O CHANDRIKA CHAUDHARY R/O C – 12, BASANTPUR COLONY, AMARNAGAR, FARIDABAD, HARYANA - 121003, have changed my name from SHIV SHAMBHU TO SHIV SHAMBHU CHAUDHARY for all future purpose.

**Name Change**

I JATIN KUMAR SANDHUJA S/O RAM LAL R/O FCA-3462 GALI NO-7 BLOCK -A SGM NAGAR FARIDABAD -121001 HAVE CHANGE MY NAME TO JATIN SANDUJA FOR ALL PURPOSE.

**Name Change**

I, YASMIN W/O GULAB KHAN R/O E-16, 2ND FLOOR, VISHWAKARMA COLONY, LAL KUAN, PUL PEHLAD, SOUTH DELHI, DELHI – 110044, I have changed my name from NARGISH KHANAM TO YASMIN for all future purpose.

**Name Change**

I, MANZOOR HASSAN S/O ABDUL AZIZ residing at A-34, A 3RD FLOOR, SHAHEEN BAGH ABUL FAZAL ENCLAVE PART-2, JAMIA NAGAR, DELHI-110025 have changed my name to MANZOOR HASAN for all future purposes.

**Name Change**

I, GAUTAM CHAUDHARY S/O SHIV SHAMBHU CHAUDHARY R/O C – 12, BASANTPUR COLONY, AMARNAGAR, FARIDABAD, HARYANA - 121003, have changed my name from GAUTAM TO GAUTAM CHAUDHARY for all future purpose.

**Name Change**

I, B DASTAGIRMMA Mother of No. 16115564X Rank- NK Name-BUDDA YAGANTI Residing at DOOR No-4/13, VILL-KALACHATLA, PO & MANDAL-PEAPALLY, TEHSIL-DHONE, DISTT-KURNOOL, ANDHRA PRADESH-518221 have changed my name from B DASTAGIRMMA to B DASTAGIRAMMA for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/04/1967 instead of my correct date of birth as 06/09/1968 vide Affidavit dated 19/09/2024 before Notary Public Delhi.

**Name Change**

I, GULAB KHAN S/O KHODA DAD KHAN R/O E-16, 2ND FLOOR, VISHWAKARMA COLONY, LAL KUAN, PUL PEHLAD, SOUTH DELHI, DELHI – 110044, I have changed my name from GULAB KHA TO GULAB KHAN and my Correct Date of Birth is 01-01-1987 for all future purpose.

**Name Change**

I, KHODA DAD KHAN S/O ABDUL GANI KHAN R/O NAINAGHAT, NAINA GHAT, DARBHANGA, BIHAR 847239, I have changed my name from KHODEDA KHA TO KHODA DAD KHAN for all future purpose.

**Name Change**

I,Munabbar Ali S/O Akbar Ali R/O B-86,Gali no-2,Kabootar Market Welcome, Seelampur Delhi -110043 Have Change my name from Munabbar Ali To Munawwar Ali For All Future Purposes

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Hema Kumari W/O Suraj Kumar R/O B-232/1 Birla Farms Chhattarpur Extn, New Delhi - 110074 ,declare that name of mine has been wrongly written Hema Kumri in my minor daughter Shambhavi Shreya aged 17 years in her 10th class educational document , The actual name of mine is Hema Kumari.which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

**To Whom so ever it may concern**

Mrs. Shashi Bala d/o Devender Nath is absolute owner of GF-754 on Ground Floor area measuring 1017 sqft Built Upon Plot No. 754 area measuring 199.13 sqyds situated at Complex Known as Omaxe City-Palwal Village Palwal and Dhaulagarh, Sector-11 and 14 Tehsil and District Palwal, Haryana and Lost Original Allotment Letter, Original BBA Original Possession Letter and Original Conveyance deed vide Document No. 3101, dated 18/07/2017 and FIR for has been Done vide FIR No. 2131980/2024, dated 19/09/2024 if anybody found above mentioned deed kindly contact on-9993838094 within 15 Days

**(Advocate Suparna)**
Lexicure Law Firm
Office At : 305, 3RD Floor Aggarwal building pocket 3 Sector 12 Dwarka New Delhi 110075.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, SHABIYA W/O SHAMIM R/O 356, BLOCK-H, SUNDAR NAGARI, NAND NAGRI, NORTH EAST DELHI, DELHI-110093 declare that name of my minor son has been wrongly written as ZIYAN in my minor son namely ARSH aged 9 year in his school record. The actual name of my minor son is ARSH which may be amended accordingly

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल गण श्री सुजीत कुमार पुत्र श्री सोरन सिंह व् उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शशि कुमारी दोनों निवासी गण – 103, A ब्लाक, विकास विहार, दक्षिण पश्चिम दिल्ली 110078 ने अपने पुत्र अभिषेक उम्र लगभग 24 वर्ष को उसके दुर्व्यवहार व् नियंत्रण से बाहर होने कि वजह से अपन समस्त चल व् अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है और उपरोक्त पुत्र अभिषेक से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मेरे मुव्वकिलगण उसके किसी भी नैतिक व् अनैतिक कार्यों के प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त पुत्र अभिषेक के साथ कोई लेन देन या व्यवहार रखता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**G.P. SINGH Advocate**
561, Lawyers Chamber, Dwarka Court Complex, Sector-10, Dwarka, New Delhi-110075.

**COURT NOTICE**

**IN THE COURT OF SH SAMEER BAJPAI PO MACT (SOUTH DISTRICT, SAKET COURTS, NEW DELHI)**

PUBLICATION
ORDER 5 RULE 20

**In Re: DURGESH DEVI VS LAXMAN & ORS**

MACT No.: 224/2023
To
Respondent No-2
LAXMAN AND OTHERS R/O Address H NO 1/67 RAJU PARK, KHANPUR, NEW DELHI 110062
IRFAN KHAN S/P ABDUL REHMAN R/O C-11/75 RAJU PARK, KHANPUR NEAR SAINIK FARM NEW DELHI

Whereas Petitioner has filed an application under section 166 and 140 of the Motor Vehicle Act for grant of compensation. You are hereby summoned to appear in person or by the pleader on 26.09.2024 at 10:00 AM failing which the application will be disposed of Ex. Parte.

**(SUDESH KUMAR)**
PO, MACT (SOUTH DISTRICT Saket Court New Delhi

# भाजपा की इनेलो, बसपा और हलोपा से हुई सांठगांठ जगजाहिर, वोट की चोट से मिलेगा जवाबः दुष्यंत चौटाला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भाजपा अपनी हार की घबराहट से सांठगांठ में जुटी हुई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सिरसा में बीजेपी प्रत्याशी का नामांकन वापस लेना भाजपा की इनेलो, बसपा और हलोपा की सांठगांठ को दर्शाता है और यह सांठगांठ जगजाहिर भी हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष कह रहे है कि उन्हें बीजेपी उम्मीदवार के नामांकन वापस होने की जानकारी नहीं है और वहीं दूसरी तरफ भाजपा प्रत्याशी हाईकमान के आदेश पर चुनाव से पीछे हटने की बात कह रहे है, ये दिखाता है कि किस स्तर पर ये आपस में मिले हुए है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि चारों पार्टी बीजेपी, इनेलो, बसपा और हलोपा की पोल खुल चुकी है, क्योंकि प्रदेश की जनता इन्हें अच्छे से समझ गई है और जनता इस गठजोड़ को वोट की चोट से जवाब देगी। दुष्यंत चौटाला डबवाली में जेजेपी-एएसपी प्रत्याशी दिग्विजय सिंह चौटाला के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। दुष्यंत चौटाला ने 25 से ज्यादा गांवों में "जन विश्वास यात्रा" के माध्यम से दिग्विजय चौटाला के लिए वोट की अपील की। ग्रामीणों द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।

# भाजपा सरकार में रसोई गैस के लिए धक्के नहीं खाने पड़ते : डॉ. कमल गुप्ता

**हिसार।** भाजपा उम्मीदवार डॉ. कमल गुप्ता ने कहा है कि वर्ष 2014 से पहले का वह दृश्य हमारी सब की आंखों के सामने से गुजरा है जब रसोई गैस के लिए कितनी मारामारी रहती थी। गृहणियों को पूरे-पूरे दिन लाइनों में खड़ा रहना पड़ता था। गैस कालाबाजारी में लेनी पड़ती थी।डॉ. कमल गुप्ता शहर में विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने अंजनी खारियावाला, कृष्ण सनी, कृष्ण यादव, लक्ष्मी गोयल, पुष्पा, दीपमाला, सतीश सुरेलिया, हरीश चौधरी, सुरेंद्र पुलानी, प्रवीन गोयल, डॉ. रमनीक गर्ग, लोकेश शर्मा, बंटी बरदानवाला, अशोक गुप्ता, जयराम दास चावला व पवन सिंगला द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और वोट की अपील की। इस दौरान भारी संख्या में कालोनीवासी उपस्थित रहे। शहरवासियों को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जनता ऐसी सरकार को दोबारा नहीं लाएगी, जिसके कारण उनको मूलभूत सुविधाओं के लिए लाइन में लगना पड़ता। भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में अपने कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों में चक्कर नहीं काटने पड़े हैं। उनके सभी कार्य घर बैठे ऑनलाइन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार सहित पूरे प्रदेश की जनता तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

# चुनाव प्रचार के दौरान, राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों तक ही होनी चाहिए सीमित :पंकज अग्रवाल

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा विधानसभा आम चुनाव -2024 के लिए उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव प्रचार के दौरान क्या करना है और क्या नहीं ( डू एंड डॉन्ट) के विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि सभी दलों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। किसी भी बैठक बारे स्थानीय पुलिस अधिकारियों को सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए। पंकज अग्रवाल ने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू है तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए।

# जनसभाओं में उमड़ी भीड़ ने किया नई ऊर्जा का संचारः कृष्णा गहलावत

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी की राई विधानसभा क्षेत्र की उम्मीदवार पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान राई की जनता से जीत का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने आधा दर्जन से अधिक जनसभाओं में हिस्सा लिया, जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित देख उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। कृष्णा गहलावत ने राई क्षेत्र के गांव गढ़ शाहजहानपुर, रेवली, शाहपुर तुर्क, मुरथल, मेहंदीपुर, असदपुर, गढ़ी, नांदनौर और माछरौला में जनसभाओं को संबोधित किया। सभी जगहों पर उनका जोरदार स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका सम्मान किया। गहलावत ने अपने भाषण में राई को अपना परिवार बताते हुए कहा कि वह हमेशा राई की सेवा के लिए समर्पित रही हैं और आगे भी रहेंगी। भाजपा उम्मीदवार ने दावा किया कि हरियाणा में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की लहर चल रही है।

# हरियाणा में कांग्रेस ने ढाए दलितों पर बेहिसाब जुल्मः अनुराग सिंह ठाकुर

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में रतिया, कलायत व पिंजौर में आधा दर्जन कार्यक्रमों के माध्यम से हरियाणा के विकास को अनवरत जारी रखने के लिए फिर कमल खिलाने व भारी मतों से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज हरियाणा कांग्रेस में एक अनार सौ बीमार की स्थिति बन गई है। स्थानीय कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं की आपसी सिर फटव्वल के सामने इनका शीर्ष नेतृत्व लाचार व बेबस नज़र आ रहा है। हरियाणा में हुड्डा राज में दलितों पर हुए अत्याचार को कौन भुला सकता है। जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें रहीं इन्होंने दलितों पर बेहिसाब जुल्म ढाए। 19 अप्रैल 2010 में मिर्चपुर में कांग्रेस राज में दलितों पर कितने बेरहमी से अत्याचार ढहाया गया, कौन भूल



सकता है? कांग्रेस के समय में दलित अपने आप को डरा, सहमा महसूस करते थे और हुड्डा उनको न्याय नहीं दिला पाए, और तो और हुड्डा परिवार आज तक एक दलित बेटी सैलजा जी का सम्मान नहीं कर पाए, तो बाक़ी प्रदेश भर के दलितों के लिए क्या ही करेंगे? आगे बोलते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा ÷ सरकार बनाने की ग़लतफ़हमी में जी रही कांग्रेस हरियाणा में खर्ची-पर्ची का राज वापस लाने का सपना देख रही है। कांग्रेस सरकारी नौकरियाँ बेचने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस नेता गली-गली कहते घूम रहे कि सरकार आएगी तो पहले अपना और अपने रिश्तेदारों का घर भरेंगे, रेवड़ियों की तरह अपनों को नौकरियाँ देंगे। हरियाणा की जनता कांग्रेस के इन ख़तरनाक मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी और इन्हें फिर से विपक्ष में ही बैठायेगी।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने बिना भाई-भतीजावाद के बिना खर्ची-पर्ची के सवा लाख नौकरियाँ दीं। कांग्रेस हरियाणा को जाति, धर्म, संप्रदाय में बांटने की कोशिश कर रही है, इसलिए जनता से निवेदन है कि बिना बंटे यहां फिर भाजपा सरकार बनायें और प्रदेश की खुशहाली बनाए रखें। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि कांग्रेस आरक्षण ख़त्म देगी। क्या ये बाबा साहब के संविधान से खिलवाड़ और हमारे पिछड़े वर्ग के भाइयों-बहनों के हक़ पर डाका नहीं है? मोदी सरकार ने तो आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्णों को भी आरक्षण देने का काम किया तो फिर कांग्रेस आरक्षण ख़त्म क्यों करना चाहती है? हरियाणा महाभारत की भूमि है और जैसे कौरवों ने पांडवों की ज़मीन हड़पने का काम किया था उसी तरह कांग्रेस पार्टी हरियाणा में फिर किसानों की ज़मीन हड़पने की तैयारी कर रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि ÷मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में सेना के लिए जो कार्य हुए हैं, वह पिछले 60 वर्षों में भी नहीं हुए होंगे। हमने सेना की वर्षों पुरानी मांग, वन रैंक वन पेंशन को लागू किया। अभी तक एक लाख करोड़ से ज्यादा पैसा हम हमारे बहादुर पूर्व सैनिकों को दे चुके हैं। कांग्रेस ने तो अपने 10 वर्षों में सेना को एक भी बुलेट प्रूफ जैकेट तक नहीं दिया। कांग्रेस के दौर में सेना जरूरी साजो सामान के लिए तरसती थी।

# विधानसभा चुनावों के लिए सोनीपत पुलिस अलर्ट, बीएसएफ के साथ फ्लैग मार्च

**सोनीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सोनीपत पुलिस पूरी तरह अलर्ट पर है। पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त खरखौदा जीत सिंह बैनीवाल के नेतृत्व में थाना खरखौदा, सदर सोनीपत और सदर गोहाना में बीएसएफ के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मार्च का उद्देश्य आम नागरिकोंको शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना था।

सहायक पुलिस आयुक्त बैनीवाल ने बताया कि 5 अक्टूबर 2024 को विधानसभा चुनाव होने निश्चित हैं और आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। जिला सोनीपतमें चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए पुलिस और बीएसएफ के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं और खुफिया विभाग संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहा।

# कांग्रेस पर्ची और खर्ची की नीति को वापस लाना चाहती है : डा. पूनिया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ?कांग्रेस ने 7 गारंटी और 15 वादे किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी चीन के खिलौने की तरह है, जो जल्दी ही टूट जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर यह गाना फिट बैठता है, वादा तेरा वादा-वादे पर मारा गया बंदा सीधा-साधा। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए हैं, वो महज चुनावी जुमले ही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वादा तोड़ने, जनता के साथ छलावा करने, धोखा देने और भ्रमित करने में महारत हासिल है।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा के वोट के बदले नौकरियां देने के बयानों ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस पर्ची और खर्ची की नीति को वापस लाना चाहती है। कांग्रेस को घेरते हुए डा. पूनिया ने कहा कि कांग्रेस 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा कर रही है, लेकिन भाजपा की नायब सरकार पहले ही हरियाणा में 500 रुपये का गैस सिलेंडर दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल राज करने के



बाद भी किसानों के लिए एमएसपी पर अपनी जुबान नहीं खोली। जबकि हरियाणा की नायब सरकार ने किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खदीदने की पक्की गारंटी दी है।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि अभी तो चुनाव चल रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के लोगों ने अपनी मंशा भी जाहिर कर दी है। कांग्रेस प्रत्याशी शमशेर सिंह कह रहे हैं कि कांग्रेस सरकार बनने पर सबसे पहले अपने रिश्तेदारों और अपने घर को भरेंगे। कांग्रेस नेताओं के बयानों से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के कल्चर की वापसी करने वाली है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा ने पर्ची और खर्ची के सिस्टम को खत्म किया, युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस की हालात आज हाथी के दांत दिखाने के और तथा खाने के और वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से कांग्रेस की नीयत और चेहरा जनता के सामने आ गया है। कांग्रेस के झूठे घोषणापत्र और छलावे को हरियाणा की जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। कांग्रेस के नेताओं को हरियाणा व हरियाणा के लोगों से कोई मतलब नहीं है इसका सबसे बड़ा प्रमाण है कि कांग्रेस ने हरियाणा की धरती से अपना चुनावी घोषणापत्र जारी नहीं किया।

# भाजपा जो भी कहती है, संकल्प के साथ पूरा करती है : बड़ौली

एजेंसी

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पिटारा कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही झूठी गारंटी देती आ रही है। अब कांग्रेस की इन गारंटियों पर कोई भी भरोसा करने वाला नहीं है। जनता का भरोसा मोदी और नायब की गारंटी पर है। बड़ौली ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है, जबकि कांग्रेस के लोग बोलते बहुत कुछ है पर करते कुछ नहीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ जनता भाजपा की सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

कांग्रेस पर प्रहार करते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि अब कांग्रेस की सच्चाई देश और प्रदेश के लोगों के सामने है। फरीदाबाद एनआईटी के कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कांग्रेस के कोटा कल्चर की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सिफारिश और पैसे का लेन-देन करके ही युवाओं को नौकरी



देती है। कांग्रेस की सरकार में नौकरियों का कोटा तय होता है यह कांग्रेस प्रत्याशी ने साफ कर दिया। कांग्रेस योग्यता और मैरिट के मापदंड को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में सदा ही योग्यता को नकारा गया है, जबकि भाजपा ने योग्यता के आधार पर युवाओं को नौकरियां दी है। कांग्रेस के पर्ची और खर्ची के सिस्टम को भाजपा सरकार ने खत्म किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभी तो चुनाव चल रहे हैं, कांग्रेस की सरकार भी नहीं बनी है, लेकिन कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। कांग्रेस के नेताओं ने अभी से ही पर्ची और खर्ची के सिस्टम पर काम करना शुरू कर दिया है। 50 वोट पर एक नौकरी देने वाले कांग्रेस के इस कल्चर पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस का मतलब ही भ्रष्टाचार करना, परिवारवाद को बढ़ावा देना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की सभाओं में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता कि कांग्रेस की सभाओं में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे यह काफी चिंता का विषय है।

# हरियाणा चुनाव में 15 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी भाजपा : रणजीत सिंह

एजेंसी

**सिरसा ।** हरियाणा सरकार के पूर्व बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने सिरसा में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि व?िधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 15 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी।

उन्होंने कहा, 'पिछले व?िधानसभा चुनाव में सिरसा जिले में किसान आंदोलन के चलते बड़ा विरोध हुआ था। मैं जब लड़ा, तब भी लोग सवाल पूछते थे। लोग यह कहते थे कि जिस भी पार्टी का बीजेपी से गठबंधन है, हम उसे वोट नहीं देंगे। बीजेपी का तीन पार्टियों के साथ गठबंधन है। बीजेपी की अन्य पार्टियों के साथ मिलीभगत है। बीजेपी को



इस बार जनता समर्थन नहीं देगी। सिरसा में जो यह मिलीभगत है, जनता इसके खिलाफ है। उन्हें कोई वोट नहीं देगा। उनका सूपड़ा साफ होगा।' इसके अलावा पवन बेनीवाल के कांग्रेस छोड़ने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि उन पर कुछ भी आरोप लगे और वह इस चुनाव में चाहें जैसे आएं, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह क्या बोलते हैं, उन्हें खुद नहीं पता होता है।

वह अपने चाचा पर भी आरोप लगा देते हैं। वह कब और क्या बोल जाते हैं, न उन्हें पता होता है, न हमें। उन्होंने कहा, 'अपने शासनकाल के लिए बीजेपी ने कुछ बातें तो खुद स्वीकार कर ली हैं। पहला यह कि सरपंचों पर किया गया फैसला गलत था। इस पर भाजपा बैकफुट पर आ गई है। दूसरा मामला फैमिली आईडी का था। जिस व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी कर दी, वह आसानी से जमीन नहीं बेच सकता था। इसके लिए उसे इतने कागजात की जरूरत पड़ती कि वह जमीन बेच ही नहीं पाता। किसी को इलाज की जरूरत के लिए जमीन बेचनी है, वह भी जमीन नहीं बेच पा रहा था। रजिस्ट्रियां बंद हो गई थीं। इसकी वजह से इतनी परेशानियां आईं, जिससे आम जनता भाजपा के खिलाफ हो गई। आज की स्थिति यह है कि बीजेपी पूरे राज्य में 15 सीटें ही जीत पाएगी।'

# अवैध नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाएंः पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस आयुक्तालय में पुलिस आयुक्त सतेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसीपी ईस्ट प्रबीना पी., डीसीपी क्राइम नरेंद्र सिंह, एसीपी क्राइम राजपाल और सभी अपराध शाखा प्रभारी मौजूद थे। पुलिस आयु कत ने कहा कि अवेध नशा तस्करों पर सख्ती से कार्यवाही करें। इस दौरान जिले में घटित अपराधों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त ने अपराधों की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों की पहचान कर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए। अवैध नशा और शराब की बिक्री पर भी सख्त कदम उठाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, आयुक्त ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने आचार संहिता के उल्लंघनसे बचने और चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के निर्देश दिए। जिला पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार रहने के आदेश दिए गए हैं।

# कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ता जा रहा है और जो तूफान उठा है यह विरोधियों को उखाड़कर फेंक देगा : पूर्व मंत्री अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा आज जारी किए गए घोषणा पत्र को धोखे का पत्र करार देते हुए कहा कि यह घोषणा पत्र नहीं यह धोखे का पत्र है और झूठ का पुलिंदा है, इसे तो नदी में फेंक देना चाहिए'। विज आज अम्बाला छावनी में बाजारों में शॉप-टू-शॉप चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस द्वारा हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की बात पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस आदतन धोखेबाज पार्टी है, जब हिमाचल का चुनाव था तब भी इन्होंने यही कहा था कि हम महिलाओं को 500 का सिलेंडर देंगे लेकिन आज हालात क्या है। यह लोगों की तनख्वाह तक नहीं दे पा रहे हैं। घोषणा पत्र में कांग्रेस द्वारा हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के प्रश्न पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि इससे बड़ी कोई बात नहीं, ये लोग हिमाचल में बोलते है की भांग बोंएगे और उसको बेचेंगे। हरियाणा में बोलते है नशा मुक्त करेंगे, यह पार्टी तो एक ही है और जीतने के बाद कैसे रंग बदलती है उसका उदाहरण हमारे पड़ोस में।

**कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ता जा रहा है और जो तूफान उठा है यह विरोधियों को उखाड़कर**



**फेंक देगा : पूर्व मंत्री अनिल विज**

चुनाव प्रचार के संबंध पर पूछे सवाल पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि चुनाव प्रचार में कार्यकर्ताओं में जोश दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और यह जो तूफान उठा है यह विरोधियों को उखाड़कर फेंक देगा।

वहीं, पूर्व मंत्री अनिल विज ने आज बाजारों में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शॉप-टू-शॉप चुनाव प्रचार करते हुए वोट मांगे। जोरदार नारों के बीच चुनाव प्रचार निकलसन रोड पर सदर चौक से प्रारंभ हुआ जोकि हलवाई बाजार, सौदागर बाजार, बजाजा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी हनुमान मार्केट, कैंट थाना चौक से हलवाई बाजार होते हुए वापस भाजपा के निकलसन रोड स्थित चुनावी कार्यालय पर संपन्न हुआ। सभी बाजारों की एसोसिएशनों द्वारा पूर्व मंत्री अनिल विज का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया तो सौदागर बाजार के प्रधान आशीष अग्रवाल द्वारा उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव सोनी बब्बू, ललित चौधरी, राजीव गुप्ता डिम्पल, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, राम बाबू यादव, श्याम सुंदर अरोड़ा, बीएस बिंद्रा, नरेंद्र राणा, रवि सहगल, सुरेंद्र बिंद्रा, जितेंद्र सहगल, अनिल धीर, विनय मेहता, बिल्लू टुंडला, भारत कोछड़, सुनीता अरोड़ा, ज्योति मीत, मीनू धीमान, इकबाल ढांडा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चुनाव प्रचार में 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले की अनुमति नहीं

एजेंसी

**गुरुग्राम।** 2024 की चुनावी प्रक्रिया में उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार के समय रोड शो, चुनाव रैलियों के दौरान जनसाधारण को असुविधा न हो इसके लिए उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना करनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि किसी भी उम्मीदवार या राजनैतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेना जरूरी है। बिना अनुमति के प्रचार में वाहनों का प्रयोग नहीं कर सकते। उम्मीदवार या राजनैतिक दल द्वारा प्रचार के लिए जिन वाहनों का पंजीकरण करवाया गया है, उनका विवरण व्यय पर्यवेक्षक को बताना जरूरी है ताकि उनके चुनाव खर्च में जोड़ा जा सकें। इसके अलावा किसी भी अतिरिक्त वाहन की तैनाती तभी हो सकती है, जब उम्मीदवार या उसके एजेंट द्वारा वाहनों की वास्तविक तैनाती से काफी पहले इस आशय की सूचना दी गई हो। चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों का ब्यौरा देते समय उन क्षेत्रों, तहसीलों का ब्यौरा भी बताना चाहिए, जिनमें वाहन चलेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव में प्रचार के लिए वाहनों का उपयोग यातायात नियमों के अनुसार ही करना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा

**-उम्मीदवार या राजनीतिक दल को चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति लेना जरूरी**

वाहन को छोड़कर 10 से ज्यादा वाहनों के काफिले को चलने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों के बड़े काफ़िले को छोटे छोटे काफिलों में तोड़ा जाएगा और दो काफिलो में कम से कम 100 मीटर का फासला होना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जन प्रतिनिधि अधिनियम, 1951 की धारा 160 में परिभाषित साइकिल रिक्शा भी एक ऐसा वाहन है, जिसका उपयोग चुनाव प्रचार के लिए किया जा सकता है।चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक मंचों पर या वाहनों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के प्रयोग पर रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्रतिबंध रहेगा।

# एचएयू व न्यूजीलैंड की मैसी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मोरिंगा पर संयुक्त रूप से करेंगे शोध कार्य : प्रो. बीआर कम्बोज

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'मोरिंगा की क्षमता को पहचानना÷विश्व स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशीलता के अवसर' विषय पर 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के जैव रसायन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने शुभारंभ अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 'स्पार्क' परियोजना के तहत आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में हकृवि और न्यूजीलैंड की मैसी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक मोरिंगा पर संयुक्त रूप से शोध कार्य करेंगे। परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन एवं मौसम में हो रहे बदलाव के कारण मोरिंगा के बीज तथा पत्तियों में टैनिंन और एंटीओक्सीडेंट प्रोपर्टीज पर पडने् वाले प्रभाव पर रिसर्च किया जाएगा। इसी कड़ी में हकृवि में भी मोरिंगा फसल पर विभिन्न प्रकार के शोध कार्य जारी हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए हिमालय रीज़न, उतराखंड



व दक्षिणी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मौरिंगा के सैंपल भी लिए जाएंगे। मोरिंगा दुनिया के सबसे पौष्टिक फसलों में से एक फसल हैं और इसके अनेकों फायदे हैं। मोरिंगा में कैरोटीन, प्रोटीन, विटामिन सी, कैल्शियम, पोटैशियम और आयरन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। मोरिंगा के अनेक उपयोगों ने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और किसानों का ध्यान आकर्षित किया है।

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि मोरिंगा को 'ड्रमस्टिक' या सहजन के नाम से भी जाना जाता है। यह एक उष्णकटिबंधीय पेड़ है व भारत और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इसकी खेती होती है। इसके पेड़ का हर हिस्सा स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इसकी पत्तियां प्रोटीन का एक बड़ा स्त्रोत है और इसमें सभी महत्वपूर्ण एमीनों एसिड भी होते हैं। मोरिंगा की पत्तियां शरीर में ऊर्जा बढ़ाने के साथ-साथ डायबिटीज, इम्यून सिस्टम, हड्डियों और लीवर सहित विभिन्न बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल की जाती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. जयंती टोकस ने बताया कि मोरिंगा पर शोध के लिए विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के दो शोधार्थी मैसी यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। इसी कड़ी में मोरिंगा को लेकर विश्वविद्यालय में इस अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कार्यशाला में आए हुए सभी प्रतिभागियों एवं अधिकारियों का स्वागत किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. अक्षय भूकर ने पारित किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक, प्रतिभागी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जींद के 13 गांव पराली जलाने को लेकर हैं रेड जोन में, रहेगी विशेष नजर

एजेंसी

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने फसल अवशेष प्रबंधन कों लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की और सभी किसानों से आग्रह किया है कि धान के अवशेषों को न जलाएं। इससे हमारा वातावरण दूषित होता है अपितु उसका प्रबंधन करें। किसान या तो धान अवशेषों को मशीनरी की सहायता से मिट्टी में मिश्रित कर दें अथवा स्ट्रा बेलर से पराली की बेल बनवा लें।किसान धान फसल की कटाई एसएमएस लगी कंबाइनों से अनिवार्य करवाएं ताकि पराली प्रबंधन आसानी से किया जा सके। इसके अलावा नंबरदारों ग्राम सचिवों से मिल कर गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को पराली न जलाने के बारे में प्रेरित करें। कृषि उपनिदेशक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि जिला के जो 13 गांव रेड जोन में है उन पर विशेष



ध्यान दिया जाएगा। जिनमें गांव अलेवा, श्रीरागखेड़ा, दनौदाकलां, धमतान साहिब, उझाना, रसीदां, जयपुर, मुआना, अलिपुरा, बडनपुर, करसिंधु शामिल है। उन्होंने बताया कि फसल कटाई के सीजन के दौरान प्रतिवर्ष किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाने से वातावरण में प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे जहां एक तरफ भूमि बंजर होती है वहीं वायु प्रदूषण से मानव जीवन व जीव जंतुओं पर भी संकट मंडराने लगता है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा कहा कि धान के अवशेषों को जलाने से हवा दूषित होती है और ये दूषित हवा हमारे ही नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरनाक है। आज आप जों कुछ भी प्रकृति कों दोगे वो दोगुना करके आपको वापस लौटाएगी और ये आप पर निर्भर करता है कि आप उसे क्या दे रहें हैं। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से भूमि की उपजाऊ शक्ति कम होती है। भूमि की उपरी सतह पर उपस्थित लाभदायक जीवाणु नष्ट हों जाते है। इसके साथ साथ हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है। जिससे पर्यावरण दूषित होता है तथा मनुष्य के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है।

## ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाने के बाद गिरावट के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले घरेलू शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन के कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने पहले तो मजबूती दिखाते हुए ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान फाइनेंशियल सर्विसेज और बैंकिंग सेक्टर को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। बैंक निफ्टी आज 1.08 प्रतिशत की मजबूती हासिल करने में सफल रहा। आईटी, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके अलावा मेटल, एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के शेयरों पर भी लगातार दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 का नई दिल्ली में शुरू होगा चार दिवसीय मेगा इवेंट

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में चार दिवसीय मेगा फ़ूड इवेंट 'वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2024'शुरू होने जा रहा है। इस मेगा इवेंट का आयोजन 19 से 22 सितंबर, 2024 तक भारत मंडपम में किया जा रहा है। इस आयोजन में नीति निर्माताओं, नियामकों, वैश्विक निवेशकों, व्यवसाय नेताओं, और खाद्य कंपनियों के प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बतया कि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे तथा भारत में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की पहलों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन एक उच्च स्तरीय मुख्?य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) का गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और चिराग पासवान करेंगे। रवनीत सिंह बिट्टू भी सीईओ गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक इस कार्यक्रम में केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित रहेंगे।

## अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त करने का ऐलान किया है। कुमार मौजूदा 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी की जगह लेंगे। वे एक अक्टूबर से भारत की परिचालन संबंधी जिम्मेदारियां संभालेंगे। कंपनी ने शीर्ष नेतृत्व में बदलाव की जानकारी देते हुए कहा है कि समीर कुमार को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त किया गया है। अमेजन ने कहा कि भारत के मौजूदा 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी के इस्तीफे के बाद कंपनी ने यह फैसला लिया है। कुमार इस बदलाव पर मनीष तिवारी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। अमेजन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने एक आंतरिक ई-मेल में कहा कि 25 साल का अनुभव रखने वाले समीर कुमार अब कंपनी के भारत उपभोक्ता व्यवसाय की देख-रेख करेंगे, क्योंकि अमेजन इंडिया के वर्तमान 'कंट्री मैनेजर' मनीष तिवारी ने अमेजन के बाहर अवसर तलाशने का फैसला किया है। वे एक अक्टूबर से भारत की परिचालन संबंधी अपनी जिम्मेदारियों को संभालेंगे। कुमार 1999 में अमेजन में शामिल हुए थे। वह उस प्रमुख दल का हिस्सा हैं, जिसने 2013 में अमेजन डॉट इन Amazon.in की योजना बनाई और उसे पेश किया।

## फैबइंडिया का एमएसएमई मंत्रालय के साथ करार

**नयी दिल्ली।** लाइफस्टाइल ब्रांड फैबइंडिया ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत भारत की कारीगरी विरासत को सशक्त बनाने के लिए सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के साथ महत्वपूर्ण गठबंधन की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जो देशभर के पारंपरिक कारीगरों को वित्तीय सहायता, कौशल विकास, तथा मार्केटिंग सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करती है। फैबइंडिया तथा एमएसएमई मंत्रालय के बीच गठबंधन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत् पंजीकृत कारीगरों की मार्केटिंग डेवलपमेंट गतिविधियों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है ताकि वे अपने हुनर को बड़े पैमाने पर लोगों के बीच पहुंचा सकें और उनकी आजीविका में वृद्धि हो। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना 17 सितंबर, 2023 को लॉन्च की गई थी। इस पहल का मकसद भारत के पारंपरिक कलाकारों/शिल्पियों जिनमें कुम्हार, बढ़ई, नाव निर्माता, बुनकर, कवच बनाने वाले, लोहार, मिस्त्री, सुनार, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाले, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, मोची, जूता बनाने वाले कारीगर, गुड़िया तथा खिलौना बनाने वाले, हार बनाने वाले तथा कुशल कारीगर शामिल हैं।

## एसडी रिटेल का आईपीओ 20 सितंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 124-131 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद स्थित एस.डी. रिटेल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार, 20 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्?य का दायरा (प्राइस बैंड) 124-131 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ शुक्रवार, 20 सितंबर को खुलेगा, निवेशक मंगलवार, 24 सितंबर तक इस आईपीओ के लिए बोली लगा सकते हैं।

कंपनी के मुताबिक इस आईपीओ के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 124 से 131 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। एसडी रिटेल के मुताबिक उसका आईपीओ 64.98 करोड़ रुपये का बुक बिल्ट इश्यू है। ये इश्यू पूरी तरह से 49.6 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू है। खुदरा निवेशक, एचएनआई और क्यूआईबी 24 सितंबर तक इस आईपीओ के लिए बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने कहा कि इस निर्गम से प्राप्त 16.48 करोड़ रुपये का उपयोग नए अनन्य




ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) स्थापित करने के लिए पूंजीगत व्यय में किया जाएगा, जबकि 35 करोड़ रुपये और बाकी सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। उल्लेखनीय कि अहमदाबाद स्थित एस.डी. रिटेल लिमिटेड पूरे परिवार के लिए स्टाइलिश और आरामदायक स्लीपवियर की विविध रेंज पेश करती है, जो काम से घर की ज़िंदगी में बदलाव का जश्न मनाती है। कंपनी देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वितरकों, अनन्य ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) और मल्टी-ब्रांड आउटलेट (एमबीओ) के माध्यम से अपने उत्पाद को बेचती है।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह अबतक 16 फीसदी बढ़कर 9.95 लाख करोड़ रुपये पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आर्थिक मोंचे पर अच्छी खबर है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 17 सितंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.12 फीसदी बढ़कर 9,95,766 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह भी 21.48 फीसदी की उछाल के साथ 12,01,073 लाख करोड़ रुपये रहा है। आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर जारी आंकड़ों में बताया कि चालू वित्?त वर्ष में एक अप्रैल से 17 सितंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.12 फीसदी बढ़कर 9,95,766 लाख करोड़ रुपये रहा है। वहीं, शुद्ध व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) संग्रह 19 फीसदी की बढ़त के साथ 5.15 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कॉरपोरेट कर संग्रह 10.55 फीसदी बढ़कर 4.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। विभाग के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अबतक 2.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिफंड जारी किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि की तुलना में 56.49 फीसदी अधिक है। वहीं, पीआईटी अग्रिम कर संग्रह में 39.22 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि कॉरपोरेट कर में वृद्धि




18.17 फीसदी रही है। इस तरह सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 12,01,073 लाख करोड़ रुपये रहा, जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अबतक 21.48 फीसदी की वृद्धि है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर (व्यक्तिगत आयकर, कॉरपोरेट कर और अन्य कर) से 22.12 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13 फीसदी अधिक है।

प्रतिभूति लेन-देन कर (एसटीटी) से इनकम 26,154 करोड़ रुपये रही है। विभाग के मुताबिक रिफंड को जोड़ने के बाद चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अबतक पीआईटी और कॉरपोरेट करों को मिलाकर शुद्ध संग्रह 9,95,766 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्?त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16.12 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक अग्रिम कर संग्रह 22.61 फीसदी बढ़कर 4.36 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## मनबा फाइनेंस का आईपीओ 23 सितंबर को खुलेगा, प्राइस बैंड 114-120 रुपये प्रति शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मनबा फाइनेंस लिमिटेड कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सोमवार, 23 सितंबर 2024 को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्?य दायरा (प्राइस बैंड) 114-120 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने कुल 150.84 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 23 सितंबर 2024 को खुलेगा, जो बुधवार, 25 सितंबर को बंद हो जाएगा। कंपनी ने बताया कि इस आईपीओ के लिए 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर 114 रुपये से 120 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। बयान के मुताबिक निवेशक इसमें कम के कम 125




इक्विटी शेयर्स और इसके मल्टीपल में शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। मनबा फाइनेंस लिमिटेड इसमें कुल 1,25,70,000 फ्रेश शेयर इश्यू करेगी। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए एक भी शेयर नहीं बेच रहे हैं। बयान के मुताबिक 30 सितंबर को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। आईपीओ के तहत नए इश्यू के जरिए मिले पैसे का उपयोग कंपनी अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में करेगी।

उल्लेखनीय है कि मनबा फाइनेंस लिमिटेड के बिजनेस की शुरुआत वर्ष 1998 में मुंबई से एक नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में हुई। कंपनी ने 2009 से तेज ग्रोथ किया है। कंपनी के ब्रांच अर्बन, सेमी-अर्बन और मेट्रोपोलिटन शहरों और टाउन्स तक हैं, जो आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्विस प्रोवाइड करती हैं। इस कंपनी का मुख्यालय मुंबई में स्थित है लेकिन कंपनी का एक्सपेंशन वेस्टर्न, सेंट्रल और नॉर्थ इंडिया के 6 राज्यों में 29 ब्रांचेज से जुड़े 66 जगहों तक है।

## एसबीआई कार्ड्स एनसीडी के जरिये 5,000 करोड़ रुपये जुटाएगा, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स से मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड ने नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के जरिए 5,000 करोड़ रुपये जुटाने का ऐलान किया है। कंपनी के बोर्ड ने इसके लिए एक या एक से अधिक किस्तों में सिक्योरिटीज के प्राइवेट प्लेसमेंट को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने आज एक्सचेंज फाइलिंग के जरिए इस आशय की जानकारी दी। एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अपनी बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा करने के साथ ही प्राइवेट प्लेसमेंट के आधार पर एक या एक से अधिक किस्तों में कुल 5,000 करोड़ रुपये के नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर जारी करके फंड जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके पहले पिछले सप्ताह की शुरुआत में ही एसबीआई कार्ड्स ने एक्सचेंज को सूचित किया था कि कंपनी का बोर्ड फंड जुटाने पर विचार करने के लिए 18 सितंबर को मीटिंग करके अंतिम निर्णय लेगा।एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी के नेट प्रॉफिट में




0.2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले साल पहली तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 593.3 करोड़ रुपये था, जो इस साल की पहली तिमाही में मामूली बढ़ोतरी के साथ 594.5 करोड़ रुपये रहा है। इस अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 11.4 प्रतिशत की दर से बढ़ कर 3,911.9 करोड़ रुपये की तुलना में 4,358.6 करोड़ रुपये हो गया है।

## ओसवाल पंप्स लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी किया दाखिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओसवाल पंप्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।

पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दाखिल दस्तावेज के मुताबिक हरियाणा स्थित ओसवाल पंप्स लिमिटेड मंगलवार को आईपीओ के लिए अपना डीआरएचपी दाखिल किया है। कंपनी के दाखिल किए गए दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक यह आईपीओ एक रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला आईपीओ 1000 करोड़ रुपये तक के नए निर्गम और विवेक गुप्ता द्वारा 11.31 मिलियन इक्विटी शेयरों की बिक्री प्रस्ताव (ओएफएस) का संयोजन है। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि ये ऑफर बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के जरिए किया जा




रहा है, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए ऑफर का 50 फीसदी से अनधिक हिस्सा उपलब्ध होगा। वहीं, गैर-संस्थागत बोलीदाताओं को आवंटन के लिए ऑफर का 15 फीसदी से अनधिक हिस्सा उपलब्ध होगा, जबकि खुदरा व्यक्तिगत बोलीदाताओं को आवंटन के लिए ऑफर का 35 फीसदी से अधिक हिस्सा उपलब्ध होगा। ओसवाल पंप्स लिमिटेड ने कहा कि नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी के कुछ पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण, पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ओसवाल सोलर में ऋण या इक्विटी के रूप में निवेश, हरियाणा के करनाल में नई विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने, ऋण का भुगतान और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जाएगा। कंपनी ने वर्ष 2003 में कम गति वाले मोनोब्लॉक पंप के निर्माण से अपना परिचालन शुरू किया और पिछले कुछ वर्षों में इसने ग्रिड से जुड़े हाई-स्पीड मोनोब्लॉक पंप, ग्रिड से जुड़े सबमर्सिबल पंप और इलेक्ट्रिक मोटर के निर्माण के लिए अपने परिचालन का विस्तार किया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्थित कंपनी ओसवाल पंप्स लिमिटेड सौर ऊर्जा से चलने वाले और ग्रिड से जुड़े सबमर्सिबल और मोनोब्लॉक पंप, इंडक्शन और सबमर्सिबल मोटर के साथ-साथ सोलर मॉड्यूल वाली इलेक्ट्रिक मोटर बनाती है। ये 'ओसवाल' ब्रांड के तहत बिक्री करती है। इसके वितरकों का एक व्यापक नेटवर्क है, जो 31 मार्च 2022 तक 473 से बढ़कर इस वर्ष मार्च 2024 के अंत तक 636 हो गया है।

## हैकेट ग्रुप ने जेन एआई डेवलपमेंट फर्म लीवेहर्ट्ज़ का किया अधिग्रहण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जेन एआई रणनीतिक परामर्श और कार्यकारी सलाहकार कंपनी द हैकेट ग्रुप इंक ने आज उन्नत जेन एआई समाधानों के एक लीवेहर्ट्ज़ के अधिग्रहण की घोषणा की। यह अधिग्रहण अपने ग्राहकों की जेन एआई यात्रा का अग्रणी वास्तुकार बनने की हैकेट समूह की आक्रामक रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लेन-देन हैकेट के उद्यम डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वर्ल्ड क्लास आईपी को लीवेहर्ट्ज़ के जनरल एआई उन्नत समाधान और कार्यान्वयन क्षमताओं के साथ-साथ उनके संबंधित बाजार के अग्रणी एआई एक्सपीएलआर और जेडब्रेनडॉट एआई सॉफ्टवेयर प्लेटफार्मों के साथ जोड़ता है। जनरल एआई परामर्श और सॉफ्टवेयर प्लेटफ़ॉर्म संयोजन से एक व्यापक क्षमता प्राप्त होने की उम्मीद है जो कार्यान्वयन एआई पहल के माध्यम से अपने ग्राहक के विचार को तेज और बढ़ाती है। एआई एक्सपीएलआर और जेडब्रेन का रणनीतिक एकीकरण एआई एक्सपीएलआर और जेडब्रेन के संयोजन से यह पुनर्परिभाषित होने की उम्मीद है कि उद्यम अपने परिचालन में एआई का मूल्यांकन और कार्यान्वयन कैसे करते हैं।

## सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना किया लॉन्च, बच्चों के लिए एक हजार रुपये में खोले जा सकेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 'एनपीएस वात्सल्य' योजना की शुरुआत की। इस योजना में माता-पिता को पेंशन अकाउंट में निवेश कर अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने की सुविधा दी गई है। बच्?चे के माता-पिता ऑनलाइन या निकटतम बैंक या डाकघर जाकर एनपीएस वात्सल्य योजना का हिस्सा बन सकते हैं। इस योजना के तहत वात्सल्य खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान एक हजार रुपये है। इसके बाद अंशधारकों को सालाना 1,000 रुपये का योगदान करना होगा।

नई दिल्ली में विज्ञान भवन में इस योजना के शुभारंभ के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने हाल ही में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दी है,




जो एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी। सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के साथ-साथ नई पेंशन योजना (एनपीएस) के बेहतरीन तत्व हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है। वित्त मंत्री ने कहा कि यूपीएस के तहत सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 फीसदी गारंटीकृत पेंशन मिलेगी। इसके अतिरिक्त यूपीएस योजना में औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर मुद्रास्फीति सूचकांक भी शामिल है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकारों के पास भी एकीकृत पेंशन योजना को अपनाने का विकल्प है। सीतारमण ने कहा कि एनपीएस भविष्य की पीढ़ियों पर भारी पेंशन बिलों का बोझ न डालकर सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ करदाताओं के हितों को संतुलित करता है। वित्त मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी माता-पिता से अनुरोध किया कि आप जब भी अपने बच्चे के साथ किसी एक के बर्थडे पार्टी में जाएं, आप जरूर टॉफियां, केक या कुछ तोहफा उस बच्चे के लिए लेकर जाइए। लेकिन आप उस बच्चे के भविष्य के लिए कुछ करना चाहते हैं, तो आप 'एनपीएस वात्सल्य' के नाम पर उसके माता-पिता के हाथ में कुछ पैसा देकर आएं।

## इरेडा को क्यूआईपी के जरिये फंड जुटाने की मंजूरी मिली, 7 प्रतिशत तक घट जाएगी सरकार की हिस्सेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट एंड पब्लिक ऐसेट मैनेजमेंट (दीपम) ने इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा) को क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए फंड जुटाने की अनुमति दे दी है। दीपम से मंजूरी मिलने के बाद इरेडा फ्रेश इक्विटी शेयर जारी करके 4,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है।

उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश के आधार पर दी गई फंड जुटाने की मंजूरी के कारण इरेडा में सरकार की हिस्सेदारी कंपनी की पोस्ट इश्यू पेड-अप इक्विटी के 7 प्रतिशत तक कम हो जाएगी। कुछ दिन पहले ही इरेडा के सीएमडी प्रदीप दास ने भी कहा था कि उन्हें कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी कम करने के लिए जल्द ही मंजूरी मिल जाने की उम्मीद है दीपम से मंजूरी मिल जाने के बाद इरेडा मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक क्वालिफाइड




इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के जरिए 4,500 करोड़ से लेकर 5,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना पर काम कर रही है। इसके अलावा कंपनी की योजना मौजूदा वित्त वर्ष में ही करीब 24 हजार करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की भी है, ताकि कंपनी के कामकाज का और विस्तार किया जा सके।

इसके पहले पिछले महीने ही इरेडा के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने कंपनी के लिए फंड जुटाने की योजना को क्रियान्वित करने के लिए फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) या अन्य तरीकों को अपनाने की मंजूरी दे दी थी। माना जा रहा है कि दीपम से इसी सिलसिले में इरेडा को मंजूरी मिली है। हालांकि कंपनी द्वारा मौजूदा वित्त वर्ष में लिए जाने वाले कर्ज के संबंध में अभी किसी भी तरह का खुलासा नहीं किया गया है।

## नवंबर से दिसंबर मध्य तक 35 लाख शादियों से 4.25 लाख करोड़ खर्च होने का अनुमान

**मुंबई।** देश में इस वर्ष नवंबर से दिसंबर मध्य तक 35 लाख शादियां होने का अनुमान है जिससे 4.25 लाख करोड़ रुपये व्यय होने की संभावना है। वित्तीय सेवा संगठन पीएल कैपिटल - प्रभुदास लीलाधर ने अपनी नवीनतम बीट रिपोर्ट बैंड, बाजा, बारात और बाजार में यह दावा किया है। उसने कहा है कि भारत में हर साल लगभग एक करोड़ शादियाँ होती हैं, जिससे इसका विवाह उद्योग दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग बन जाता है और इससे लाखों नौकरियाँ पैदा होती हैं। उसने कहा है कि सोने के आयात शुल्क को हाल में 15 प्रतिशत से कम करके 6 प्रतिशत कर दिया गया है जिससे देश भर में सोने की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है, खासकर आगामी त्योहारों और शादियों के मौसम में। सोने के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए, साथ ही एक मूल्यवान निवेश के रूप में इसकी स्थिति को देखते हुए, इस कटौती से मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## वित्त मंत्री ने लॉन्च की एनपीएस वात्सल्य योजना, अब पेंशन के दायरे में नाबालिग भी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजधानी नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में एनपीएस वात्सल्य योजना को लॉन्च किया। इस योजना की शुरुआत होने से देश में अब नाबालिग बच्चों का भी पेंशन अकाउंट खुलेगा। सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 पेश करते हुए इस स्कीम का ऐलान किया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एनपीएस वात्सल्य योजना की लॉन्चिंग के अवसर पर कुल नौ बच्चों को पर्मानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर वितरित किए। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि आप जब भी किसी बच्चे के जन्मदिन समारोह में जाएं तो उस बच्चे को एनपीएस वात्सल्य अकाउंट के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सीतारमण ने कहा कि इस नई पहल का उद्देश्य नाबालिगों को दीर्घकालिक वित्?तीय सुरक्षा प्रदान करना है। इस स्कीम के जरिए ऐसे उम्र के लोगों को पेंशन बेनेफिट के साथ जोड़ा जा सकेगा, जो अब तक इससे वंचित थे। उन्होंने कहा कि देश में अब नाबालिगों का




पेंशन अकाउंट खोला जा सकेगा जिससे, लंबी अवधि में उनके लिए बड़ा कॉरपस तैयार किया जा सके और वित्तीय तौर पर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सके। एनपीएस वात्सल्य योजना को बच्चों के बड़े होने पर उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके तहत माता-पिता बच्चों की ओर से निवेश कर सकते हैं। बच्चे के बालिग होने पर ये अकाउंट नियमित एनपीएस में तबदील हो जाएगा। इस योजना के तहत बच्?चों को परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर एक 12 अंकों का अद्वितीय नंबर दिया जाएगा, जो नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत रजिस्टर्ड हर व्यक्ति को दिया जाता है। ये एक पहचान के रूप में काम करता है और जीवनभर के लिए सक्रिय रहता है।

## क्या चुटकी भर जायफल चटाने से बच्चों की खांसी होगी दूर इस्तेमाल से पहले जान लें तरीका, फायदे-नुकसान



**जायफल भोजन का स्वाद बढ़ाने के साथ ही काफी फायदेमंद भी होता है. क्या आप जानते हैं कि बच्चों के ल?िए भी जायफल काफी फायदेमंद होता है? आपको बता दें कि बच्चे को खांसी होने पर चुटकी भर जायफल खिलाने से खांसी-सर्दी से राहत मिल सकती है.**

शिशुओं और छोटे बच्चों का कुछ भी खिलाना काफी टेढ़ी खीर होती है. बच्चे जल्दी किसी भी चीज को खाने के लिए तैयार नहीं होते हैं. मौसम भी इन दिनों ऐसा है कि बच्चे जल्दी बीमार पड़ सकते हैं. सर्दी, खांसी, गला खराब बेहद कॉमन है. बच्चों को एक बार खांसी हो जाए तो यह कई दिनों तक बनी रहती है. समझ नहीं आता कि कौन सी दवा दी जाए, जिससे उन्हें राहत मिले. हालांकि, आप दवा, कफ सिरप अधिक देने की बजाय बच्चों की खांसी, सर्दी को घरेलू उपायों से भी दूर कर सकते हैं. इसमें एक मसाला है, जो उनकी खांसी को ठीक कर सकता है. वह मसाला है जायफल. चलिए जानते हैं जायफल किस तरह से बच्चों को खांसी से राहत दिला सकता है.

बच्चों के लिए जायफल के फायदे **(jaiphal ke fayde in hindi)**

-जायफल भोजन का स्वाद बढ़ाने के साथ ही काफी फायदेमंद भी होता है. इसका इस्तेमाल दवा बनाने के लिए भी खूब किया जाता है. क्या आप जानते हैं कि बच्चों के ल?िए भी जायफल काफी फायदेमंद होता है? तो आपको बता दें कि आप यदि बच्चे को खांसी होने पर चुटकी भर जायफल खिलाते हैं तो खांसी-सर्दी से राहत मिल सकती है. ये उनकी इम्यूनिटी को भी बढ़ाता है.

-जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है तो कई तरह के रोगों और इंफेक्शन के होने का जोखिम बढ़ जाता है. ऐसे में आप अपने बच्चों को एक चुटकी जायफल चटा कर उनकी प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बना सकते हैं. इस मसाले में डाइजेस्टिव एंजाइम्स होते हैं, जो शिशु के पाचन तंत्र को मजबूत बना सकते हैं. बच्चों को अक्सर पेट दर्द, गैस की समस्या हो जाती है. शहद में चुटकी भर जायफल का पाउडर मिलाकर चटाने से पेट दर्द, गैस की समस्या दूर हो सकती है.

ङ्क बच्चों को बारिश, सर्दी के मौसम में भी आप जायफल दे सकते हैं. इन मौसम में सर्दी-खांसी हो तो आप जायफल पाउडर को थोड़े से सरसों तेल में मिला दें. इसे हल्का गर्म करके बच्चों के सीने पर मालिश करें. सर्दी-खांसी में आराम मिलेगा. जायफल के तेल में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी फायदेमंद होते हैं.जब शिशु का दांत ना निकले, कोई तकलीफ हो तो आप जायफल और मिश्री को पीस कर पाउडर बना लें. इसे दूध या पानी में मिक्स करके बच्चे को पिला दें. इससे दांत जल्दी निकल सकते हैं. जायफल का तेल दांत निकलने के दौरान होने वाले दर्द को कम करने में मदद करता है. इस तेल को आप बच्चे की स्किन पर भी अप्लाई कर सकते हैं, इससे त्वचा कोमल और चमकदार हो सकता है.-जायफल में मौजूद औषधीय गुण मेटाबॉलिज्म बूस्ट करते हैं. इसे पीसकर दूध में मिलाएं और बच्चे को पिलाएंगे तो पाचन क्रिया बेहतर होगी. जो बच्चे खाना सही से नहीं खाते हैं, उन्हें भी ये दूध पिला सकते हैं. इससे उनकी भूख बढ़ेगी.हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना ??है कि जायफल का अधिक सेवन नुकसान भी पहुंचा सकता है. इसे बच्चों को देने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर ले लें. बच्चों के लिए नटमेग फायदेमंद है, तो हानिकारक भी हो सकता है. ऐसे में जायफल का सेवन सीमित मात्रा में करें. जायफल से एलर्जी हो, तो गलती से भी बच्चे को न दें.

# नाकाम प्रचार तंत्र से उपजी है जुबान काटने की धमकी







चार राज्यों के होने जा रहे चुनाव खासा महत्व रखते हैं। इसके लिये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, महाराष्ट तथा झारखंड में भी इसी साल चुनाव होंगे। सभी में भाजपा पराजय की कगार पर खड़ी दिखलाई दे रही है। जे एंड के में कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस से गठबन्धन हुआ है तो वहीं हरियाणा में भी वह आगे चल रही है।

अमेरिका से राहुल गांधी लौटे ही हैं कि उनके खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हालांकि यह पहली बार नहीं हुआ है। जिस प्रकार से राहुल भाजपा और खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कई मुद्दों को लेकर हमलावर हैं, उससे मोदी के समर्थकों का नाराज़ होना स्वाभाविक है ही, लेकिन जिस तरह की भाषावली का इस्तेमाल भाजपा के विभिन्न नेता राहुल के खिलाफ कर रहे हैं, उसे किसी भी तरह से लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता। तथ्यों का जवाब तथ्यों से दिया जा सकता है; और भाजपा के पास तो बेहतर तथा संगठित प्रचार तंत्र है- सरकारी, भाजपा का आईटी सेल तथा विशालकाय ट्रोल आर्मी। फिर भी अगर भाजपा का कोई नेता राहुल की ज़ुबान काटने वाले को 11 लाख रुपये का ईनाम देने की घोषणा करता है तो समझ लेना चाहिये कि यह सारा ही प्रचार तंत्र ध्वस्त हो गया है। उसी बदहवासी और बौखलाहट में राहुल पर हमले तेज़ हो गये हैं।

भाजपा की परेशानियां तभी से शुरू हो गयी थीं जब सितम्बर, 2022 के पहले हफ्ते में राहुल ने कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की पैदल यात्रा निकाली थी। उसे भाजपा ने न सिर्फ हल्के में लिया था, वरन उसके हुल्लड़ी ग्रुप ने इसका मज़ाक उड़ाया था और कई तरह की बेढंगी बातें भी कही थीं। किसी ने पहले अपनी पार्टी को जोड़ने फिर देश को जोड़ने की सलाह दी थी, तो किसी ने राहुल द्वारा स्वामी विवेकानंद का अपमान करने की बात कही। इन सबसे पार पाते हुए राहुल ने न सिर्फ करीब 4 हजार किलोमीटर नाप दिये बल्कि 14 जनवरी से 16 मार्च, 2023 तक न्याय यात्रा भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली। हालांकि पहली यात्रा के बीच ही उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ तगड़ी मोर्चेबन्दी कर ली थी। सड़क मार्ग से होते हुए जब तक वे 17वीं लोकसभा के आखिरी-आखिरी दौर के सत्र में पहुंचे तो जो भाजपा उन्हें हल्के में ले रही थी या उनकी एक खास तरह की छवि भारी-भरकम पैसा फेंककर बना चुकी थी, सतर्क हो गयी। इन यात्राओं में राहुल ने मोदी सरकार के खिलाफ तो विमर्श गढ़ा ही, भाजपा को कई मामलों में पीछे ढकेल दिया। राहुल की इस यात्रा ने कांग्रेस को पुनर्जीवित किया, साथ में विपक्षी गठबन्धन भी बनाया।

भाजपा ने संसद में राहुल और कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से नहीं वरन अनैतिक तरीके से नुकसान पहुंचाना शुरू किया। उनके भाषणों के अंश काटे जाते रहे या उनका माइक बन्द किया जाता रहा। उनके खिलाफ कभी प्रवर्तन निदेशालय के मामले में लम्बी पूछताछ कराई गई तो कभी अवमानना का मामला फिर से जिन्दा किया गया। उन सभी बाधाओं से बाहर निकलते हुए राहुल ने पिछले लोकसभा चुनावों में न केवल अपनी पार्टी की ताकत लोकसभा में दोगुनी करके दिखाई वरन एक मजबूत विपक्ष भी मोदी के सामने खड़ा कर दिया। लोकसभा में इस तरह का हश्र हो सकता है, इसका अनुमान भाजपा को पहले से होने लगा था। इसलिये मोदी समेत उनसे सारे नेताओं की ज़ुबान बेहद ज़हरीली हो चली थी। इसी नफ़रती शब्दावली के बल पर मोदी न केवल विपक्ष को अपमानित करते रहे बल्कि अपने भाषणों से ध्रुवीकरण भी करते चले गये। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले हुए छत्तीसगढ़. मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा को मिली बम्पर जीत ने भाजपा के चेहरे पर मुस्कान तो लौटा दी थी और उसे यह आशा हो चली थी कि 2019 से भी उसका बेहतर प्रदर्शन रहेगा। इसी के भरोसे मोदी ने 370 व 400 पार का नारा दिया जो कि अंततः जबरन फुलाया गया गुब्बारा साबित हुआ। भाजपा 303 से 240 पर उतर आई। चुनाव के ऐन पहले इंडिया गठबन्धन को धोखा देने वाले नीतीश कुमार की जनता दल यूनाईटेड के 16 तथा चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देसम पार्टी के 12 सदस्यों ने मोदी को तीसरी बार पीएम की कुर्सी तो दिला दी, लेकिन वह सतत डोल रही है।

ऐसे माहौल में चार राज्यों के होने जा रहे चुनाव खासा महत्व रखते हैं। इसके लिये जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लिये तो प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है, महाराष्ट तथा झारखंड में भी इसी साल चुनाव होंगे। सभी में भाजपा पराजय की कगार पर खड़ी दिखलाई दे रही है। जे एंड के में कांग्रेस का नेशनल कांफ्रेंस से गठबन्धन हुआ है तो वहीं हरियाणा में भी वह आगे चल रही है। भाजपा के प्रति लोगों की नाराजगी इस कदर है कि वहां 50 से ज्यादा विधायक, पूर्व विधायक, नेता आदि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। महाराष्ट में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे ही, वहां भाजपा ने जिस प्रकार से ऑपरेशन लोटस के जरिये उद्धव ठाकरे की सरकार गिराई और शिवसेना तथा नेशनल कांग्रेस पार्टी को तोड़ा, उसके चुनाव चिन्ह छीन लिये, उसके चलते लोगों में भाजपा के प्रति बेकदर नाराज़गी है।

ऐसा समझा जाता है कि विधानसभा चुनाव को लेकर भी यहां भाजपा बड़ी परेशानी में है। वह इसलिये भी क्योंकि शिवसेना के एकनाथ शिंदे और एनसीपी के अजित पवार धड़े में कई लोग वापसी की मंशा रखते हैं। एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के भतीजे अजित तो कह चुके हैं कि उन्होंने परिवार को तोड़कर गलती की जिसका उन्हें दुख है।ऐसे में जब राहुल गांधी अमेरिका दौरे पर देश में लोकतंत्र की दुर्दशा से लोगों को अवगत करा रहे हैं तो इससे पूरी भाजपा खिसियाई हुई है। देश में धार्मिक आजादी के खतरे के रूप में राहुल ने जो एक उदाहरण के रूप में यह कहा था कि %पता नहीं कब तक सिखों को पगड़ी पहनने की आज़ादी रहेगी या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे%, उसका बतंगड़ बनाने की कोशिश भाजपा ने की। किसी ने राहुल को आतंकी कह दिया तो किसी ने उन्हें खालिस्तान समर्थक, क्योंकि एक खालिस्तानी नेता ने राहुल के बयान को पृथक देश के समर्थन के रूप में देखा।

ऐसे ही जब अमेरिका में ही एक भाषण के दौरान राहुल ने कहा कि %जब तक ज़रूरी है तब तक आरक्षण जारी रहेगा। जब उसके समाप्त करने की आवश्यकता पड़ेगी तब उसके बारे में सोचा जायेगा।% उन्होंने साफ किया कि अभी इसका समय नहीं आया है। इसका भी लाभ लेने की कोशिश भाजपा यह कहकर कर रही है कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। इस क्रम में वह लोगों को भुलाने की भी कोशिश कर रही है कि वह स्वयं तभी से आरक्षण के खिलाफ रही है जब से संविधान लागू हुआ है और आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। दरअसल भाजपा का संविधान और आरक्षण के प्रति प्रेम तब जाग्रत हुआ जब इसी लोकसभा चुनाव में यह विमर्श इतना आगे बढ़ गया था कि लोगों में यह बात घर कर गयी कि भाजपा 400 सीटों का लक्ष्य इसलिये पाना चाहती है क्योंकि उसे संविधान बदलना है।जाहिर है कि संविधान बदलने का उद्देश्य आरक्षण खत्म करना ही माना गया था।

यह बात भी भाजपा के कई नेताओं एवं उम्मीदवारों ने कही थी। कांग्रेस समेत इंडिया गठबन्धन ने इसे प्रमुख मुद्दा बनाया। इसके कारण मोदी को सरकार बनाने के लिये दो बैसाखियों का सहारा लेना पड़ गया। भाजपा के पूरे प्रचार तंत्र की नाकामी और सरकार को घुटनों के बल पर लाने वाले राहुल की ज़ुबान काटने वाले को यदि भाजपा का कोई नेता ईनाम घोषित करता है तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिये।

संपादकीय

## दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री आतिशी

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में अब मुख्यमंत्री पद का दायित्व आतिशी संभालेंगी। 2020 में पहली बार विधायक बनीं आतिशी महज चार सालों में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगी, इसका अनुमान किसी को भी नहीं था, खुद आतिशी ने भी इस पद के बारे में कभी सोचा नहीं होगा। क्योंकि दिल्ली की सत्ता में आम आदमी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा शुरु से अरविंद केजरीवाल ही रहे हैं, और आगे भी रहेंगे। उनके इस अघोषित दावे को चुनौती देने वाला पार्टी में कोई नहीं है और जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व और पार्टी पर पकड़ से तकलीफ थी, वे पहले ही अलग हो चुके हैं।बहरहाल, बीते वक्त में दिल्ली की सियासत में काफी उलटफेर हुई। अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित घोटाले के आरोप में मार्च 2024 में ईडी ने गिरफ्तार किया, ईडी की गिरफ्तारी में जमानत मिली तो जून में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। इसी 13 सितंबर को श्री केजरीवाल को फिर जमानत मिली। इसके बाद सभी को अनुमान था कि वे हरियाणा चुनाव के प्रचार में जुटेंगे, लेकिन इससे पहले अपना इस्तीफा देकर उन्होंने सभी को चौंका दिया। अरविंद केजरीवाल के हटने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा, इसे लेकर कई नाम सामने आए। सुनीता केजरीवाल का नाम तो था ही, इसके अलावा कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, आतिशी जैसे तमाम मंत्रियों का नाम भी सामने आ रहा था। जिसमें बाजी आतिशी के हाथ लगी। हालांकि आतिशी ने विधायक दल का नेता चुने के बाद साफ कर दिया है कि वे अरविंद केजरीवाल को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने खुद को बधाई दिए जाने से मना कर दिया कि यह दुख का अवसर है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद छोड़ रहे हैं।अब आतिशी बधाई स्वीकार करें या न करें, लेकिन आधिकारिक तौर पर अब उनका नाम देश के मुख्यमंत्रियों की सूची में शामिल हो रहा है। आतिशी देश की महिला मुख्यमंत्रियों की अनूठी सूची में अब दर्ज हो रही हैं। खास बात यह है कि दिल्ली को अब तीसरी महिला मुख्यमंत्री मिली है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री होंगी। देश के तमाम राज्यों में संभवतः दिल्ली की एक ऐसा राज्य है, जिसने तीन-तीन महिला मुख्यमंत्री दी हैं।दरअसल आतिशी का महिला विधायक होना, उनके मुख्यमंत्री बनने के अनेक कारणों में से एक है। आम आदमी पार्टी से ही राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर मुख्यमंत्री निवास में ही मारपीट और उत्पीड़ित करने का गंभीर आरोप चुनावों के दौरान लगाया था। जिस पर बिभव कुमार गिरफ्तार हुए ही, विरोधियों को आप को महिला विरोधी दल साबित करने का मौका मिल गया। हालांकि आतिशी ने तब भी कहा था कि स्वाति मालीवाल प्रकरण भाजपा की शह पर हुआ है। अब आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर अरविंद केजरीवाल ने आप की महिला विरोधी छवि के दाग को मिटाने की कोशिश की है। इससे पहले 2020 के मंत्रिमंडल गठन में जब श्री केजरीवाल ने आठ महिला विधायकों में एक को भी मंत्री नहीं बनाया था, तब भी इस बात की आलोचना हुई थी। लेकिन अब उन तमाम शिकायतों का जवाब एक साथ दे दिया गया है।आतिशी का राजनैतिक कद पिछले साल 2023 से एकदम से बढ़ा, जब दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति मामले में ही गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली के शिक्षा मंत्री के तौर पर मनीष सिसोदिया ने जितने नए प्रयोग किए और अनूठे फैसले लिए, उन सबमें आतिशी का भी योगदान रहा है। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद उन्हें दिल्ली सरकार में कई और महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली और मुख्यमंत्री बनने से पहले वे 14 विभाग संभाल रही थीं।इसके अलावा जब आम आदमी पार्टी में मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल जैसे बड़े नामों को सलाखों के पीछे जाना पड़ा, तब आतिशी पार्टी की आवाज बनकर जनता के बीच उपस्थित होती रहीं। बेशक सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय का नाम भी इसमें लिया जा सकता है, लेकिन कई सारे मंत्रालयों को संभालना भी आतिशी के मुख्यमंत्री बनने में मददगार साबित हुआ। आतिशी अरविंद केजरीवाल की भी विश्वासपात्र हैं, यह बात तब और पुख्ता हो गई, जब स्वतंत्रता दिवस समारोह में अरविंद केजरीवाल की तरफ से झंडारोहण के लिए आतिशी का नाम भेजा गया था।

# भविष्य के लिए खतरनाक है शासन का 'एनकाउंटर मॉडल'









आज उत्तर प्रदेश आईटी, विनिर्माण या ऑटोमोबाइल का केंद्र होने की बजाय सस्ते श्रम का कारख़ाना है जहां के मजदूरों की मार्मिक कथाएं पूरे देश और दुनिया में बिखरी हुई हैं। भविष्य के लिए कोई तैयारी नहीं की गई। न खेती किसानी में नवोन्मेष लाया गया, न ही स्किल और गुणवत्ता बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया, न वस्तुओं के उत्पादन पर।

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 28 अगस्त को दिनदहाड़े हुई डकैती में शामिल एक आरोपी मंगेश यादव का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। डकैती के मुख्य आरोपी का नाटकीय ढंग से सरेंडर, तीन के पकड़े जाने और एक आरोपी के एनकाउंटर के बाद पूरे प्रकरण पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मंगेश के परिवार का आरोप है कि पुलिस उन्हें घर से उठा कर ले गई थी। दो दिन कस्टडी में रखा और फिर मार दिया।

प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आई है, गर्वनेंस में एक गन कल्चर शुरू हुआ है। इसे आप भाजपा का ठोंक दो मॉडल कह सकते हैं। आप आए दिन मुख्यमंत्री के मुंह से मिट्टी में मिला दूंगा जैसे हिंसक और गैरकानूनी जुमले सुन सकते हैं। इसका नतीजा प्रदेश में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के रूप में सामने है, जिसपर सवाल ही सवाल हैं।20 मार्च, 2017 से सितंबर, 2024 के बीच एनकाउंटर में कुल 207 अपराधी मारे गए और 17 पुलिसकर्मियों की भी मौत हुई। लगभग सात सालों की इस अवधि में यूपी पुलिस ने कुल 12964 एनकाउंटर किए। यानी प्रदेश में हर दिन औसतन 5 से ज्यादा एनकाउंटर की घटनाएं हो रही हैं और औसतन हर 13 दिन में एनकाउंटर के माध्यम से एक हत्या हो रही है।

अगर इन आंकड़ों को जातीय आधार पर देखें तो इनमें 67 मुस्लिम, 20 ब्राह्मण, 18 ठाकुर, 17 जाट और गुर्जर, 16 यादव, 14 दलित, 3 ट्राइब्स, 2 सिख, 8 अन्य ओबीसी और 42 अन्य जातियों के लोग शामिल हैं। इनमें लगभग 80प्रतिशत संख्या अल्पसंख्यक, खासकर मुस्लिमों और दलित पिछड़ों की है जो इस आरोप को बल देती है कि यूपी में जाति-धर्म के आधार पर, अमानवीय ढंग से राजनीतिक मकसद से एनकाउंटर किये जा रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल लगातार हो रहे एनकाउंटर के मकसद पर है। क्या इससे कानून व्यवस्था बेहतर हुई है? एनकाउंटर का सीधा मतलब है कि अपराधी ने पुलिस पर गोली चलाई और पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। आंकड़ों से स्पष्ट है कि हर दिन कम से कम 5 मामलों में अपराधी पुलिस पर गोलियां चला रहे हैं और बदले में पुलिस गोलियां चला रही है? इसी एक तथ्य से %यूपी में अपराधी थर-थर कांपते हैं% जैसे जुमलों और कानून-व्यवस्था की पोल खुल जाती है।

दूसरे, अगर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े देखें तो अपहरण, हत्या, रेप और महिलाओं के खिलाफ अपराध और गैंगरेप के मामलों में भी यूपी देश में सबसे ऊपर है। हिरासत में मौतें और एनकाउंटर के मामलों में भी यूपी सबसे ऊपर है।

कैसी विडंबना है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में बढ़ते अपराधों को नियंत्रित करने के लिए वही तरीका अपनाया जा रहा है जो अपराधी अपनाते हैं। कभी इसके तह में जाने की कोई बात नहीं होती कि आखिर युवा अपराध की तरफ क्यों मुड़ रहे हैं? क्योंकि प्रदेश में भयंकर बेरोजगारी है। यूपी का सिस्टम बंद पड़ा है। नेता-अधिकारी-ठेकेदार-दलाल गठजोड़ प्रदेश के संभावना पर ही कुंडली मारकर बैठा हुआ है। शिक्षा का स्तर बदतर है। भविष्य की कोई आशा नहीं है और किसी के हाथ में कोई काम नहीं है। एक गंभीर बीमारी, कोई दुर्घटना या शादी-विवाह का आयोजन जाने कितने परिवारों को कर्ज और गरीबी के दुश्चक्र में धकेल देता है।अगर तमिलनाडु जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य से यूपी की तुलना करें तो जनसंख्या की दृष्टि से यूपी तीन गुना बड़ा राज्य है। लेकिन तमिलनाडु का सकल राज्य घरेलू उत्पाद यूपी से ज्यादा है। वित्त वर्ष 2023-24 में यूपी का सकल राज्य घरेलू उत्पाद, 24.39 लाख करोड़ और तमिलनाडु का 28.3 लाख करोड़ है।दो दशक पहले, 2004-2005 के आंकड़े देखें तो यूपी की अर्थव्यवस्था का आकार तमिलनाडु की तुलना में 19 प्रतिशत ज्यादा था। यह स्थिति 2013-2014 तक बनी हुई थी। इसके बाद यूपी की अर्थव्यवस्था गिरनी शुरू हुई और आज तमिलनाडु से पीछे है। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार, 2023 में तमिलनाडु की प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 75 हजार रही, जबकि यूपी की प्रति व्यक्ति आय मात्र 84 हजार रही।

इन तथ्यों से पता चलता है कि यूपी कहां खड़ा है। प्रदेश में जितने पारंपरिक व्यवसाय और उद्योग थे, मसलन- लकड़ी, होज़री, कपड़े, स्टील, चमड़ा, कांच, ताला, बुनकरी, हस्तशिल्प, बर्तन, आदि सब साल-दर-साल ढलान की ओर हैं। पिछले 30-40 सालों में आबादी के हिसाब से न तो उद्योग बढ़े, न नौकरियां-रोजगार बढ़े और न शिक्षा का स्तर बढ़ा। नोटबंदी और कोविड महामारी के दौरान जो नीतिनिर्मित आर्थिक तबाही आई, उससे यूपी भी अछूता नहीं रहा।

आज उत्तर प्रदेश आईटी, विनिर्माण या ऑटोमोबाइल का केंद्र होने की बजाय सस्ते श्रम का कारख़ाना है जहां के मजदूरों की मार्मिक कथाएं पूरे देश और दुनिया में बिखरी हुई हैं। भविष्य के लिए कोई तैयारी नहीं की गई। न खेती किसानी में नवोन्मेष लाया गया, न ही स्किल और गुणवत्ता बढ़ाने पर ज़ोर दिया गया, न वस्तुओं के उत्पादन पर। जाति-धर्म और दिखावे की चाशनी में लिपटी उप्र की राजनीति मूर्तियों, पार्कों, मंदिरों-मस्जिदों और रिवरफ्रं टो-कॉरिडोरों की सीमित दिखावटी सोच के आगे न जा सकी। अपनी कुर्सी बचाने और येन केन प्रकारेण अगला चुनाव भर जीत लेने की सोच ने यूपी के भविष्य निर्माण की योजना पर ही ग्रहण लगा दिया। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि पिछले तीस वर्षों में प्रदेश के अंदर लगभग 30 नई राजनीतिक पार्टियों का तो गठन हुआ लेकिन वाक़ई बड़ी कही जा सकने वाली एकमात्र औद्योगिक इकाई का नहीं!

सवाल है कि यूपी के युवाओं को दृष्टिहीन, दिशाहीन राजनीति, और लगभग आपराधिक हो चुकी अराजक कानून-व्यवस्था से क्या मिल रहा है? छह साल में दस हजार से ज्यादा एनकाउंटर करने वाली सरकार प्रदेश के युवाओं को छह लाख नौकरी भी नहीं दे पाई। जिस प्रदेश में युवाओं के पास कोई काम नहीं, कोई लक्ष्य नहीं, वे किधर जाएंगे? क्या यूपी के युवाओं के लिए भाजपा सरकार के पास कोई विजन है कि वह 25 करोड़ लोगों को कैसा भविष्य देना चाहती है?धड़ाधड़ हो रहे एनकाउंटर का लक्ष्य असल में अपराध रोकना नहीं है। इसका लक्ष्य एक खास तरह के सामाजिक, राजनीतिक और जातीय वर्चस्व को कायम करना है। लेकिन सोचने की बात ये है कि कल को कोई दूसरा सत्ता में आए और राजनीतिक रतौंधी की यह परिपाटी जारी रखते हुए बदले की कार्रवाई को ही नीति बना ले तो कितनी मांओं की गोद फिर सूनी होंगी? बीजेपी के द्वारा ख़ास समूहों पर की जा रही अति कल उनपर वापस भी हो सकती है- इसी को एक्शन का रिएक्शन कहा जाता है। वर्चस्व और अहंकार की इस लड़ाई में पूरे प्रदेश को आग में झोंका जा रहा है। आज भी गरीब जनता शिकार बन रही है, कल भी इसके शिकार गरीब ही होंगे।प्रशासन के गन कल्चर और ठोंक दो नीति से किसी समस्या का समाधान संभव नहीं है। अपराध गोली चलाने से नहीं, कानून के इकबाल से रुकते हैं। यूपी में गन का नहीं कानून का शासन बहाल किए जाने की जरूरत है।



# सेल्फी पर ज्यादा लाइक चाहिए, तो 11 तरीके अपनाएं



चल बेटा सेल्फी ले ले रे ....बजरंगी भईजान फिल्म का यह गाना तो आपने सुना ही होगा। सेल्फी यानि फोन के कैमरे से खुद की बेहतरीन फोटो खींचना, जरूर आपकी जिंदगी का भी अहम हिस्सा बन चुका होगा। सोशल मीडिया पर भी आप ऐसी कई तरह की सेल्फी देखते होंगे, जिन्हें सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। लिहाजा आपके मन में भी तो यह बात आती होगी के आपकी सेल्फी को भी लोग ज्यादा से ज्यादा लाइक करें। आपके मन की इसी को को जानते हुए हम बता रहे हैं, सेल्फी लेने के 11खास तरीके, जिससे आप भी सोशल मीडिया पर छा सकते हैं।

सबसे पहले तो अपने मन से यह बात निकल फेंकिए कि मेकअप करने से सेल्फी ज्यादा अच्छी आएगी या कुछ ही रंगों में आपकी सेल्फी अच्छी आती है...फलां-फलां बातें। अब एक बार यह सोचकर देखि?ए कि आप सेल्फी को इतनी दिलचस्प कैसे बना सकते हैं, कि लोग उसे देखें और पसंद करें। चलिए इस बारे में बात करते हैं - 1 पहले बात करते हैं समूह सेल्फी की। जब भी आप दोस्तों या परिवार के साथ सामूहिक सेल्फी ले रहे हैं, तो कोशि?श कीजिए हर कोई अपने अलग अंदाज में दिखाई दे। सीधे खड़े होकर सेल्फी लेने के बजाए अलग-अलग तरह से खड़े होकर या कुछ लोग बैठकर सेल्फी लें।

2 समूह में सेल्फी लेते समय हर कोई अपने चेहरे पर अलग-अलग गहरे भाव दिखाएगा, तो देखने वाला कुछ देर तक इस तस्वीर को जरूर देखेगा और पसंद भी करेगा।

3 आप अपनी सेल्फी ले रहे हैं, तो अपने दोस्तों से पीछे की तरफ खड़े होकर अलग-अलग या अजीबो-गरीब प्रतिक्रिया देने के लिए कहें। इस तरह से देखने वाला पहले आपकी तस्वीर को देखने पर पीछे के किरदारों को भी ध्यान से देखेगा।

4 अगर आप व्यक्तिगत रूप से अपनी सेल्फी ले रहे हैं, तो इस बात पर ध्यान दें, कि या तो आप खुद को खास तरह से पेश करें या फिर आपके पीछे का क्षेत्र ध्यान खींचने वाला हो।

5 अगर आपने कोई नई चीज खरीदी है और उसे सेल्फी के जरिए दुनिया को दिखाना चाहते हैं, लेकि?न यह दिखावा आपको ठीक नहीं लगता तो एक काम कीजिए। आप अपनी इस सेल्फी में अपने किसी खास दोस्त को भी शामिल कर लिजिए। ऐसे में किसी को अंदाजा भी नहीं होगा कि आप दिखावा कर रहे हैं, और लोग आपकी दोस्ती की तस्वीर को पसंद भी करेंगे।

6 अगर दोस्तों का समूह बना है, और कुछ रोमांचक करना चाहते हैं तो सेल्फी में कुछ अलग करें। आप सभी एक घेरे में खड़े होकर अपने पैरों की सामूहिक तस्वीर ले सकते हैं। इसके बाद सभी दोस्तों को टैग करके यह तस्वीर फेसबुक पर डालें। यह तस्वीर आपको और अन्य लोगों में खुद को एवं एकदूसरे को पहचानने का रोमांच पैदा करेगी।

7 इसी तरह से अगर आप चाहें तो पैरों की जगह हाथ, या सभी के चेहरे का एक तरफा हिस्सा सेल्फी में लें सकते हैं। इस तरह से कई नए तरीके आजमाकर आप अपनी सेल्फी को रोमांचक बना सकते हैं।

8 यह जरूरी नहीं है कि सेल्फी लेते समय आपके चेहरे पर मेकअप लगा हुआ हो। इसकी जगह प्रकृतिक रूप से आप जैसे हैं , उसे ही अपने कैमरे में कैद करें। और मुस्कान के साथ-साथ चेहरे पर अन्य भाव-भंगिमाएं बनाकर देखें। इस तरह से आप सारी तस्वीरों को एक साथ लगा दें। यह जरूर पसंद की जाएगी।

9 यह भी जरूरी नहीं कि सेल्फी के लिए पहले से कोई तैयारी की जाए। आप चाहें हर एक दोस्त के पास जाकर अचानक कोई सेल्फी लें। अपनी भी ऐसे अचानक सेल्फी लें। कई बार अचानक ली गई तस्वीरों में आपके भाव बेहद गहराई लिए होते हैं। इसे लोग तो पसंद करेंगे ही, आप भी कुछ समय बाद देखेंगे तो आपको पसंद आएगी।

10 अगर आपको लगता है कि आपका चेहरे सेल्फी में मोटा या बदसूरत लगता है, तो आप कैमरे को सामने रखने के बजाए, बगल में रखें। दाईं या बाईं ओर से तस्वीर लें। इसो आपका चेहरा मोटा नहीं लगेगा और नैन नक्श साफ तौर पर दिखाई देंगे। 11 सेल्फी को और भी प्रभावी बनाने के लिए आप इसे काले सफेद या अन्य रंगों में बदल सकते हैं। फोन में इसके लिए विकल्प मौजूद होते हैं। आप चाहें तो पूरी तस्वीर को काला-सफेद कर, केवल आंखों और होंठों को रंगने वाला विकल्प आजमा सकते हैं। यह प्रभाव बेहतरीन होगा।

# स्टाइलिश हुए पेंडेंट

युवतियों व गर्ल्स में बढ़ा स्टाइलिश पेंडेंट का



क्रेज। डिमाड में है मार्डन लुक वाले पेंडेट्स..

स्टाइलिश लुक के लिए हमेशा नए की तलाश में रहने वाली गर्ल्स के बीच स्टाइलिश पेंडेट्स का खासा क्रेज है। गर्ल्स की यह चाहत पूरी हो रही है शहर की जूईलि व गिफ्ट शॉप्स में, जहा मौजूद है पेंडेट्स की ढेरों नई वैरायटीज।

व्हाइट मेटल पेंडेट

फैशन डिजाइनर सारिका अग्रवाल बताती है, व्हाइट मेटल पेंडेट आपको हर डिजाइन व शेप में मिल जाएंगे, लेकिन आप पर कैसा फबेगा, यह ड्रेस पर भी निर्भर करेगा। व्हाइट पेंडेट आप थ्रेड चेन में पहन सकती है। सफेद चमकदार होने के कारण इसका अलग ही लुक आता है।

जंक पेंडेट

जूईलि डिजाइनर सुपर्णा निगम बताती है, इस समय जंक पेंडेट अपने डल और सोबर कलर से गर्ल्स को खूब लुभा रहे है। कापर के ब्राउन, ब्लैक और यलो जैसे शेड्स के पेंडेट अट्रैक्टिव लुक देते है। इन पेंडेट को डिफरेंट लुक देने के लिए कॉपर चेन या मोती की माला का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

ब्लैक मेटल पेंडेट

एक गिफ्ट शॉपी के संचालक आशीष सिंह बताते है, इन पेंडेट की विशेषता है कि यह हर तरह की चेन पर फिट हो जाते है। इन्हें स्टाइलिश लुक देने के लिए इनमें कई चेन डाल कर भी पहना जा सकता है। यह डिफरेट शेप व हर साइज में अच्छे लगते है।

बीड एंड पर्ल पेंडेट

मॉर्केट में लार्ज सिंगल बीड और क्रिस्टल बॉल वाले पेंडेट भी यूनीक स्टाइल में उपलब्ध है। काशी ज्वैलर्स की जूईलि डिजाइनर कृति बताती है, बीड एंड पर्ल पेंडेट जींस टॉप और सलवार सूट पर परफेक्ट लगते है। इनको डिफरेट लुक देती है अटैच मोती व क्रिस्टल की माला। भारी-भरकम जूईलि को दरकिनार कर सिंपल व गार्जियस लुक चाहती है तो पेंडेट्स बेहतर विकल्प हो सकते है।

# अंतर्मुखी लोगों में होती है यह खास बातें

अंतर्मुखी लोग कम बोलते हैं, उनके दोस्त भी चुनिंदा होते हैं, कभी-कभी वे तुनक मिजाज, कभी शर्मीले और कभी असामाजिक भी होते हैं। कभी वे अपने मन की बात को दूसरों के सामने आसानी से नहीं रख पाते, तो कभी औरों से बेहतर तरीके से समझाते हैं। वे असानी से किसी के साथ घुल मिल नहीं पाते, लेकिन उनके अंदर ही अपना एक संसार बसा होता है। इन सभी के बावजूद अंतर्मुखी लोगों में कुछ बातें बेहद खास होती हैं जो उन्हें दूसरों से अलग बनाती हैं। जानिए क्या हैं वे खास बातें - 1 खुद पर विश्वास - भले ही अंतर्मुखी लोग कम बोलते हैं, लेकिन उनमें आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं होती। बल्कि उन्हें दूसरों की अपेक्षा खुद पर ज्यादा भरोसा होता है। वे अपने निर्णय के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं होते और यही कारण है कि वे अच्छे या बुरे परिणाम के लिए किसी और को दोषी भी नहीं ठहराते।

2 खुद के साथ समय बिताना - वे अपनों से बहुत प्यार करते हैं, लेकिन अकेले समय बिताने में भी उन्हें कोई परेशानी नहीं होती। बल्कि ऐसे समय में भी वे समय का सदुपयोग करना अच्छी तरह से जानते हैं। कभी किताबों में मन बहलाकर तो कभी अपने पसंद की चीजें कर वे इस अकेलेपन का भी खुलकर आनंद लेते हैं।

3 सुनने की कला - अंतर्मुखी लोगों में किसी की बात को ध्यान से सुनने और समझने की कला होती है, जो हर किसी में नहीं होती। कम बोलना और ज्यादा सुनना इनके ज्ञान और समझने की क्षमता को बढ़ाता है। यही कारण है कि जब इन्हें किसी को कोई बात समझानी हो, तो ये बड़े सटीक और सरल तरीके से समझा पाते हैं।

4 कहने से पहले सोचना - अंतर्मुखी लोगों में यह भी एक खासियत होती है कि वे एक बार कुछ कहने के पहले दो बार जरूर सोचते हैं, फिर सही शब्दों में सही तरीके से अपनी बात रख पाते हैं। वे हर बात पर गौर करना जानते हैं, और हर रिश्ते को अहमियत देते हैं, इसलिए अपने शब्दों को हमेशा तौलकर ही बोलते हैं। अंर्तमुखी लोग बहिर्मुखी लोगों की अपेक्षा अधिक संवेदनशील होते हैं।

5 खुद के लिए आदर्श - इस तरह के लोग आदर्शों के लिए किसी का मुंह नही तकते बल्कि ? खुद ही स्वयं के लिए आदर्श बनते हैं। वे सकारात्मक गुणों को अपनाकर खुद को तराशते हैं। उन्हें खुद को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा किसी की आवश्यकता नहीं होती। वे लगातार खुद को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने की हिम्मत रखते हैं। यह उनकी सबसे अच्छी बात होती है।



## जानकारी

# बादाम बनाए हड्डियां मजबूत और करे सिर दर्द दूर



याददाश्त कमजोर है, तो बादाम इसका अचूक इलाज है। बादाम की 10 गिरी रात को पानी में भिगो कर सुबह छिलका उतार कर बारीक करके 20 ग्राम मक्खन, 10 ग्राम मिसरी मिलाकर एक महीने तक खाएं। दिमाग की कमजोरी दूर हो जाएगी और आपकी याददाश्त अच्छी हो जाएगी। सिर दर्द होता है, तो बादाम का तेल आपको राहत दिला सकता है। इसके लिए नाक में एक बूंद बादाम का तेल डालें, जिसे बादाम रोगन भी कहते हैं। दूसरा उपाय यह भी है कि आप एक कप पानी में पांच बूंद बादाम का तेल मिलाकर पी जाएं।

**बादाम के कुछ दाने आपको कई बीमारियों से दूर रखने में तो खास भूमिका निभाते ही हैं, इसके साथ ही कई समस्याओं में दवा की तरह भी काम आते हैं।**

बच्चे को अकसर कुछ-कुछ होता रहता है, तो उसे हृष्ट-पुष्ट व निरोगी बनाने के लिए रोजाना एक से दो बादाम पत्थर पर घिसकर चटाएं। इससे हृदय रोगियों के लिए तो बादाम काफी फायदेमंद साबित होता है। इसमें ओमेगा 3 फैटी एसिड अधिक होता है। यह बुरे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है व अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इस वजह से हृदय की नलियों में कम रुकावट होती है और इसके प्रयोग से दिल का दौरा होने की आशंका कम हो जाती है। इसके लिए बादाम की 5-6 गिरी रात में पानी में रख दें और सुबह छिलका उतारकर उन्हें ठीक से चबा-चबा कर खाएं।

बादाम के तेल में विटामिन डी प्रचुर मात्रा में होता है, जो बच्चों की हड्डियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए इस तेल से अपने बच्चे की मालिश करें। अच्छा हो अगर एक चम्मच नारियल तेल में पांच बूंद बादाम का तेल मिलाकर इससे नियमित रूप से बच्चे की मालिश करें। जरूरत महसूस करें तो आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह ले लें।



# 'हार्ट अटैक' से पहले के 6 संकेत




**हार्ट अटैक या दिल की बीमारियों से पहले आपकी त्वचा पर कुछ संकेत दिखाई देते हैं। इन संकेतों को पहचानकर अगर आप सही समय पर इलाज शुरू कर दें, तो हार्ट अटैक से बच सकते हैं। जानें हार्ट अटैक के पूर्व संकेत या पहले दिखने वाले लक्षण।**

क्या आपको पता है कि दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौतों का कारण हार्ट अटैक है? आंकड़ों को देखें तो साल 2016 में हार्ट अटैक के कारण 17 करोड़ 65 लाख लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद के सालों में हार्ट अटैक के मामले और भी कई गुना बढ़ गए हैं। क्या आपने सोचा है कि इतनी संख्या में लोग दिल की बीमारियों से क्यों मरते हैं? इसके 2 कारण हैं-

पहला यह कि लोगों आजकल लोगों का खानपान इतना खराब हो गया है कि ज्यादातर लोग कम उम्र में (25-30 साल) हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने और मोटापे जैसे रोगों के शिकार हो जाते हैं। ये सभी रोग हार्ट अटैक के खतरे को काफी बढ़ा देते हैं।

दूसरा कारण यह है कि लोगों को हार्ट अटैक के पूर्व संकेतों के बारे में पता नहीं है, इसलिए वे सही समय पर सावधानी नहीं बरत पाते हैं। आमतौर पर लोग यही मानते हैं कि हार्ट अटैक का संकेत सीने में तेज दर्द होता है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि हार्ट अटैक आने से कुछ दिनों पहले ही शरीर में कुछ संकेत दिखाई देते हैं, जिन पर हम ध्यान नहीं देते हैं। ये संकेत दिल की सेहत की गड़बड़ी के हो सकते हैं और इसका इशारा यह भी हो सकता है कि जल्द ही आपका दिल काम करना बंद कर सकता है यानी आपको हार्ट अटैक आ सकता है। इन लक्षणों को आपको जान लेना चाहिए, ताकि आप हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर जैसे गंभीर और जानलेवा रोगों से बच सकें।

### अचानक शरीर में छोटे-छोटे दाने उभरना

शरीर में अचानक छोटे-छोटे दाने चिकने लाल दाने उभरना इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपका दिल बीमार है। ये दाने शरीर में कोलेस्ट्रॉल के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने पर दिखाई देते हैं। इसलिए ये इस बात का भी संकेत हो सकते हैं कि व्यक्ति को हार्ट अटैक हो सकता है।

### आंखों के बगल में पीली-सफेद पपड़ी या वैक्स जैसी त्वचा

दोनों आंखों के बगल में कई बार व्यक्ति को सफेद-पीले रंग की पपड़ी जैसी त्वचा दिखने लगती है। ये इस बात का संकेत है कि आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ रहा है। कुछ लोगों में ये त्वचा जमे हुए मोम जैसी नजर आती है। आंखों के अलावा ऐसी पपड़ी आपकी हथेलियों और पैरों के पीछे भी दिखाई दे सकते हैं। अगर आप इस संकेत के बाद भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल नहीं करते हैं, तो आपको हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।

### त्वचा पर नीले या बैंगनी निशान दिखना

अगर आपको शरीर के किसी हिस्से में त्वचा नीली या बैंगनी रंग की दिखे, तो सावधान हो जाएं, क्योंकि ये आपके अस्वस्थ दिल का संकेत है। ये लक्षण ज्यादातर पैरों और तलवों में नजर आते हैं। त्वचा पर नीले या बैंगनी निशान का मतलब है कि आपके शरीर में कहीं खून जम गया है या आपके उस अंग को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है। धमनियों में खून जमा हो जाने के कारण धमनियां ब्लॉक हो जाती हैं, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है।

### उंगली के पोरों में सूजन और नाखून नीचे की तरफ उगना

अगर आपके उंगली के अगले हिस्से में सूजन आ जाए और नाखून नीचे की तरफ झुकने लगें, तो ये भी हार्ट अटैक का पूर्व संकेत हो सकता है। दरअसल नाखूनों में उंगली में ये लक्षण तब दिखाई देते हैं, जब व्यक्ति को हार्ट इंफेक्शन हो या दिल की कोई दूसरी बीमारी हो। कई बार फेफड़ों की समस्या में भी ऐसे लक्षण दिख सकते हैं। मगर ये सभी बीमारियां हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं।

### नाखूनों के नीचे नीले या बैंगनी निशान

अगर आपको अचानक अपने नाखूनों के नीचे नीले या बैंगनी रंग के निशान दिखाई देने लगें, तो सावधान हो जाएं। नाखूनों में नजर आने वाले ऐसे निशान दिल की बीमारी का संकेत हो सकते हैं। हालांकि ऐसे निशान चोट के कारण भी दिख सकते हैं, मगर यदि आपको किसी ऐसी चोट के बारे में याद नहीं है, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### हाथ-पैर की उंगलियों में छोटे उभार जिसमें दर्द हो

अगर आपको अपने हाथ-पैर की उंगलियों में पिछले कुछ दिनों से किसी छोटी सी गोली जैसी सूजन नजर आ रही है और इनमें दर्द हो रहा है, तो ये भी दिल की बीमारी का संकेत हो सकता है। आमतौर पर ऐसे उभार तभी आते हैं जब आपको हार्ट इंफेक्शन हो, जिसे इंफेक्टिव एंडोकार्डाइटिस भी कहते हैं। ये उभार कुछ घंटों या कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाते हैं। मगर इनके दिखने पर आपको सावधान हो जाना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## सुझाव

# मशरूम का उपयोग करे याद्दाश्त ठीक



पौष्टिक तत्वों और अनोखे स्वाद की वजह से मशरूम का भोजन में खूब इस्तेमाल किया जाता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल तत्वों से भरपूर औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। मशरूम को सुपरफूड माना गया है, क्योंकि इससे न केवल पोषक तत्व मिलते हैं, बल्कि यह कई बीमारियों से हमारा बचाव भी करता है। एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी वायरल तत्वों से भरपूर मशरूम के फायदों के बारे में जानना जरूरी है।

### इम्यूनिटी बढ़ाए

मशरूम में मौजूद सेलेनियम, पेनिसिलिन जैसे एंटीबायोटिक तत्व शरीर में माइक्रोबियल विकास और फंगल संक्रमण को बाधित करने में सहायक हैं और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मददगार हैं।

### कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोके

मशरूम में मौजूद फोलेट्स कैंसर सेल्स बनने से रोकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल से बचाते हैं, जो कैंसर का कारण बनते हैं। फोलेट्स डीएनए को बनाने और रिपेयर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मशरूम में पाया जाने वाला सेलेनियम तत्व लिवर को सुचारू रूप से काम करने में मदद करता है। यह शरीर को डीटॉक्सीफाई करने में मदद करता है, जिससे कई बीमारियों से बचाव होता है।

### दिल को रखे दुरुस्त

मशरूम में मौजूद फाइबर, पोटैशियम, विटामिन सी और सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सिडेंट तत्व हमारे दिल की सेहत को प्रोत्साहित करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट्स दिल को फ्री रेडिकल से बचाते हैं। शरीर में बुरे कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) और अच्छे कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) के बीच संतुलन कायम रखने में भी मदद करते हैं।

### ब्लड प्रेशर को करे नियमित

पोटैशियम और सोडियम से भरपूर मशरूम का नियमित सेवन ब्लड प्रेशर को नियमित करने में मदद करता है। यह शरीर में सामान्य तरल पदार्थों के बीच संतुलन कायम रखता है।

### ऑस्टियोपोरोसिस में दे आराम

धूप में रखा फ्रेश मशरूम विटामिन डी का अच्छा स्रोत होता है। मशरूम में मौजूद विटामिन डी, कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और जोड़ों के दर्द, हड्डियों में घनत्व कम होने या हड्डियों के टूटने की आशंका को कम करते हैं।

### टाइप 2 डायबिटीज में फायदेमंद

फाइबर से भरपूर, लेकिन कम शर्करा वाले मशरूम का सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद है। लिवर, अग्नाशय और अंतःस्रावी ग्रंथियों के समुचित क्रियान्वयन में यह मदद करता है।

### याददाश्त करे दुरुस्त

इसमें मौजूद कोलीन तत्व मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह को बनाए रखता है। इससे याददाश्त और लर्निंग पावर में सुधार होता है। कोलीन मेमरी के सेल मेम्ब्रेन की संरचना को मेंटेन रखता है।

इन बातों का ध्यान में रखकर एक स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से 100 ग्राम मशरूम का सेवन आसानी से कर सकता है। मशरूम खरीदते समय ध्यान रखना चाहिए कि वे ताजे और सूखे हों। चिपचिपे या मुरझाए मशरूम बासी होते हैं। घर लाने के बाद इन्हें फ्रिज में एयरटाइट बॉक्स में रखें। जब इन्हें बनाना हो, तभी धोएं और काटें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## काकुरो पहेली - 2592




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 2591 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

पुलिस अधिकारी ने अभियुक्त से पूछा, 'क्या तुम लिख-पढ़ सकते हो?'

अभियुक्त ने कहा, 'लिख सकता हूं, पढ़ नहीं सकता.'

'अच्छा, इस कागज पर अपना नाम लिखो.' पुलिस अधिकारी ने उसे आदेश दिया. अभियुक्त ने कुछ आड़ी-तिरछी रेखाएं खीच दी. इस पर पुलिस अधिकारी ने खीझकर कहा, 'यह क्या लिखा है?'

अभियुक्त - 'सर, मैने पहले ही कहा था कि मै लिख सकता हूं, लेकिन पढ़ नहीं सकता.'

☺ ☺ ☺

रेलवे स्टेशन पर प्रेमी अपनी प्रेमिका को शादी के लिए मना रहा था. जब प्रेमिका नहीं मानी तो उसने खीझकर कहा, 'ठीक है, अगर तुम मुझसे शादी नहीं करोगी तो मै आने वाली गाड़ी से कटकर मर जाऊंगा.'

प्रेमिका ने भी सिर झटकते हुए कहा, 'पहले मुझे सोचने का समय तो दो. गाड़ी का क्या है वह तो हर आधे घंटे में आती है.'


☺ ☺ ☺

एक भिखारी ने महिला से कहा, 'बहन जी! इस गरीब लाचार की मदद करो.'

महिला ने जवाब दिया, 'लेकिन तुम्हारे हाथ-पैर तो सब सलामत है फिर तुम लाचार कैसे हो गये?'

भिखारी ने जवाब दिया, 'अपनी आदत से.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2592



**ऊपर से नीचे:-**

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, रवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी सॉस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 2591



## सूडोकु -2592


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2591 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 2592



**बाएँ से दाएँ**

1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिना बाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की,पुत्री,बेटी-2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

### शब्द पहेली -2591 का हल



## नड्डा को नसीहत नहीं, राहुल को सलाह दें सुक्खू : रणधीर


एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल में भाजपा के मीडिया विभाग के प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि, राज्य में रोजी-रोटी कमाकर कुछ लोग सरकारी जमीन पर बने अवैध भवनों व मस्जिदों में रह रहे हैं। ऐसे लोग असामाजिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिसके कारण समाज में तनाव पैदा हो रहा है। इससे समाज को आंदोलन करने की स्थिति में आना पड़ा। रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि, मस्जिद विवाद से उपजे हालात के बाद प्रदेशभर में लोग आंदोलित। इस स्थिति को संभालने के लिए सीएम ने बीते 13 सितंबर को सर्वदलीय मीटिंग बुलाई। मीटिंग के बाद सीएम ने एक स्टेटमेंट दी और कहा कि यह सहमति बनी कि बाहरी राज्यों से आ रहे लोगों की पहचान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष के अध्यक्षता में दोनों दलों के विधायकों वाली समिति का गठन करना था जो की नहीं किया गया।

विवाद के निपटाने को एक कमेटी बनाई जाएगी। दूसरी कमेटी (स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी के लिए) बनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष से बात करेंगे। मगर एक सप्ताह बीतने को आ गया। अभी तक कमेटी का गठित नहीं किया गया। इससे पता चलता है कि इतने गंभीर मसले को लेकर मुख्यमंत्री कितने गंभीर हैं।

## मुख्यमंत्री ने अजय पराशर की दो पुस्तकों का विमोचन किया

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां सूचना एवं जन सम्पर्क, उत्तर पूर्व परिषद्, के निदेशक अजय पराशर द्वारा लिखित दो पुस्तकों 'जालंधर पीठ का रहस्य' और 'मुश्तरका खाता' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इन पुस्तकों के संकलन में लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि 'जालंधर पीठ का रहस्य' पाठकों का हिमाचल प्रदेश की विभिन्न पीठों के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्त्व के बारे में ज्ञानवर्धन करेगी। 'मुश्तरका खाता' रोजमर्रा की जिन्दगी के विभिन्न आयामों को दर्शाती 16 लघु कहानियों का संग्रह है, जो स्थानीय संस्कृति एवं इतिहास की समझ बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होगी। अजय पराशर ने विमोचन एवं उत्साहवर्धन के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



## शहीद बलजीत सिंह का सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**रूप नगर।** नूरपुर बेदी के गांव झज के निवासी और 29 वर्षीय सैनिक बलजीत सिंह का आज पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया, जहां गांववासियों और परिजनों ने नम आँखों से उन्हें विदाई दी। लांस नायक बलजीत सिंह, जो जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात थे, अपनी टीम के साथ आतंकवादियों से मुकाबला करने जा रहे थे जब उनकी गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में बलजीत सिंह ने शहादत प्राप्त की, जबकि उनके चार अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बलजीत सिंह की शहादत से गांव और प्रदेश में गमगीन माहौल है। उनकी शादी केवल एक साल पहले ही हुई थी, जिससे उनके परिवार का दर्द और भी बढ़ गया है। शहीद के सम्मान में स्कूली बच्चे और ग्रामीण सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर ÷शहीद बलजीत सिंह अमर रहे÷ के नारे लगा रहे थे। पंजाब मोर्चा के सदस्यों ने भी शहीद बलजीत सिंह के सम्मान में उनके नाम पर एक स्मारक बनाने की मांग जोर-शोर से उठाई, ताकि उनकी वीरता और बलिदान को हमेशा याद रखा जा सके।

## औरंगाबाद में किसान सम्मान समारोह : उप मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जसोइया मोड़ के समीप आयोजित किसान सम्मान समारोह में सुबे के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने तीखे बयान और बेबाक विचारों से कार्यक्रम को खास बना दिया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मां मुंडेश्वर ग्रुप के चेयरमैन गोपाल सारण सिंह के नेतृत्व में किया गया था। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला और जिले में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली हार पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगर औरंगाबाद ने बीजेपी को लोकसभा में जीत दिलाई होती, तो इस क्षेत्र से तीन कैबिनेट मंत्री होते। उनका दावा था कि औरंगाबाद में नक्सलवाद नहीं, बल्कि अपराधी हैं, जिनकी जगह जेल में या सोन नदी में होनी चाहिए।

चौधरी ने बिहार और देश के विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1951 के सपने का उल्लेख करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाकर यह सपना पूरा किया गया है और आने वाले दिनों में इस दिशा में और काम किया जाएगा। विधानसभा चुनाव 2025 के लिए उन्होंने एनडीए के पक्ष में वोट देने की अपील की और बिहार की राजनीति में राजतंत्र और प्रजातंत्र के बीच के अंतर को उजागर किया। उन्होंने लालू परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ एक राजा और एक रानी हैं, जबकि दूसरी ओर सेवकों का समूह है।

# कांग्रेस अध्यक्ष को जेपी नड्डा का करारा जवाब- 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से अधिक गालियां दी गईं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र पर पलटवार किया है। उन्होंने खड़गे से पूछा है कि जिस व्यक्ति का इतिहास देश के प्रधानमंत्री सहित पूरे ओबीसी समुदाय को गाली देने का रहा हो, देश के प्रधानमंत्री के लिए अत्यंत अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने का रहा हो उस राहुल गांधी को सही ठहराने की कोशिश वे किस मजबूरी में कर रहे हैं?

जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा आपने अपने असफल उत्पाद, जिसे जनता ने बार-बार नकार दिया है, उसे चमकाने और राजनीतिक मजबूरी के कारण बाजार में लाने के प्रयास में पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उस पत्र में जो बातें कही गई हैं वे वास्तविकता से कोसों दूर हैं। ऐसा लगता है कि आपने पत्र में राहुल गांधी सहित अपने नेताओं की करतूतों को या तो भुला दिया है या जानबूझकर उन्हें नजरअंदाज कर दिया है, इसलिए मुझे लगा कि उन बातों को विस्तार से आपके संज्ञान में लाना जरूरी है कि



देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी अब अपने प्रसिद्ध राजकुमार के दबाव में 'कॉपी और पेस्ट' पार्टी बन गई है। नड्डा ने लिखा, ये राहुल गांधी की माताजी सोनिया गांधी ही थीं, जिन्होंने मोदी जी के लिए मौत का सौदागर' जैसे अत्यंत असभ्य अपशब्दों का प्रयोग किया था? क्यों तब राजनीतिक शुचिता की बातें कांग्रेस भूल गई थी? जब राहुल गांधी ने सरेआम 'मोदी की छवि को खराब कर देंगे' वाली बात कही थी तो राजनीतिक मर्यादा को किसने खंड-खंड किया था। मैं ये समझता हूं कि अपने नित्य निरंतर फेल प्रोडक्ट का बचाव करना और उसे महिमामंडित करना आपकी मजबूरी है, लेकिन कम से कम कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते आपको इन चीजों पर आत्ममंथन भी तो करना चाहिए था।

जेपी नड्डा ने अपने पत्र में कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी को 110 से अधिक गालियां दी हैं और दुर्भाग्य की बात यह है कि इसमें कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल है। तब क्यों राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, अनुशासन, शिष्टाचार जैसे शब्द आपकी और कांग्रेस की शब्दावली से गायब हो जाते हैं? एक तरफ आप राजनीतिक शुचिता की दुहाई दे रहे हैं लेकिन दूसरी ओर आपकी पार्टी और आपके नेताओं का इतिहास ही राजनीतिक शुचिता की धज्जियां उड़ाने का रहा है। ऐसा दोहरा रवैया क्यों? उल्लेखनीय है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख राहुल गांधी के खिलाफ की जा रहीं विवादित टिप्पणियों पर नाराजगी जताई थी।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री तमांग ने 'एक राष्ट्र–एक चुनाव' प्रणाली का समर्थन किया

एजेंसी

**गंगटोक।** सिक्किम सरकार ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से अनुमोदित 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की सिफारिश के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण की भी गर्मजोशी से सराहना की, जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह हमारे लोकतंत्र को अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने गुरुवार को सोशल साइट फेसबुक पेज पर लिखा, हम हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित एक राष्ट्र एक चुनाव प्रणाली का पुरजोर समर्थन करते हैं, जिसमें एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव और उसके बाद 100 दिनों के भीतर नगरपालिका और पंचायत चुनाव की परिकल्पना की गई है, जो पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर है। उन्होंने कहा है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने से आर्थिक दक्षता, सुव्यवस्थित चुनावी प्रयास और शासन के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण सहित महत्वपूर्ण लाभ होंगे। इसके अलावा यह मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाएगा, जिससे अधिक भागीदारी, तेज आर्थिक विकास और देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता आएगी।



# अयोध्या के दीपोत्सव से सपा मुखिया अखिलेश-कांग्रेस व पाकिस्तान को होती है परेशानी : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र में एक हजार करोड़ की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर योगी विपक्ष पर करारा प्रहार किए। उन्होंने कहा कि जैसे कुत्ते की पूंछ सीधी नहीं हो सकती, वैसे ही बेटियों के दरिंदे जो समाजवादी पार्टी के गुंडे हैं, इनको कानून के दायरे में लाकर शिकंजा कसने की आवश्यकता है, सरकार वही कर रही है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इनके(विपक्ष) समय मे अराजकता चरम पर थी। आज भी इनके नेताओं को वही दौर याद आता है। हमारी सरकार ने एंटी भू माफिया टास्क फोर्स बनाया।समाजवादी पार्टी के गुंडे माफियाओं से 64 हजार हेक्टेयर भूमि को इनके कब्जे से मुक्त करवाया। जब गुर्गों से जमीन कब्जा मुक्त करवाएंगेतो सरगना को तो दर्द होगा ही। इसीलिए सरगना आज बार-बार बोलता है। अयोध्या में जमीन घोटाला हुआ है। मैं बता रहा



हूँ कोई जमीन घोटाला नहीं हुआ। जबकि 1700 करोड़ सिर्फ अकेले अयोध्या में किसानों को मुआवजा बंटा गया है। कोई नहीं कह सकता कि जमीन घोटाला हुआ है।

उन्होंने कहा कि जिस अयोध्या को इन लोगों ने रामभक्तों के लहू से सींचने का काम किया था, जिस अयोध्या के बारे में ये कहते थे,परिंदा भी पर नहीं मार सकता,आज उसी अयोध्या में 3 करोड़ भक्त रामलला के दर्शन कर चुके हैं।

अयोध्या के घाटों पर दीपोत्सव में जब दीप जलते हैं तो दो लोगों को परेशानी होती है। एक सपा मुखिया को,दूसरे पाकिस्तान को, क्योंकि इनको मालूम है कि अयोध्या में जलने वाला एक-एक दीप अयोध्या ही नहीं देश प्रदेश को रोशन करेगा। मानवता के लिए कैंसर बन चुके पाकिस्तान को भी नेस्तनाबूद करने की सामर्थ्य भी रखता है। पाकिस्तान तो परेशान होगा ही। वो भारत का दुश्मन है लेकिन हिन्दू विरोधी पार्टी समाजवादी पार्टी को भी परेशानी होती है क्योंकि ये अंधेरे में रहने के अभ्यस्त हैं। इनको अंधेरा चाहिए, डकैती करने के लिए इनको अंधेरा चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस अयोध्या को इन्होंने विकास से वंचित किया था,आज उसी अयोध्या में 30 हजार करोड़ परियोजनाओं की सौगात दी है। इतना विकास न कांग्रेस सरकारों में हुआ,न ही सपा के 4 बार की सरकार में। आज अयोध्या सुंदरत हो रही है। इसलिए इनको परेशानी तो होगी ही,क्योंकि इनको विवादित ढांचा प्यारा था। जिसको रामभक्तों ने नेस्तनाबूद कर दिया था। ये लोग रामभक्तों पर गोली चलाते थे।

उन्होंने कहा कि जिनके हाथ खून से सने हों वो अयोध्या की चर्चा करते हैं तो लोग हंसते हैं। इनके एक-एक काले कारनामों को निकालेंगे तो पता चलेगा। इन्होंने भदरसा में जो किया किसी से छिपा नहीं है। अगर काला चिट्ठा निकालेंगे तो ये कहीं मुह दिखाने लायक नहीं बचेंगे।

अयोध्या एयरपोर्ट और विकास से सपा को परेशानी है। कुछ दिनों में अयोध्या इंटरनेशनल कनेक्टिविटी जुड़ने वाला है।अयोध्या के लिए जो सौभाग्य आया हैतो रामद्रोहियों को तो परेशानी होगी ही। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनको जब कुछ नहीं मिलता तो जो गुर्गे बोलते हैं,वही सरगना भी बोलता है। 2017 के पहले के अयोध्या और अब के अयोध्या में अंतर साफ दिखाई दे रहा है। आज अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बनने की ओर है। इसे ये स्वीकार कैसे कर सकते हैं,विकास कभी इनका एजेंडा नहीं रहा।

## ग्वालियर में क्रिकेट स्टेडियम की समस्या : सिंधिया ने दी प्रतिक्रिया

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में 6 अक्टूबर को होने वाले भारत-बांग्लादेश क्रिकेट मैच के आयोजन पर संकट गहराया हुआ है। यह मैच ग्वालियर में 14 साल बाद होने जा रहा है, और इसका आयोजन नए अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, ग्वालियर में 6 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जाएगा। 14 साल बाद ग्वालियर में क्रिकेट के क्षेत्र में वनवास समाप्त हो रहा है। हमारे नए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। हाल ही में, स्टेडियम की बाहरी बाउंड्री वॉल का एक हिस्सा गिर गया है, जो कि देशभर में जलवायु परिवर्तन के कारण हुई भारी बारिश के चलते हुआ। हमने पूरे संभाग की स्थिति की समीक्षा की है और हम संकट में जनता के साथ खड़े हैं। हाल ही में, श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम की बाहरी बाउंड्री गिर गई, जिससे स्टेडियम के अंदर पानी भर गया। यह घटना दो महीने पहले स्टेडियम के शुभारंभ के बाद हुई है।

## टीएमसी विधायक स्वपन देबनाथ के बयान पर भाजपा का वार, कहा- ममता बनर्जी बेटी नहीं बल्कि अपराधी के साथ खड़ी हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेता व विधायक स्वपन देबनाथ के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोलते हुए तृणमूल को महिला विरोधी बताया है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रदर्शनकारी डॉक्टरों के मुद्दों को संबोधित करने और आरजी कर मेडिकल कॉलेज पीड़िता के लिए न्याय सुनिश्चित करने के बजाय टीएमसी ने डॉक्टरों का अपमान और धमकी देना जारी रखा है। अब टीएमसी विधायक स्वपन देबनाथ का कहना है विरोध के नाम पर कुछ महिलाएं रात में शराब खरीदने जा रही हैं। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि



अतीत में उदयन गुहा, अरूप चक्रवर्ती, लवली मैत्रा, कुणाल घोष और अन्य ने ऐसे कई बयान दिए हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसा इसलिए है क्योंकि ममता बनर्जी बेटी नहीं बल्कि अपराधी के साथ खड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि इस मुद्दे पर व्यापक विरोध प्रदर्शन को पश्चिम बंगाल के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने नाटक और राजनीतिक कार्यक्रम करार देते हुए पूछा कि प्रदर्शनकारियों को पैसा और भोजन कहां से मिल रहा है।

## बीजेपी का घोषणापत्र हमारा कॉपी-पेस्ट है,इनका घोषणापत्र झूठ का बंडल -भूपेंद्र हुड्डा

एजेंसी

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र पर गढ़ी सांपला-किलोई विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, वो(भाजपा का घोषणापत्र) हमारा कॉपी-पेस्ट है...इनके वादें झूठे हैं...इनका घोषणापत्र झूठ का बंडल है...हमें जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। आपको बता दे हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को 'नॉनस्टाप हरियाणा संकल्प पत्र' जारी कर दिया। इस दौरान, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी मौजूद रहे। भाजपा का संकल्प पत्र दिल्ली में जारी किया गया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा, 'हम लोगों ने तय किया है कि सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपए दिए जाएंगे। हरियाणा में अग्निवीरों को सरकारी नौकरी और अव्वल योजना के तहत छात्राओं को स्कूटर दिया जाएगा।

जबकि कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली से अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने अपने घोषणापत्र में युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों को विशेष ध्यान में रखते हुए कई बड़े वादे किए हैं। कांग्रेस ने सत्ता में आने पर हरियाणा में विकास की नई राह बनाने का दावा किया है।

कांग्रेस की 7 गारंटी -:

1. 100 गज का प्लॉट,गरीबो को दो कमरे का मकान
2. महिलाओं को हर महीने 2 हज़ार रूपये ,500 में गैस सिलेंडर
3. बुजुर्गो ,दिव्यांगों,विधवाओं को 6 हज़ार रूपये पेंशन ,हक्क बहाल
4. युवाओं के लिए 2 लाख पक्की भर्ती की घोषणा ,नशा मुक्त हरियाणा
5. 25 लाख तक का मुफ्त इलाज,300 यूनिट फ्री बिजली
6. रस्क्क की क़ानूनी गारंटी,तत्काल फसल मुआवजा
7. जातिगत सर्वे,क्रीमी लेयर की सीमा 10 लाख

## करई बांध के उफनाने के बाद ग्राम मंगरा में बाढ़: 100 बीघा फसल नष्ट, घरों और स्कूलों में घुसा पानी

**झांसी।** जिले के करई बांध से छोड़े गए पानी के बाद जालौन के कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम मंगरा में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। लगातार हो रही बारिश के बाद बांध से पानी छोड़े जाने के चलते, ग्राम मंगरा में बाढ़ ने कई घरों और सरकारी स्कूलों को अपनी चपेट में ले लिया है। घरों और स्कूलों में पानी घुस चुका है, जिससे स्थानीय निवासी दहशत में हैं।

इस बाढ़ के कारण, गांव में 100 बीघा फसल पूरी तरह से जलमग्न होकर नष्ट हो चुकी है। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और उनके लाखों रुपये की फसल बर्बाद हो गई है। प्रभावित किसानों में हरीकृष्ण, कैलाश, कोशल किशोर, हरीसिंह, और हरदयाल शामिल हैं, जिनकी धान की फसल पूरी तरह से पक चुकी थी।

# राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण को मिली चुनौती, उच्च न्यायालय ने मांगा जवाब

एजेंसी

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में मिलने वाले 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। हालांकि अदालत ने अभी इस पर रोक नहीं लगायी है लेकिन सरकार को छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। राज्य सरकार की ओर से बनाये गये 10 प्रतिशक्ष क्षैतिज आरक्षण संबंधी अधिनियम को भुवन सिंह और अन्य की ओर से एक जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। इस प्रकरण की सुनवाई गुरूवार को मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2004 में राज्य आंदोलनकारियों के लिये सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया लेकिन वर्ष 2017 में उच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर दिया। अदालत ने इसे



संविधान की धारा 14 और 16 का उल्लंघन माना था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे कहा गया कि सरकार की ओर से उच्च न्यायालय के वर्ष 2017 के आदेश को अभी तक उच्चतम न्यायालय में चुनौती नहीं दी गयी है। इसलिये उच्च न्यायालय का आदेश अभी बना हुआ है। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण देने के लिये नया कानून बना दिया। जो कि गलत है। यही नहीं इसी के तहत 21 अगस्त 2024 को कार्मिक और सतर्कता विभाग की ओर से उत्तराखंड लोक सेवा आयोग को एक अधियाचन भेजा गया जिसमें राज्य आंदोलनकारियों को क्षैतिज आरक्षण का लाभ देने की बात कही गयी है। आज सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार को अधिकार है और उच्चतम न्यायालय ने भी अपने आदेश में राज्य सरकारों को ऐसे वर्गों को आरक्षण देने पर सहमति जताई है जो आरक्षण के हकदार हैं।

अदालत ने फिलहाल क्षैतिज आरक्षण संबंधी सरकार के कदम पर रोक तो नहीं लगायी लेकिन राज्य सरकार से छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा दायर करने को कहा है। साथ ही यह भी कहा है कि राज्य में कितने आंदोलनकारी हैं और अभी तक कितनों को आरक्षण का लाभ मिल चुका है।

## आंध्र प्रदेश में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आया अदाणी ग्रुप, 25 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारी बारिश के कारण बाढ़ से जूझ रहे आंध्र प्रदेश के लोगों की मदद से लिए अदाणी ग्रुप की ओर से गुरुवार को 25 करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया गया। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'आंध्र प्रदेश में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान से बेहद परेशान हूं। इस कठिन परिस्थिति में अदाणी ग्रुप आंध्र प्रदेश के लोगों के साथ मजबूती से ही खड़ा है। हम पूरे विनम्र भाव से अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से राहत के लिए 25 करोड़ रुपये का योगदान देते हैं। इसके साथ ही गौतम अदाणी की ओर से एक फोटो पोस्ट की गई, जिसमें अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के एमडी करण अदाणी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को सहायता देते हुए नजर आ रहे हैं। गौतम अदाणी की पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए करण अदाणी ने लिखा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में चल रहे राहत अभियान में योगदान देने का मौका मिला। हमारा दिल उन लोगों के साथ है जो अपने जीवन और आजीविका का पुनर्निर्माण कर रहे हैं। बता दें कि आंध्र प्रदेश में भारी बारिश के कारण भीषण बाढ़ आई थी। हालांकि, अब पानी उतर चुका है। प्रभावित लोगों को राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को भी लगाया है। बाढ़ पीड़ित के लिए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की ओर से भी राहत पैकेज का ऐलान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री की ओर से बाढ़ पीड़ित लोगों से भी मुलाकात की जा चुकी है और मदद का भरोसा दिया गया



है। बाढ़ को देखते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से भी हाल ही में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का दौरा किया गया था। इस बाढ़ से हुए नुकसान की रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपी गई थी।

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' संविधान के खिलाफ एक व्यक्ति की तानाशाही है: संजय राउत

एजेंसी

**मुंबई ।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने 'एक देश, एक चुनाव' को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन एक व्यक्ति की तानाशाही है।

उन्होंने कहा, भारत बहुभाषी राष्ट्र है। यहां विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं। ऐसे में एक साथ सभी चुनाव कराना जटिल व दूभर मार्ग हो सकता है। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा, यह पार्टी आज से नहीं, बल्कि शुरू से ही संविधान के खिलाफ काम करती आई है। अगर डायरेक्टली नहीं कर पाती, तो इन-डायरेक्टली करती है। यह सरकार संविधान की मूल संरचना से छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रही है। संजय राउत ने दावा किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगला चुनाव हारने जा रहे हैं, इसलिए वो इस तरह के कदम उठा रहे हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' कुछ नहीं, एक प्रकार की तानाशाही है। अगर इस तरह से चुनाव हुए, तो 'नो नेशन' जैसी स्थिति भी पैदा हो सकती है। अगर इस कदम को जमीन पर उतारा गया, तो यह देश के संविधान, लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा साबित होगा। जब संजय राउत से 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को शरद पवार द्वारा समर्थन किए जाने के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने दो टूक कहा, इस पर आगे



विस्तारपूर्वक बात करेंगे, क्योंकि इंडिया ब्लॉक में कई तरह के घटक दल हैं। सभी की अपनी अलग-अलग राय है, लिहाजा हम आगे चलकर पहले इस पर विस्तारपूर्वक बात करेंगे। संजय राउत ने इंडिया ब्लॉक में मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। हम सभी आजादी से काम कर रहे हैं। हमें कोई दिक्कत नहीं है। सीट शेयरिंग को लेकर भी हमारे बीच कोई विवाद नहीं है।राहुल गांधी पर की जा रही अमर्यादित टिप्पणी पर संजय राउत ने कहा, यह बीजेपी का संस्कार है। बीजेपी इसी तरह से हमारे नेता के बारे में विवादित टिप्पणी करती रहती है। इस तरह की टिप्पणी से बीजेपी लोगों के बीच अपने संस्कार और संस्कृति जाहिर कर रही है। देश की जनता सब देख रही है। आपको यह देखना होगा कि आप किस पर विवादित टिप्पणी कर रहे हैं। आप हमारे विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी कर रहे हैं। आपको यह समझना होगा कि राहुल गांधी को देश की जनता ने विपक्षी दल का नेता बनाया है। इस पद पर खुद बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता रह चुके हैं।

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' मतददाताओं के जुनून और जज्बे को करेगा मजबूत: मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली ।** वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर विपक्ष के आरोपों पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बस नकवी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे फिजूल बताते हुए एक ऐसे फंडे की बात की जिसे 'पाकिस्तान का सपोर्ट' मिला हुआ है! कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से वन नेशन वन इलेक्शन को अव्यावहारिक बताये जाने को लेकर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पलटवार करते हुए कहा कि, वो फिजूल की बातें कर रहे हैं। यह वह लोग कह रहे हैं जो पीएम नरेंद्र मोदी के संकल्प शक्ति को नहीं जानते हैं। यह वहीं लोग है जो कहते थे कि नई संसद कैसे बनेगी? अव्यावहारिक है, संसद बन गई। ये लोग कहते थे कि राजपथ कर्तव्य पथ कैसे बन सकता है? बन गया। जो रायसीना है वह लोक कल्याण कैसे बन सकता है? वह बन गया।

# टॉप फूड कम्बीनेशन्स
## रखेंगे आपको स्वस्थ



यहां हम आपको ऐसे फूड कम्बीनेशन्स के बारे में बता रहे हैं जो आपको स्वस्थ रखने में सहायक होंगे।

**कम्बीनेशन – अंडे तथा आम**
**इससे आपको मिलती है – कठोर त्वचा।**
कठोर तथा अच्छी त्वचा पाने के लिए बहुत से उत्पादों की जरूरत नहीं है। आप सिर्फ कुछ अंडों तथा आमों का सेवन करें। अंडे एमीनो एसिड्स से भरपूर होते हैं जो त्वचा में कोलाजैन का निर्माण करने हेतु जरूरी होते हैं। आम में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है जो इन एसिड्स के साथ कोलाजैन के निर्माण को बढ़ाता है। यह कम्बीनेशन शरीर में से नष्ट हुए तत्वों को पुनः निर्मित करने में सहायक होता है जो महत्वपूर्ण ढंग से त्वचा की रंगत को सुधारते हैं।
**सेवन** – अपने अगले नाश्ते को और पोषक बनाने के लिए आमलेट के साथ एक कप ताजा आम की कतलियों का सेवन करें जिससे आपको पूरे दिन की विटामिन सी की आपूर्ति होगी।

**कम्बीनेशन – लाल शिमला मिर्च तथा ब्लैक बीन्स**
**इससे आपको मिलती है – बढ़िया रोग प्रतिरोधक क्षमता।**
सब्जी बाजार में ये बहुत अच्छे दिखते हैं और काफी महंगे भी होते हैं परन्तु इन्हें खरीदने का एक अच्छा कारण है। आप अपनी प्लेट में लाल शिमला मिर्च को शामिल करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाले प्लांट आयरन का सेवन अधिक करते हैं। ब्लैक बीन्स में मौजूद आयरन शरीर के लिए जज्ब करना थोड़ा कठिन है। फिर भी विटामिन सी से भरपूर लाल शिमला मिर्च आयरन को ऐसी किस्म में बदल देती है जो शरीर के लिए इस्तेमाल करना आसान होता है।
**सेवन** – ऑनलाइन आपको बहुत सारी रैसिपीज मिल जाएंगी जो ब्लैक बीन्स को लाल शिमला मिर्च के साथ मिक्स करके आपको एक स्वादिष्ट भोजन देंगी।

**कम्बीनेशन – एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल तथा टमाटर**
**इससे आपको मिलती है – रोगों से बढ़िया सुरक्षा**
टमाटरों में चार मुख्य कैरोटीनोएड्स यानी अल्फा कैरोटीन, बीटा कैरोटीन, ल्यूटीन तथा लाइकोपीन के साथ-साथ तीन मुख्य एंटीऑक्सीडैंट्स यानी बीटा कैरोटीन, विटामिन ई तथा विटामिन सी पाए जाते हैं जो आपकी कैंसर तथा हृदय रोग से लडने में सहायता करते हैं। यह रक्षात्मक कैमिकल्स एक्सट्रा वर्जिन ऑयल के साथ लिए जाएं तो बढ़िया हैं। एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल में स्वास्थ्यवर्धक मोनोसैचुरेटिड फैट्स मौजूद होती हैं।
**सेवन** – टमाटर का छिलका न उतारें क्योंकि इसमें फाइटो कैमिकल्स होते हैं। एक्सट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल बहुत कम प्रसंस्कृत रूप होता है। इसलिए इसमें बहुत ही लाभदायक यौगिक मौजूद होते हैं। इसे ताप तथा रोशनी से दूर स्टोर करें।

**कम्बीनेशन – हरी फूल गोभी तथा टमाटर**
**इससे आपको मिलती है – कैंसर से सुरक्षा।**
हरी फूलगोभी तथा टमाटर में कैंसर से लडने वाले गुण मौजूद होते हैं परन्तु एक अध्ययन से पता चला है कि दोनों का कम्बीनेशन कैंसर से लडने में दोगुणा प्रभाव डालता है। विज्ञानियों ने शोध में पाया कि एक ही वक्त पर टमाटर तथा हरी फूल गोभी का सेवन करने से कैंसर युक्त प्रोस्टेट ट्यूमर्स के विकास की गति बहुत धीमी हो जाती है।
**सेवन** – डेढ़ कप हरी फूल गोभी का अढ़ाई कप ताजे टमाटरों के साथ पिकका या स्पाघेटी के साथ सेवन करें।

**कम्बीनेशन – ग्रीन टी तथा नींबू**
**इससे आपको मिलता है – एक स्वस्थ हृदय।**
ग्रीन टी शक्तिशाली एंटी ऑक्सीडैंट्स कैटेचिन्स का भरपूर स्रोत है जो हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए जाना जाता है। फिर भी अध्ययनों के अनुसार इन यौगिकों को सिर्फ 20 प्रतिशत ही मानवीय शरीर द्वारा जज्ब किया जाता है। ग्रीन टी में नींबू का रस मिलाने से पता चला है कि कैटेचिन्स का स्तर 80 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।
**सेवन** – ग्रीन टी तैयार करने के बाद इसमें एक पूरे नींबू का रस निचोड़ें और पीएं।

**कम्बीनेशन– जौ का दलिया तथा स्ट्राबेरीका**
**इससे आपको मिलता है – एक स्वस्थ हृदय।**
जौ में दो महत्वपूर्ण फाइटो कैमिकल्स ऐवेनैंथ्रामाइड्स तथा फिनोलिक एसिड्स पाए जाते हैं जो विटामिन सी के साथ मिलकर बुरे कोलैस्ट्रॉल के हानिकारक प्रभावों को कम करते हैं और प्लाक के निर्माण को रोक कर हृदयाघात से आपकी रक्षा करते हैं।
**सेवन** – सुबह के समय एक कटोरी जौ के दलिए के साथ आधा कप कटी हुई स्ट्रॉबेरीका का सेवन करें।

**कम्बीनेशन – दालचीनी तथा होलग्रेन टोस्ट**
**इससे आपको मिलता है – अतिरिक्त ऊर्जा तथा तेजी से वजन कम होना।**
टोस्ट पर दालचीनी छिड़कने से ब्लड शूगर एक स्वस्थ स्तर तक रह सकती है जिससे आपकी ऊर्जा में आने वाली कमी रुकती है और साथ ही आपकी भूख का स्तर भी बाधित होता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रीशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार दालचीनी भोजन के बाद पेट के खाली होने की दर को धीमा करती है और साथ ही ब्लड शूगर के स्तर को भी कम करती है।
**ऐसे करें सेवन** – होलग्रेन ब्रैड, ट्रांस फी मारग्रीन तथा एक चम्मच दालचीनी का सेवन करें।

**कम्बीनेशन – लहसुन तथा प्याज**
**इससे आपको मिलती है – पूरे शरीर की सुरक्षा।**
इन दोनों सब्जियों में बहुत सारे ऑर्गैनोसल्फर यौगिक तथा हृदय को स्वस्थ रखने वाले प्लांट कैमिकल्स पाए जाते हैं जो आपकी धमनियों को प्लाक से मुक्त रखते हैं। इन यौगिकों में से कुछ में शरीर में से कारसिनोजैन्स को डिटॉक्सीफाई करने की ताकत पाई गई है।
**सेवन** – अधिकतर भारतीय रसोइयों में लहसुन तथा प्याज का कम्बीनेशन आम देखने को मिलता है। फिर भी यदि आपका मूड कुछ और खाने का हो तो लहसुन तथा प्याज के कम्बीनेशन का सेवन सूप तथा सॉस के माध्यम से भी किया जा सकता है।

**कम्बीनेशन – ग्रीन टी तथा काली मिर्च**
**इससे आपको मिलती है – अत्यधिक पतली कमर।**
क्रैश डाइटिंग को भूल जाएं। अपने अगले भोजन में एक कप ग्रीन टी में थोड़ी-सी काली मिर्च मिलाकर पीएं। इस कम्बीनेशन से ई.जी.सी.जी. नामक एंटीऑक्सीडैंट की खपत में बढ़ौतरी होती है। यह एंटीआक्सीडैंट ग्रीन टी में कैलोरी बर्निंग के लिए जाना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रीन टी में मौजूद यौगिक हार्मोन्स को प्रभावित कर सकते हैं जो भूख तथा संतुष्टि को नियंत्रित करते हैं।
**सेवन** – अध्ययनों से पता चला है कि आधा छोटा चम्मच काली मिर्च से ग्रीन टी के लाभदायक यौगिकों की खपत में बढ़ौतरी हो सकती है।

# जब आपके घर हो किटी पार्टी



### एक दिन पहले ही योजना बना लें
सारे काम समय पर और सही ढंग से हों, इसके लिए आपको एक दिन पहले ही योजनानुसार सारी सामग्री एकत्रित कर लेनी चाहिए और घर की साज-सजावट के अलावा पार्टी में खिलाने वाले गेम्स भी तैयार कर लें ताकि पार्टी वाले दिन इन छोटे-मोटे कामों को करने में समय बर्बाद ना हो।

### ड्रेस तैयार करें
ऐसा ना हो कि पार्टी की तैयारी करते हुए आप अपनी ड्रेस के बारे में सोचना ही भूल जाएं। दूसरी महिलाओं के आगे आपकी चमक फीकी ना पड़ जाए। ऐसे में आप थीम के हिसाब से किटी के एक दिन पहले ही पहनने वाली ड्रेस तैयार कर लें।

### खाने-पीने की चीजें पहले से बना कर रख लें
किटी पार्टी शुरू होने के बाद आप कम से कम समय किचन में बिताएं, इसके लिए जरूरी है कि पार्टी के लिए तैयार किए गए व्यजंनों को ऐसे बर्तनों में पहले से रख लें, जिसे माइक्रोवेव में गर्म किया जा सके।

### गेम्स का भी हो मजा
किटी पार्टी में तंबोला के अलावा पेपर फोल्डिंग गेम्स के साथ-साथ हिंदी फिल्मी गानों पर गेम तैयार किए जा सकते हैं।

### ऐसे हों आप तैयार
केले को अच्छे से मसलकर उसे 10 से 15 मिनट के लिए फ्रीजर में रख दें, इसके अलावा आलू काटते समय आलू के रस को अपने हाथों पर रगड़ लें। 15 मिनट बाद फ्रीजर में रखे हुए केले के पैक को पूरे चेहरे और गर्दन पर 10 मिनट के लिए लगा लें। 10 मिनट बाद चेहरे पर लगे पैक को ठंडे पानी से धो लें। किचन में खाना बनाते समय महिलाओं के हाथ पूरी तरह चिकनाई और हल्दी वाले हो जाते हैं। आलू का रस लगा लें। इससे हाथों की चिकनाई हटाने में मदद मिलती है।
सर्दी के मौसम में ब्लैक लेगिंग के साथ किसी भी गहरे रंग का लंबा स्वेटर और साथ में स्टोल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दिनों चेहरे पर हल्का मेकअप ही अच्छा लगता है। सीनियर ब्यूटीशियन मोनिका का कहना है कि 10 मिनट चेहरे पर लगाया गया केले का पैक डेड स्किन हटाने का काम करता है। पार्टी शुरू होने से पहले चेहरे पर माइस्चराइजर में हल्का फांउडेशन मिलाकर पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं । हल्का आईलाइनर का इस्तेमाल करते हुए हल्की रंग की लिपिस्टक लगाएं। नाखूनों पर भी हल्के रंग की नेल पॉलिश का इस्तेमाल करें।



# पति का काम नहीं करेगा परेशान



रत्नेश अपने करियर में ऊंचाइयों को महसूस करना चाहता है। उसकी पत्नी रुचि का भी यही हाल है, दोनों करियर को बहुत ज्यादा तवज्जो देते हैं। पर दोनों में एक बड़ा अंतर है। दरअसल रुचि काम ऑफिस तक सीमित रखती है, जबकि रत्नेश वर्कोहोलिक की श्रेणी में आते हैं। मतलब सिर्फ काम और काम। वह घर पर हों या ऑफिस में, बात सिर्फ काम की ही करते हैं। न पत्नी के लिए समय और न घर के दूसरे कामों के लिए। कुछ समय पहले इसकी वजह से रुचि खुद को इग्नोर महसूस करने लगी थी। उसको लगने लगा था कि बस, नाम के लिए हम लोग दोस्त और फिर पति-पत्नी बने। अक्सर झगड़े भी होने लगे। पर फिर रुचि ने खुश रहने के कुछ तरीके तलाशे। उसने महसूस किया कि गुस्सा दिखाने की बजाय पति को सपोर्ट करना शायद ज्यादा बेहतर होगा। हो सकता है रुचि का दर्द ही आपका दर्द भी हो। तो आइए जानते हैं उसने आगे और क्या-क्या हल निकाले जो आपके भी काम आ सकते हैं।

### जानती हैं उनके काम का नेचर?
इस सवाल का जवाब अगर ना है तो जरा इसे हां में बदलने के बारे में सोचिए। जानिए, आखिर आपके पति के काम का नेचर है कैसा, जो उनको इतना व्यस्त रखता है। कहीं उन्हें ऑफिस में कोई दिक्कत तो नहीं है, कहीं उन पर ही ज्यादातर काम की जिम्मेदारी तो नहीं है। हो सकता है, ऑफिस में सबसे जानकार आपके पति ही हों और इसीलिए उन पर ही सारे काम का बोझ हो। हां, यह सबकुछ जानने के बाद एक काम और करना होगा। उनके सारे काम में लगने वाले समय को जरूर जोडिए। जानिए, इन कामों में आमतौर पर समय कितना लगता है क्योंकि हो सकता है पतिदेव उसी काम में समय ज्यादा लगाते हों। यह सब जानकर या तो आप समझ जाएंगी कि पति सही कारण से ही इतना व्यस्त रहते हैं या फिर आपको उनकी कमियां पता चलेंगी, जिन्हें सुधारने में आप उनकी मदद कर सकती हैं।

### घर हो एक आरामदायक जगह
पति घर आएं तो आपके चेहरे पर गुस्से के चलते बारह बजे हों और घर भी अस्त-व्यस्त हो, तो स्थितियां सुधरेंगी नहीं, बल्कि और बिगड़ जाएंगी। ऐसे में जरूरी है कि आप घर का माहौल अच्छा रखें, ताकि जब पति काम की टेंशन से लौटें तो रिलैक्स महसूस कर सकें। खुद अच्छे से तैयार रहें और पति के खानपान और फिटनेस का ध्यान रखें।

### आप संतुष्ट हैं?
हो सकता है साथ घूमने जाती सहेलियों को देखकर आपको महसूस होता हो कि 'अरे, बस मैं ही अकेली हूं।' पर जरा भावनाओं पर काबू कीजिए। सबकी जिंदगियां एक सी नही हो सकती हैं, सबकी अलग जिम्मेदारी और परिस्थितियां होती हैं और उन्हीं के हिसाब से लोग जिंदगी जीते हैं। इसलिए अकेलेपन वाली भावनाओं को मन में ही रखिए और पति को यह महसूस करवाइए कि आप हमेशा उनके साथ हैं। जब वो फुरसत में होंगे तो जरूर आपके अकेलेपन को महसूस करेंगे और सुधार की पूरी कोशिश करेंगे।

### सुझाव तो दे सकती हैं
वो आपके जीवनसाथी हैं, आपने हर मुश्किल में साथ देने का वादा किया है तो उस वादे को निभाइए। वर्कोहोलिक होना उनकी आदत बन गई है, पर इससे वे शरीर और दिमाग दोनों से थक जाते हैं। यह वह समय है जब आपको अपने हिस्से का सपोर्ट दिखाना है। बैठकर पति से बात कीजिए, उनके मन की बातें जानिए, कोई दिक्कत है तो उन्हें सुझाव भी दीजिए।

### खुश रहिए और खुश रखिए
जी हां, आप दोनों जितना भी वक्त साथ बिताते हैं उसे खास बनाइए। अपनी तरफ से तो आप इसकी कोशिश कर ही सकती हैं। दो घंटे मिलते हैं तो उसमें भी हंसी-मजाक की बातें, खुश करने के तरीके इन सबको आजमाइए। उन्हें बताइए कि हम दोनों जब साथ होते हैं तो खुश होते हैं। हम दोनों का साथ कितना कीमती और खास है। अपेक्षाओं को खत्म न सही पर कम तो करना ही होगा।



पति के पास काम के अलावा कोई काम नहीं है। उन्हें वर्कोहोलिक का तमगा मिला हुआ। पर यह तमगा आपको पसंद नहीं। हमेशा अकेली-अकेली रह रहकर आप थक चुकी हैं। कुछ पल जो साथ बिताते हैं, उनमें भी झगड़े होते हैं तो जरा इन पलों की कीमत समझिए और पति की मदद कीजिए। उन्हें समझिए और खुश रहिए।

## चेन्नई के स्कूल में हुआ शीतल, थंगावेलु का सम्मान, छात्रों संग मस्ती करते दिखे दोनों पैरालंपियन

एजेंसी

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** शीतल देवी ने चेन्नई के वनागरम में वेलाम्मल विद्यालय के छात्रों को 2024 पेरिस पैरालिंपिक में एस्प्लेनेड डेस इनवैलिड्स में अपने प्रदर्शन की एक झलक दिखाई। शीतल, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों में ओपन मिक्स्ड टीम कंपाउंड इवेंट में राकेश कुमार के साथ कांस्य पदक जीता था, साथी पैरालिंपियन मरियप्पन थंगावेलु के साथ मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने पेरिस में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल किया था। स्कूल ने शहर के श्री रामचंद्र कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स एंड साइंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य स्कूल से 50 चिन्हित एथलीटों को तैयार करना और उन्हें 2032 ओलंपिक के लिए तैयार करना है, जैसा कि श्री रामचंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च (एसआरआईएचईआर) की कुलपति उमा सेकर ने बताया। दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम के दौरान, मंच पर एक छोटी शूटिंग रेंज बनाई गई थी। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीतल और उनके कोच के बीच थोड़ी देर की चर्चा के बाद, उन्होंने तीन तीर छोड़े, जिनपर उनका स्कोर एक नौ, फिर एक नौ, और फिर एक 10 रहा।

## हैदराबाद के खिलाफ बेंगलुरू को मिलेगा अपने घरेलू मैदान का फायदा

**बेंगलुरू।** बेंगलुरू एफसी अपने घरेलू मैदान श्री कांतीरवा स्टेडियम में आज शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के दूसरे मैचवीक के शुरुआती मुकाबले में हैदराबाद एफसी की मेजबानी करेगा। ब्लूज ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले 10 आईएसएल मुकाबलों में सिर्फ दो बार जीत हासिल की है, और पहली बार लगातार जीत की तलाश में है। इसके विपरीत, हैदराबाद एफसी पिछले तीन आईएसएल सीजन में अपने शुरुआती मुकाबले हार चुकी है और इस बार हालात बदलने की कोशिश करेगी। विनीत वेंकटेश के गोल की बदौलत बेंगलुरू एफसी ने अपने पिछले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी को 1-0 से हराया, लेकिन हेड कोच जेरार्ड जारागोजा का कहना है कि इस किशोरवय खिलाड़ी को अपने खेल के कई पहलुओं पर काम करने की जरूरत है। बेंगलुरू एफसी के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने कहा, उसने (विनीत) पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन वह बहुत छोटा है। उसके पास गुणवत्ता है, लेकिन उसे अपने शरीर, मूवमेंट्स और खेल को रणनीतिक रूप से समझने के लिए बहुत सुधार करने की जरूरत है। हम उसे और बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। वह नर्वस था; क्योंकि कांतीरवा में उसका पहला मैच था, और सुनील छेत्री, राहुल (भेके) जैसे नामी खिलाड़ियों के साथ खेल रहा था। उसे चोट लगी थी, और हमें उम्मीद है कि यह गंभीर नहीं होगी और जल्द ही वह खेलने लायक हो जाएगा।

## शतरंज ओलंपियाड 2024, राउंड 7: भारतीय पुरुषों ने चीन और महिलाओं ने जॉर्जिया को हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने हंगरी के बुडापेस्ट में एसवाईएमए स्पोर्ट्स एंड कॉन्फ्रेंस सेंटर में शतरंज ओलंपियाड 2024 के ओपन सेक्शन के सातवें राउंड में चिर प्रतिद्वंद्वी चीन को हराया। उभरते हुए स्टार जीएम डी गुकेश ने विश्व के 8वें नंबर के चीन के वेई यी को हराकर भारत के पक्ष में निर्णायक परिणाम हासिल किया। अर्जुन एरिगैसी, आर. प्रज्ञानानंद और पेंटाला हरिकृष्णा चीनी दीवार को भेदने में असमर्थ रहे, इसलिए मैच 2-2 से बराबरी पर आ गया। हालांकि, गुकेश ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए तब तक दबाव बनाए रखा जब तक कि वेई यी ने आखिरकार हार नहीं मानी और मैच भारत के पक्ष में हो गया। प्रज्ञानानंद और यू यांगयी ने सबसे पहले अपना खेल समाप्त किया, जो ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था। अर्जुन, जो 6/6 पर थे, को बू जियांगज़ी ने टूर्नामेंट का पहला ड्रॉ दिया। इससे पहले, चीन ने राउंड से पहले विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को आराम देने का फैसला किया, जिससे गुकेश के खिलाफ़ संघर्ष की संभावना समाप्त हो गई। हरिकृष्णा ने काले मोहरों के साथ अपनी भूमिका बखूबी निभाई और अंतिम बोर्ड पर शानदार फॉर्म में चल रहे वांग यू को जीत से वंचित रखा।

## बैंगलोर बैशर्स की धमाकेदार जीत, हरियाणवी हंटर्स का अजेय क्रम बरकरार

**नई दिल्ली।** इंटरटेनमेंट क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी-10 टूर्नामेंट के छठे दिन कुछ टीमों के लिए लीग चरण का रोमांचक समापन हुआ,जहां बैंगलोर बैशर्स ने अपने आखिरी मैच में शानदार जीत दर्ज की और हरियाणवी हंटर्स ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा। दिन के पहले मैच में डायनामिक दिल्ली के कप्तान सोनू शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी रही, ओपनर्स राहुल गर्ग और लक्ष्य सिंह ने 4 ओवरों में 55 रन की साझेदारी की। राहुल गर्ग ने 23 गेंदों पर 63 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन दिल्ली की मिडिल और लोअर ऑर्डर बुरी तरह से ढह गई। 7वें ओवर में 103 पर 3 के स्कोर से, दिल्ली की टीम 123 रनों पर ऑलआउट हो गई, जिसमें बैंगलोर के गेंदबाज शुबहम चौला और तनुष सेठी ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में, बैंगलोर बैशर्स ने बिना किसी परेशानी के खेला, भले ही उन्होंने जल्दी ही करनजीत सिंह का विकेट गंवा दिया। उमंग सेठी (17 गेंदों पर नाबाद 72) और कप्तान अभिषेक मल्हान (10 गेंदों पर नाबाद 40) के बीच बेहतरीन साझेदारी ने दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर खबर ली।

# बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का किया फैसला

एजेंसी

**चेन्नई।** बंगलादेश ने टॉस जीतकर टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां बंगलादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टॉस के बाद शान्तो ने कहा कि पिच सख्त नजर आ रही है लेकिन नमी को देखते हुए वह परिस्थिति का फायदा लेना चाहते है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान श्रृंखला के बाद टीम आत्मविश्वास से लबरेज है और उसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह भी टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ही करते। उन्होंने कहा कि हर टेस्ट महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने अच्छी तैयारी की है। भारतीय टीम में तीन तेज गेंदबाज और दो स्पिनर हैं। तेज गेंदबाजो में आकाश दीप, बुमराह और सिराज हैं जबकि



अश्विन और जडेजा स्पिनर के तौर पर खेल रहे हैं।

**दोनों देशों की टीमें इस प्रकार है:-**

भारतः- रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

बंगलादेशः- शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, नजमुल शान्तो (कप्तान), मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, मेहदी हसन मिराजस, हसन महमूद, नाहिद राणा और तसकीन अहमद।

# परनायक ने की मांडविया से मुलाकात, खेलों को बढ़ावा देने पर की चर्चा

एजेंसी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक ने नयी दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और खेलों को बढ़ावा देने तथा भागीदारी बढ़ाने के लिए क्षमता निर्माण, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल करने और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

राजभवन की ओर से यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि श्री परनायक ने क्रिकेटर टेची डोरिया, भारोत्तोलक युकर सेबी, शटलर ला तलार, ताइक्वांडो मार्शल आर्टिस्ट रूपा ब्योर और पर्वतारोही कबाक यानो जैसे शीर्ष खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए राज्य के हर जिले में युवा प्रतिभाओं की खोज के लिए गहन प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि अरुणाचल के युवाओं में अपार क्षमता है, लेकिन उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने के लिए उचित



मार्गदर्शन और अवसरों की आवश्यकता है। खेल चिकित्सा के प्रबल समर्थक राज्यपाल ने श्री मांडविया से बायोमैकेनिक्स, खेल विज्ञान, खेल मनोविज्ञान और रिकवरी तकनीकों में अत्याधुनिक प्रगति का प्रावधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एथलीटों को प्रदर्शन में वैश्विक मानकों तक पहुंचने में मदद करने के लिए ये उपकरण आवश्यक हैं। श्री परनायक ने खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, आधुनिक उपकरणों और व्यापक सहायता प्रणालियों का भी आह्वान किया।

इसमें कहा गया है कि श्री मांडविया ने युवा पर्वतारोही कबाक यानो की मदद करने के साथ-साथ क्रिकेट स्टेडियम के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने को लेकर तत्परता दिखायी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अरुणाचल प्रदेश के युवाओं की खेल क्षमता की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने राज्यपाल को राज्य और उसके खिलाड़ियों के लिए अधिक प्रशासनिक और बुनियादी ढांचागत सहायता का आश्वासन दिया।

# देश अब बल्लेबाजी की दीवानगी से गेंदबाजी के जुनून में बदल रहा है : गंभीर

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों ने देश को बल्लेबाजी की दीवानगी से गेंदबाजी के जुनून में बदला है।

बंगलादेश के साथ शुरु हो रहे टेस्ट मैच से पहले गंभीर ने कहा, 'भारत में ऐसा कई बार नहीं हुआ है जब हम गेंदबाज के बारे में बात करने लगे हों। मुझे लगता है कि देश हमेशा बल्लेबाजों और बल्लेबाजों के बारे में ही बात करता रहा है। भारत एक समय बल्लेबाजी का दीवाना देश था। आपको बुमराह, शमी, सिराज, अश्विन, जडेजा को श्रेय देना होगा कि अब वे इसे गेंदबाजी के जुनून में बदल रहे हैं और हम गेंदबाजों के बारे में बात करने लगे हैं। बुमराह ने केवल 36 टेस्ट खेले है और आंकड़े बताते है कि वह लगभग हर तीन टेस्ट में एक बार पांच विकेट (अब तक 10) लेते हैं और उनके इसी हुनर के कारण भारत ने ओवल 2021, मेलबर्न 2018, विशाखापत्तनम 2024 में जीत



हासिल की हैं। गंभीर ने कहा, तीनों प्रारूप में बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं और यह केवल उनका प्रदर्शन नहीं है, यह उनकी भूख है। सबसे अच्छी बात यह है कि वह जितना संभव हो, उतना टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'लाल गेंद की क्रिकेट में वह क्या कर सकते हैं, यह बताने की आवश्यकता नहीं है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में सम्मान की बात है कि हमारे पास बुमराह जैसा कोई खिलाड़ी है, जो हमारे लिए खेल रहा है और ड्रेसिंग रूम में बैठा है। उनकी वजह से हम खेल के किसी भी चरण में बदलाव ला सकते हैं। तो हां, उम्मीद है कि हम इस श्रृंखला में भी ऐसा ही कर सकते हैं और आगे भी ऐसा करेंगे।' उन्होंने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे अच्छी शैली वह शैली है, जो जीत दिलाती है। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो किसी एक शैली को अपनाने की बजाय स्वयं को ढाल लेती है और जल्द सीख लेती है। अगर आप एक ही शैली अपनाने लगेंगे तो सुधार नहीं होगा। हम चाहते हैं कि लोग स्थिति, परिस्थिति को देखकर खेलें और फिर हर दिन आगे बढ़ते रहें। और आखिर में यही सब मायने रखता है। आप जानते हैं, यह सब एक निश्चित शैली को नाम देना और केवल एक ही तरीके से खेलना, सब अंततः परिणामों के बारे में है। जैसा कि मैंने अभी बताया, सबसे अच्छी शैली वह शैली है जो जीताती है।' उन्होंने स्पिन गेंदबाजों के सवाल पर कहा, 'जाहिर है, सबसे पहले यह है कि वे पहले दिन और पांचवें दिन क्या प्रभाव डाल सकते हैं। भारत बहुत भाग्यशाली रहा है कि हमें अश्विन और जाडेजा जैसे स्पिन गेंदबाज मिले हैं। उन्होंने मिलकर वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की है और हम जानते हैं कि वे पहले दिन कैसे योगदान दे सकते हैं। क्योंकि टेस्ट क्रिकेट के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपके पास रक्षात्मक गेंदबाजी करने की क्षमता होनी चाहिए, साथ ही आपके पास आक्रामक गेंदबाजी करने की भी क्षमता होनी चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि हमारे पास एक ऐसा आक्रमण होगा जो 20 विकेट ले सकता है और वे दो लोग निश्चित रूप से भारतीय परिस्थितियों में बहुत प्रभाव पैदा करेंगे।

## एकता की भावना ने हमें फाइनल जीतने में मदद की: हरमनप्रीत सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि एकता की भावना के कारण हमने मंगलवार को हुलुनबुइर में हुए फाइनल मुकाबले में चीन को मात देकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता। हरमनप्रीत ने कहा, 'फाइनल वास्तव में बहुत रोमांचक था, पूरे खेल में चीनी खिलाड़ी हम पर हावी होने का प्रयास कर रहे थे और हमें गोल करने का मौका बनाना वास्तव में मुश्किल हो रहा था, लेकिन पिछले एक साल में टीम ने एक-दूसरे पर बहुत भरोसा कायम किया है।

पिछले वर्ष चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक, हांग्जो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और पेरिस ओलंपिक 2024 से कांस्य पदक ने टीम के भीतर एक गहरी मित्रता की भावना पैदा की है। हम एक-दूसरे के लिए मरने को तैयार हैं। यह एकता की भावना ही थी जो हमें आश्वस्त करती थी कि हम मिलकर खेलते हुए जीतने का कोई रास्ता खोज लेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमें अपना खिताब बरकरार रखने पर गर्व है, लेकिन अभी काम बंद नहीं हुआ है। हमें कुछ क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, हमें अपनी टीम में भी गहराई लाने की जरूरत है। टीम थोड़े समय के ब्रेक के बाद वापस शिविर में लौटेगी और अपने समर्थकों को फिर से गौरवान्वित करने के लिए फिर से टूर्नामेंटों की तैयारी शुरू करेगी।

टीम के उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद ने कहा, 'ग्रुप स्तर के सभी टीमों के खिलाफ खेलना कठिन था। ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद हमारी पीठ पर तमगा लगा था, हम ही वह टीम थी जिसे हराना था। लेकिन टीम के हर एक खिलाड़ी ने दिखाया कि हम अपने विरोधियों से आगे निकल गए हैं। युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, कृष्ण और सूरज ने बारी-बारी से हमें मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला, डिफेंडर भरोसेमंद रहे और मिडफील्डर और फॉरवर्ड ने मैदान पर धमाल मचाया। कुल मिलाकर, यह बहुत मजेदार था।

# पाकिस्तान की महिला टीम ने टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 13 रन से हराया

एजेंसी

**मुलतान।** मुनीबा अली (45) और कप्तान फातिमा सना (नाबाद 37) रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 13 रनों से मात दी है। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है।

आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुनीबा अली 34 गेंदों में (45), कप्तान फातिमा सना 23 गेंदों में (नाबाद 37), निदा डार 21 गेंदों में (29), सिदरा अमीन 25 गेंदों में (28) और आलिया रियाज सात गेंदों में (नाबाद 17) रनों की पारियों के योगदान से निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181




का स्कोर खड़ा किया था। दक्षिण अफ्रीका की ओर से टुमी सेखुखुने ने दो विकेट लिये। सुने लूस और अनरी डर्कसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तेजमिन ब्रिट्स (नौ) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। लॉरा वुलफार्ट 25 गेंदों में (36), अन्नेका बोश (24) और नडीन डी क्लर्क (12) रन बनाकर आउट हुई। सुने लूस की 29 गेंदों में (नाबाद 53) रनों की अर्द्धशतकीय पारी बेकार गई। क्लोई ट्राइऑन 16 गेंदों में (नाबाद 30) रनों पारी बेकार गई और वे अपनी टीम को 13 रनों की हार से नहीं बचा सके। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 168 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और नश्रा संधू ने दो-दो विकेट लिये।

## रिकी पोंटिंग पंजाब किंग्स के कोच नियुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) का नया मुख्य कोच बनाया गया है पोंटिंग ने किंग्स के साथ एक बहु-वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पोंटिंग शेष कोचिंग सदस्यों पर अंतिम निर्णय लेंगे। यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ कि पिछले साल से कोचिंग इकाई के कौन-कौन से कोचिंग सदस्य उनकी टीम में शामिल होंगे। आईपीएल 2024 में दूसरी बार पर्पल कैप जीतने वाले हर्षल पटेल, शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा की अनकैप्ड भारतीय जोड़ी पिछले सत्र में पंजाब किंग्स के लिए महत्वपूर्ण प्रदर्शन करने वालों में से थे। किंग्स के पास बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा, लेग स्पिनर राहुल चाहर के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों का एक अच्छा समूह भी है, जिसमें सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, जॉनी बेयरस्टो और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की इंग्लैंड की तिकड़ी शामिल है। हालांकि शिखर धवन के संन्यास लेने के बाद किंग्स को नये कप्तान की तलाश है। पोंटिंग 2008 में उद्घाटन सत्र से ही आईपीएल का हिस्सा रहे हैं। वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स में एक खिलाड़ी के रूप में और फिर मुंबई इंडियंस में रहे। उन्होंने 2013 के सत्र के बीच में कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। उसी वर्ष मुंबई ने खिताब जीता। पोंटिंग 2014 में सलाहकार की भूमिका में बने रहे और फिर 2015 और 2016 में दो सत्रों के लिए मुख्य कोच के रूप में काम किया।

# अफगानिस्तान ने द. अफ्रीका को छह विकेट से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

एजेंसी

**शारजाह।** फजलहक फारूकी (चार विकेट) और ए एम गजनफर (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद गुलबदीन नईब (नाबाद 34) और अजमतउल्लाह ओमरजई (नाबाद 25) की शानदार पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 144 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह पहली बार जब अफगानिस्ता ने दक्षिण अफ्रीका को हराया है। इसी के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) और रहमत शाह (8) रन बनाकर आउट हुये। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट रियाज हसन (16) के रूप में गिरा। 60 के स्कोर पर कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी (16) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद अजमतउल्लाह ओमरजई ने गुलबदीन नईब के साथ मोर्चा संभाला। गुलबदीन ने 27 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुये (नाबाद 34) रनों की पारी खेली। वहीं अजमतउल्लाह ओमरजई ने दो छक्कों की मदद से (नाबाद 25) रन बनाये। अफगानिस्तान ने 26 ओवर में चार विकेट पर 107 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से ब्योर्न फोर्टेन ने दो विकेट लिये। लुंगी एन्गिडी और एडन मारक्रम ने एक-




एक बल्लेबाज को आउट किया इससे पहले अफगानिस्तान के गेंदबाजो ने दक्षिण अफ्रीका को 33.3 ओवर में 106 के स्कोर पर समेट दिया था। आज यहां टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जो कि उसके लिये घातक सिद्ध हुआ। दक्षिण अफ्रीका का पहला विकेट 17 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स (9) के रूप में गिरा। उन्हें फारूकी ने बोल्ड आउट किया। इसके बार फारूकी ने कप्तान एडन मारक्रम (2) को भी सस्ते में निपटा दिया। टोनी डीजार्जी (11) भी फारूकी का शिकार बने। ट्रिस्टन स्टब्स (शून्य),काइल वेरेन (10), जेसन स्मिथ (शून्य) को ए एम गजनफर ने आउट किया। ब्योर्न फोर्टेन (16) लुंगी एन्गिडी (शून्य) को राशिद खान ने अपना शिकार बनाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र बल्लेबाज वियान मुल्डर (52) ही कुछ देर पिच पर टिक सके। उन्हें भी फारूकी ने बोल्ड आउट किया। अफगानिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 33.3 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी ने चार विकेट लिये। ए एम गजनफर को तीन विकेट मिले। राशिद खान ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# मीराबाई चानू में अभी बहुत कुछ शेष है: विजय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारोत्तोलन मीराबाई चानू के कोच विजय शर्मा ने कहा है कि इस एथलीट का काम अधूरा और उनमें अभी बहुत कुछ शेष हैं।

मोदीनगर में अस्मिता महिला भारोत्तोलन लीग के दौरान 2014 से मीराबाई चानू के साथ जूड़े हुए कोच शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया से कहा, पेरिस के बाद, हम दोनों ने भविष्य पर चर्चा की और फैसला किया कि मीराबाई को प्रतिस्पर्धी भारोत्तोलन में बने रहना चाहिए। मोदी नगर में भारोत्तोलन सुविधा विकसित कर रहे शर्मा ने कहा, मैं 2014 से मीराबाई के साथ जुड़ा हुआ हूं और वह बेहद अनुशासित एथलीट हैं। मीराबाई पेरिस में चौथे स्थान पर रहीं और हम दोनों को लगता है कि अभी कुछ और काम करना शेष है। हम अगले राष्ट्रमंडल खेलों (2026 में) और



एशियाई खेलों (2026 में नागोया, जापान) पर विचार कर रहे हैं। एशियाई खेलों का पदक नहीं है और हम उसे हासिल करने के लिए अपना सब कुछ झोंक देंगे। मीराबाई ने कहा, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और चोट से वापस आने के बाद जहां मैंने प्रदर्शन किया, उससे मैं खुश हूं। राष्ट्रीय कोच ने कहा कि भारत का भारोत्तोलन का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि महिलाएं कितनी मेहनत करती हैं। उन्होंने कहा, भारत में महिला भारोत्तोलन का भविष्य उज्ज्वल है। आपने देखा होगा कि कैसे कर्णम मालेश्वरी ने 2000 में ओलंपिक पदक जीता, फिर मीराबाई चानू ने 2020 में। मैं 25 साल से भारोत्तोलन में हूं, मैं दृढ़ता से कह सकता हूं कि केवल महिलाएं ही हमें 2028 और 2032 में ओलंपिक पदक दिला सकती हैं। उल्लेखनीय है कि टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता, पिछले महीने पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही, महिलाओं की 49 किग्रा वर्ग में बहुत कम अंतर से कांस्य पदक से चूक गई थी।

# मालविका ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता तुनजुंग को हराया

एजेंसी

**चांगझोऊ।** भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को हराकर चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह बना ली है। यहां हुये मुकाबले में बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में 23 वर्षीय बंसोड़ ने राउंड ऑफ 32 में इंडोनेशिया की पेरिस ओलंपिक 2024 की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में 26-24, 21-19 से हराया। 46 मिनट तक चले इस मुकाबले की शुरुआत से ही 41 रैंकिंग वाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपनी पकड़ मजबूत रखी और दोनों गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाए रखा। पहला गेम रोमांचक रहा। शुरुआत से ही मालविका टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पर हावी रहीं और 7-4 की शुरुआती बढ़त हासिल की।

भारतीय खिलाड़ी ने इस बढ़त को बरकरार रखते हुए स्कोर 14-6 कर दिया। लेकिन इसके बाद तुनजुंग ने मैच में वापसी की और लगातार अंक अपने नाम कर बढ़त को कम करते हुए 19-19 से स्कोर बराबर किया। इसके बाद पहला गेम जीतने के लिए दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, लेकिन



मालविका ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए पहला गेम 26-24 से अपने नाम किया। मालविका ने दूसरे गेम में 8-3 की बढ़त बनाई और अपने शानदार शॉट की बदौलत स्कोर 20-15 कर दिया। वहीं, ग्रेगोरिया अंक अर्जित करने के लिए संघर्ष करती हुई नजर आई। मालविका ने ग्रेगोरिया को मैच तीसरे गेम तक पहुंचाने का कोई मौका नहीं दिया और मुकाबला जीत लिया।दूसरे राउंड में मालविका का सामना 25वीं रैंकिंग पर काबिज स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर से होगा। इससे पहले हुए मैच में 26वें स्थान पर मौजूद राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता गायत्री गोपीचंद-त्रिशा जॉली की महिला युगल जोड़ी अपने पहले राउंड में चीनी ताइपे की दुनिया की 73वें नंबर की जोड़ी सीह पेई-शान और हंग एन-त्जु से 16-21, 21-15, 21-16 से हार गई।

महिला एकल में दुनिया की 72वें नंबर की खिलाड़ी समिया इमाद फारूकी को क्रिस्टी गिल्मोर से 9-21, 7-21 से हार मिली। वहीं आकर्षि कश्यप को चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान से 15-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। स्वेतापर्णा पांडा और रुतपर्णा पांडा को टेंग चुन-हसुन और यांग चू युन से 11-21, 21-16, 11-21 से हार मिली। मिश्रित युगल के पहले राउंड में एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की जोड़ी मलेशिया की जोड़ी मेंग तान कियान और पेई जिंग लाइ से सीधे गेम में 10-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई। एक अन्य मैच में सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियाथ की मिश्रित जोड़ी को मलेशिया के ही तांग जी चेन और ई वेई तोह से 14-21, 11-21 से हार मिली। पुरुष एकल मुकाबले में किरण जॉर्ज को जापान के केंटा निशिमोटो से 21-4, 10-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

## 3 साल से नहीं मिल रहा कोई ऑफर...काम न मिलने पर

# अहाना कुमरा ने बयां किया दर्द



फिल्म हो या फिर टीवी इंडस्ट्री, लगभग हर कलाकार को अपने करियर में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है. किसी को एक के बाद एक प्रोजेक्ट्स मिलते हैं, तो कोई एक शो के लिए भी तरस जाता है. टीवी और ओटीटी पर स्ट्रगल करने के बाद अहाना कुमरा बॉलीवुड की फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं. एक्ट्रेस को आखिरी बार साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'इंडिया लॉकडाउन' में देखा गया था. अहाना कुमरा काफी समस से बड़े पर्दे से दूर हैं. अब हाल ही में एक्ट्रेस ने खुद खुलासा किया है कि उन्हें पिछले तीन सालों से कोई रोल ऑफर नहीं हो रहा है.एक्ट्रेस अहाना कुमरा ने बताया कि उन्हें 3 साल से काम नहीं मिला है. पिछले कई सालों से वो अच्छे किरदार की तलाश में हैं. लेकिन अभी तक उन्हें कोई ऑफर नहीं मिला है. इसी के चलते अब अहाना कुमरा ने कोई और ऑप्शन तलाशना शुरू कर दिया है. एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में बॉलीवुड को लेकर भी कई खुलासे किए हैं.

**तीन साल से नहीं मिल रहा कोई काम**

हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए अहाना ने बताया, मुझे अब कोई शो या फिल्म के ऑफर नहीं दिए जा रहे हैं. तीन साल से ज्यादा समय से कोई ऑफर नहीं मिला है. कोई भी मुझे काम देने के लिए तैयार नहीं है. मैंने ओटीटी पर खूब काम किया है, लेकिन काफी समय से मेरे पास करने के लिए कोई काम नहीं है और न मुझे इससे कोई परेशानी है.

**मुझे अपना घर चलाना है- अहाना कुमरा**

इसी इंटरव्यू में अहाना कुमरा ने अपने जैसे कलाकारों को लेकर ऑफर की कमी पर कन्सर्न जताया और कहा, बॉलीवुड में सिर्फ ए ग्रेड एक्टर्स के पास ही अच्छा काम आता है क्योंकि ज्यादातर मेकर्स उन्हें ही अपनी फिल्मों में कास्ट करना चाहते हैं. वो किसी ऐसे स्टार को लेना चाहते हैं जो कम फीस लेता हो. इसलिए अब मैं सिनेमा के दूसरे फॉर्म्स की तलाश कर रही हूं क्योंकि मुझे अपना घर चलाना है. मैं एक्टिंग के अलावा कुछ और ऑप्शन सोच रही हूं.

**अच्छे एक्टर का टैग लेकर कुछ नहीं करना**

एक्ट्रेस ने आगे कहा, ईमानदारी से कहूं, तो मैंने लंबे समय से एक 'गुड एक्टर' होने का लेबल रखा, लेकिन इस लेबल ने भी मेरे करियर को फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाया है. लेकिन अब मैं थक चुकी हूं. अगर आप एक अच्छे एक्टर भी हैं, तो कोई भी आपको काम नहीं देता है और ये गुड एक्टर का टैग लेकर मुझे कुछ करना नहीं है अगर काम ही नहीं मिलता है. मुझे अपने बिल चुकाने हैं.

**मछली बाजार की तरह हो गई फिल्म इंडस्ट्री**

अहाना कुमरा ने आगे बताया कि कैसे इंडस्ट्री में एक्टर्स को रिप्लेस किया जा सकता है. इस फील्ड में कॉम्पिटीशन भरा हुआ है. आजकल हर कोई इतनी आसानी से बदला जा सकता है. ये एक मछली बाजार की तरह हो गया है, जहां सस्ता मिलेगा वहां से लेंगे.

**अहाना ने खोला प्रोडक्शन हाउस!**

इसी बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस खोला है. अहाना ने कहा, जैसे ही मेरे पास कुछ होगा, मुझे अनाउंस करने में खुशी होगी. मैंने कुछ दिन पहले प्रोडक्शन हाउस के लिए पूजा की थी. मैं ओटीटी और थिएटर दोनों प्रोजेक्ट्स की मेकिंग करूंगी मेरा सारा ध्यान वहीं है, मैं सुबह से शाम तक यही कर रही हूं.

## कभी आलिया भट्ट की फिल्म में क्राउड आर्टिस्ट थे अभिषेक कुमार, अब एक्ट्रेस ने खुद खिंचवाई तस्वीर, सुनाया किस्सा



टीवी सीरियल उडारियां फेम अभिषेक कुमार ने एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ एक सेल्फी शेयर की है. उन्होंने इस तस्वीर के साथ एक दिल को छू लेने वाली कहानी भी बताई है. अभिषेक ने बताया है कि एक वक्त था जब वो आलिया की फिल्म में क्राउड आर्टिस्ट यानी भीड़ में रहने वाले कलाकार के तौर पर काम किया करते थे. तब वो आलिया के साथ सेल्फी लेना चाहते थे, पर उस वक्त ऐसा नहीं हो पाया. अब सालों बाद उनका सपना पूरा हो गया है. उन्होंने कहा है कि लाइफ में ग्रोथ तो हुई है.अभिषेक कुमार ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 के सेट से आलिया के साथ सेल्फी शेयर की है. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, क्राउड आर्टिस्ट से आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने तक. एक टाइम था 2013 में जब मैं एक क्राउड आर्टिस्ट था हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में, और शूट का आखिरी दिन था. मैंने सोचा कि आलिया मैम के साथ बस एक पिक्चर क्लिक हो जाए.

टीवी सीरियल उडारियां फेम अभिषेक कुमार ने एक्ट्रेस आलिया भट्ट के साथ एक सेल्फी शेयर की है. उन्होंने इस तस्वीर के साथ एक दिल को छू लेने वाली कहानी भी बताई है. अभिषेक ने बताया है कि एक वक्त था जब वो आलिया की फिल्म में क्राउड आर्टिस्ट यानी भीड़ में रहने वाले कलाकार के तौर पर काम किया करते थे. तब वो आलिया के साथ सेल्फी लेना चाहते थे, पर उस वक्त ऐसा नहीं हो पाया. अब सालों बाद उनका सपना पूरा हो गया है. उन्होंने कहा है कि लाइफ में ग्रोथ तो हुई है.अभिषेक कुमार ने खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 के सेट से आलिया के साथ सेल्फी शेयर की है. उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, क्राउड आर्टिस्ट से आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करने तक. एक टाइम था 2013 में जब मैं एक क्राउड आर्टिस्ट था हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में, और शूट का आखिरी दिन था. मैंने सोचा कि आलिया मैम के साथ बस एक पिक्चर क्लिक हो जाए.

अभिषेक के इस पोस्ट पर कई लोगों के कमेंट भी आ रहे हैं. पोस्ट पर आलिया भट्ट की स्टेप सिस्टर और अपने जमाने की मशहूर एक्ट्रेस पूजा भट्ट ने भी रिएक्ट किया है. उन्होंने तीन हार्ट इमोजी कमेंट की है. उनके अलावा आयशा खान ने भी पोस्ट पर हार्ट इमोजी के साथ रिएक्ट किया है. एक यूजर ने लिखा- मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है.

## बिग बॉस 18 के लिए 2 बड़े नाम हुए कंफर्म, निया शर्मा नहीं होंगी शो का हिस्सा



सलमान खान का रियलिटी शो बिग बॉस 18 इन दिनों टॉक ऑफ द टाउन बना हुआ है. फैन्स इस शो के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इसी एक्साइटमेंट को देखते हुए मेकर्स ने सोमवार को बिग बॉस 18 का पहला प्रोमो सलमान खान की आवाज के साथ रिलीज किया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो 5 अक्टूबर से शुरू हो सकता है. मेकर्स अपनी तरफ से लगभग हर तैयारी कर चुके हैं और रिपोर्ट्स में कुछ कंफर्म कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने आ गए हैं.बिग बॉस 18 के प्रोमो को सलमान खान ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर किया है, जिससे फैन्स की एक्साइटमेंट काफी ज्यादा बढ़ गई है. प्रोमो शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने इसकी थीम भी रिवील कर दी है. प्रोमो के मुताबिक, इस साल बिग बॉस 18 का सारा खेल ही टाइम ट्रेवल का होगा.

अब जब प्रोमो आ गया है तो कंटेस्टेंट्स के नाम भला पीछे कैसे रह सकते हैं ? इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ कंटेस्टेंट्स के नाम कंफर्म हो गए है.

**शोएब इब्राहिम और धीरज धूपर की एंट्री**

ऐसा अटकलें थीं कि धीरज धूपर और निया शर्मा बिग बॉस 18 में आने वाले हैं. वहीं, अब कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में शोएब इब्राहिम कां नाम भी शामिल हो गया है. शो के लिए शोएब का नाम पर लंबे समय से लिया जा रहा था और एक्टर ने खुद इस शो में जाने से इनकार किया था. इंडियन एक्सप्रेस ने सोर्स के हवाले से बताया कि जब कोई बिग बॉस साइन करता है, तो वो एक एनडीए (नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट) के साथ आता है, इसलिए वो पहले से ही इस खबर को कंफर्म नहीं करते. बिग बॉस ओटीटी 3 के दौरान, साई केतन राव ने भी पहले इस खबर को नकारा था, लेकिन बाद में शो में दिखे थे, इसलिए शोएब आने वाले सीजन का हिस्सा होने वाले हैं.

**बिग बॉस 18 में होंगे 18 कंटेस्टेंट्स**

इंडियन एक्सप्रेस ने सोर्स के हवाले से बताया कि इस साल शो में कुल 18 कंटेस्टेंट होंगे. इसके अलावा, ईशा कोप्पिकर भी बिग बॉस 18 में दिख सकती हैं. शुरू में ईशा बिग बॉस मराठी के लिए बातचीत कर रही थीं, लेकिन हिंदी वर्जन के साथ एक्सपोजर को देखते हुए, वो सलमान खान वाले शो में शामिल हो सकती हैं. कुछ दिनों पहले ऐसा खबरें थीं कि धीरज इस सीजन में हाईएस्ट पेड कंटेस्टेंट होंगे. उन्हें शो में आने के लिए 5 करोड़ रुपये की पेशकश की गई थी.

# बिग बॉस फेम अब्दु रोजिक ने दिया फैन्स को झटका, सगाई के 5 महीने बाद तोड़ा रिश्ता

'बिग बॉस 16' फेम अब्दु रोजिक अपनी पर्सनालिटी से सभी को इंप्रेस कर ले जाते हैं. बिग बॉस के होस्ट और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान भी उनसे बहुत खुश रहते थे. अब्दु ने 24 अप्रैल, 2024 को 19 वर्षीय अमीरा से सगाई की थी. इसके बाद से ही वो अपनी शादी को लेकर बहुत चर्चा में हैं. अब्दु के फैन्स उनके निकाह का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. साथ ही उनकी दुल्हन को देखने के लिए भी काफी बेताब हैं. ऐसे में अब अब्दु के फैन्स के लिए बुरी खबर है.



अब्दु ने अमीरा से शादी तोड़ ली है. अब्दु की इस घोषणा के बाद सभी को झटका लगा है.कजाकिस्तान के सिंगर अब्दु ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी शादी जुलाई 2024 में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पोस्टपोन कर दिया गया.

अब्दु ने ई टाइम्स के साथ बातचीत में बताया, मुझे बहुत दुख हो रहा है कि मैं अब ये शादी तोड़ रहा हूं. जैसे-जैसे हमारा रिश्ता डेवलप हो रहा था, उसमें सांस्कृतिक मतभेद होने लगे. ऐसे में इन सब की वजह से हमें ये रिश्ता तोड़ना पड़ा. उन्होंने कहा कि वो दृढ़ निश्चय वाले इंसान हैं. वो हर रोज जिंदगी के चैलेंज का सामना करते हैं. उन्हें अपनी लाइफ में ऐसा लाइफ पार्टनर चाहिए जो दिमागी रूप से मजबूत हो जो इन चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो.

**प्यार की तलाश रहेगी जारी**

अब्दु ने कहा कि उनके जीवन में प्यार की तलाश जारी रहेगी. सिंगर ने कहा, मैं जो भी हूं आज, उसके लिए सभी लोगों का हमेशा आभारी रहूंगा. क्योंकि मैं जैसा हूं वैसा ही हूं, आप सभी मुझे जानते हैं मुझे अपने होने पर कभी दुख नहीं होता. मैंने जो रिश्ते और दोस्ती बनाई है, मैं उसे हमेशा संजोकर रखूंगा. भविष्य में मुझे फिर से प्यार मिलने की उम्मीद है. मैं आपकी शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं.

**कब हुई शादी ?**

AE के शारजाह में अब्दु रोजिक ने 24 अप्रैल, 2024 को अमीरा के साथ सगाई की थी. उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टा पर पोस्ट करके दी थी. उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया था. वीडियो के कैप्शन में लिखा था, मैंने कभी ये नहीं सोचा था कि मुझे कोई ऐसा मिल जाएगा जो मेरी सभी खामियों को नजरअंदाज कर देगा. मुझे यकीन नहीं हो रहा कि मैं इतना लकी हूं. मैं शब्दों को बयां नहीं कर सकता हूं.

अब्दु 19 वर्षीय अमीरा से 7 जुलाई को निकाह पढ़ने वाले थे. इसके लिए वह काफी खुश भी थे. हालांकि एक बॉक्सिंग मैच की वजह से उन्होंने इसे पोस्टपोन कर दिया था. वहीं अब अब्दु ने अपनी शादी तोड़ने की घोषणा कर दी है.

**कैसे अमीरा से मिले थे अब्दु ?**

'खलीज टाइम्स' से बातचीत में अब्दु रोजिक ने बताया था कि वह अमीरा से कहां और कैसे मिले थे. उन्होंने कहा था, 'मैं अमीरा से दुबई मॉल में Cipriani Dolci पर मिला था. ये फरवरी 2024 की बात है.